दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — तीन निगम, एक पालिका और छह नगर...
4 अभिव्यक्ति — गांवों से ही निकलेगा विकास का रास्ता...
9 मनोरंजन/खेल — तेलगू फिल्म के लिये 20 करोड़ की फीस लेंगी...
11 व्यापार — 18 सरकारी बैंकों में 1.48 लाख करोड़...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2020, श्रावण शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-83 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

ग्रामीणों का पक्ष लेने पर नक्सलियों ने की दो साथियों की हत्या

■ तीन नागरिकों की भी की बेदम पिटाई, दंतेवाड़ा जिले का वाकया

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत मिच्चीपारा के जंगलों में नक्सलियों ने ग्रामीणों का पक्ष लेने पर अपने दो साथियों की गला रेतकर हत्या कर दी। वहीं तीन नागरिकों की बेदम पिटाई भी कर दी। नक्सली ग्रामीणों को को एक सड़क खोदने के लिए कह रहे थे, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया। जिससे भड़के नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने यह जानकारी दी है। पांचों लोग पोटाली के धुर्वापारा के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ये बताया दंतेवाड़ा एसपी पल्लव ने

दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने घटना की जानकारी देते हुये बताया कि घटना में मारे गए दोनों मृतक नक्सलियों के अपने ही साथी हैं। बजरंग वेट्टी उर्फ भीमा मिलिशिया कमांडर और टिडो मंडावी जनमिलिशिया सदस्य थे। नक्सली ग्रामीणों से पोटाली-अरनपुर सड़क खोदने को कह रहे थे। ग्रामीणों ने मना किया तो वे भड़क गए। इस पर नक्सलियों ने ग्रामीणों की पिटाई की और 2 अपने ही नक्सली साथियों की ग्रामीणों की पैरवी करने के लिये हत्या कर दी। मलंगीर दलम के सक्रिय नक्सली सोमारू और जयलाल ने पूरी घटना को अंजाम दिया है।

पांच लाख के इनामी सहित 12 नक्सलियों ने किया समर्पण

दंतेवाड़ा जिले में पांच लाख की इनामी महिला नक्सली दशमी सहित कुल बारह नक्सलियों ने आत्म समर्पण कर दिया है। उधर, दंतेवाड़ा में बुधवार को किरंदुल थाने में 11 नक्सली सदस्यों ने समर्पण कर दिया। इस बीच, पुलिस ने नीलावाया से एक लाख रुपये के इनामी नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है।

आज बेबाक

कोरोना के खिलाफ भारत की जंग जारी है, किन्तु हालात बेकाबू हो रहे हैं। कोरोना के बढ़ते ग्राफ ने महंगाई को भी मात दे दी है। इसकी सबसे बड़ी वजह सरकार की ढुलमूल नीति है। कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए उसने दिशा निर्देश जारी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। उनका पालन हो रहा है या नहीं यह देखने की किसी को फुर्सत नहीं है। कायदे से पूरे देश में धारा 144 का कड़ाई पूर्वक पालन कराना चाहिए। तभी सोशल डिस्टेंसिंग का आव्हान सफल होगा और कोरोना वायरस के सामुदायिक संक्रमण की चपेट में आने से भारत बच पाएगा।

वन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में सीएम बघेल का ऐलान

गोबर खरीदी का पहला भुगतान 5 अगस्त को

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में हरेली पर्व पर शुरू हुई दो रुपए किलो की दर से गोबर खरीदी गोधन न्याय योजना का पहला भुगतान 5 अगस्त को किया जाएगा। यहीं नहीं इस योजना से अब लॉकडाउन में दूसरे राज्यों से लौट आए युवाओं को भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में यह बात स्पष्ट कर दी। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि गोधन न्याय योजना की शुरुआत 20 जुलाई को गोबर खरीदी शुरू कर की गई थी। इसके लिए 15वें दिन 5 अगस्त को गोबर विक्रेताओं को राशि का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने मुख्य सचिव को सहकारी और ग्रामीण बैंकों सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गोबर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बैंक खाते में सीधे अंतरित की जाएगी राशि

अन्य राज्यों से लौट आए युवाओं को भी जोड़ा जाएगा योजना से

गोबर खरीदी का समय निर्धारित करने के भी निर्देश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गौठानों में गोबर खरीदी का समय निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गौठानों में वेटनरी डॉक्टरों और गौ-सेवकों के भ्रमण के कार्यक्रम भी तय किए जाए और लोगों की जानकारी के लिए गौठानों के सूचना पटल में प्रदर्शित किए जाए। बघेल ने गौठानों और चारागाहों की देखभाल के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाए।

लौट आए युवाओं को योजना से जोड़ने दिए ये निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों से बस्तर लौटे युवाओं को वनोपज संग्रहण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों में और गोधन न्याय योजना में जोड़कर अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर और डीएफओ बैठक कर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कार्य योजना तैयार करे।

वनोत्पादों को सुरक्षित रखने कोल्ड स्टोरेज नेटवर्क पर जोर

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आयुर्वेदिक कम्पनियों को छत्तीसगढ़ में ही प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कृषि, उद्यानिकी और वनों में उत्पादित फसलों को सुरक्षित रखने के लिए पूरे प्रदेश में कोल्ड स्टोरेज नेटवर्क स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि और उद्यानिकी विभाग पी.पी.पी. माडल पर कोल्ड स्टोरेजों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना से बचाव के लिए बढ़ा निषेधाज्ञा का दायरा

■ अब 14 जिलों के नगरीय इलाकों में हुआ लागू

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर/दुर्ग/रायगढ़/ कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए निषेधाज्ञा आदेश का दायरा बढ़ता जा रहा है। अब प्रदेश के 14 जिलों में निषेधाज्ञा आदेश लागू कर दिया गया। हालांकि यह आदेश शहरी इलाकों में ही है, लेकिन जहां भी इसे लगाया है, वहां पुलिस की ओर से कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को दुर्ग, बिलासपुर और दंतेवाड़ा सहित 6 जिलों में निषेधाज्ञा आदेश लागू कर दिया गया। जबकि बुधवार को यह रायपुर, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फोटो- बिलासपुर

आज से यहां भी निषेधाज्ञा आदेश

इसके अलावा मुंगेली में मुंगेली, लोरमी, पथरिया विकासखंड में 23 जुलाई की रात निषेधा आदेश प्रभावी हो चुका होगा। इसको लेकर कलेक्टर पीएस एल्मा ने आदेश जारी किया है। अंबिकापुर में भी यह लागू हो जाएगा। दंतेवाड़ा में नगर पालिका क्षेत्र बचेली, किरंदुल, दंतेवाड़ा, गीदम, बारसूर में आदेश प्रभावी हो जाएगा। बालोद, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा के भी कुछ नगरी इलाकों में निषेधाज्ञा प्रभावी हो जाएगी।

अच्छी खबर

भारतीय मिक्स्ड रिले टीम को एशियाई खेलों का गोल्ड

नई दिल्ली /(वार्ता)। भारत की चार गुना 400 मीटर की मिक्स्ड रिले टीम को बहरीन टीम को अयोग्य घोषित किये जाने के बाद 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक दिया गया है। मोहम्मद अनस, एमआर पूवम्मा, हिमा दास और अरोकिया राजीव की चौकड़ी के नाम अब स्वर्ण पदक आ गया है जबकि अनु राघवन का महिला 400 मीटर बाधा दौड़ में चौथा स्थान कांस्य पदक में बदल गया है। बहरीन की चार गुना 400 मीटर की मिक्स्ड रिले टीम ने स्वर्ण पदक जीता था लेकिन बहरीन के केमी एडेकोया को डोपिंग में दोषी पाया गया है और एथलेटिक्स इंटेग्रिटी यूनिट ने उन पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बहरीन के हाथों से उसका स्वर्ण पदक छिन गया है।

सुकमा में 36 सीआरपीएफ जवानों की कोरोना रिपोर्ट आई पॉजिटिव

जगदलपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा में केन्द्रीय सुरक्षा बल के 36 जवान कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। छुट्टी से लौटे सभी जवानों को क्वारंटाइन सेंटर में रखा गया था। सुकमा कलेक्टर चंदन कुमार कश्यप ने बताया कि अलग-अलग क्वारंटाइन सेंटर में रखे जवानों की जांच किये जाने पर केन्द्रीय सुरक्षा बल के 36 जवान कोरोना पॉजिटिव पाये गये। जिन्हें उपचार के लिए जगदलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। कश्यप ने बताया कि सीमावर्ती राज्य ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेंलगांना सीमा सील की गयी है। आवश्यक सेवा को छोड़कर अन्य वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

मप्र : भाजपा के पूर्व मंत्री समर्थकों संग कांग्रेस में

भोपाल/ नवप्रदेश। भाजपा नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री के एल अग्रवाल गुरुवार को यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व सीएम कमलनाथ ने कांग्रेस के चिन्ह से युक्त दुपट्टा पहनाकर अग्रवाल को विधिवत कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। गुना जिला निवासी अग्रवाल के समर्थक भी कांग्रेस में आए हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और कांग्रेस पदाधिकारी भी मौजूद थे। अग्रवाल ने मीडिया से कहा कि वे कमलनाथ के कार्य करने के तरीके से प्रभावित होकर कांग्रेस में आए हैं।

कांग्रेस के एक और विधायक का इस्तीफा

गुरुवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस को एक और झटका लग गया। कांग्रेस के एक और विधायक नारायण सिंह पटेल ने विधायकी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा का अपना इस्तीफा सौंपा। बताया जा रहा है कि वे भी जल्द ही भाजपा में शामिल होंगे।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	12,57,828	30,058
अमेरिका	41,03,674	1,46207
ब्राजील	2,234,602	82,925
ब्रिटेन	296,377	45,501
मैक्सिको	3,62274	41,190
इटली	245,032	35,082
फ्रांस	178,336	30,172
स्पेन	3,14631	28,426
ईरान	2,84034	15,074
रूस	795,038	12,892

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 38140.47
निफ्टी- 11215.45
गोल्ड- 50380 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 60956 (1 कि ग्रा.)

राजस्थान संकट

पायलट खेमे का भविष्य सुप्रीम फैसले पर निर्भर

■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा हाईकोर्ट का कोई फैसला उसके अंतिम निर्णय पर करेगा निर्भर

नई दिल्ली/(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने संबंधी राज्य विधानसभा अध्यक्ष का अनुरोध गुरुवार को ठुकरा दिया। न्यायालय ने हालांकि, यह स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस नेता सचिन पायलट एवं उनके खेमे के 18 विधायकों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में उच्च न्यायालय का कोई भी फैसला शीर्ष अदालत के अंतिम निर्णय पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विस अध्यक्ष ने हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

विधानसभा अध्यक्ष ने राजस्थान उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसने शुक्रवार तक सचिन पायलट और उनके खेमे के 18 विधायकों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। याचिका में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

उपचुनावों पर चुनाव आयोग की बैठक आज

नई दिल्ली/(वार्ता)। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि 56 विधानसभा सीटों तथा एक संसदीय सीट के उपचुनाव का फैसला जल्दी लिया जाएगा। शुक्रवार को होने वाली बैठक में इन सीटों के उपचुनाव के बारे में विचार किया जाएगा। आयोग ने गुरुवार को यहां एक विज्ञप्ति में ये बाते कही हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आठ विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव सात सितंबर तक स्थगित किये गए है लेकिन शुक्रवार की बैठक में सभी सीटों के उप चुनाव बारे में विचार किया जाएगा। आयोग ने कहा कि 22 जुलाई को आयोग के वरिष्ठ प्रधान सचिव सुमित मुखर्जी द्वारा जारी विज्ञप्ति से मीडिया में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी इसीलिए यह स्पष्ट किया जाता है कि आठ विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के बारे में जो फैसला लिया गया था वह एक विशेष परिस्थिति में लिया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ सिर्फ 8 सीटों पर 7 सितंबर तक होने वाले चुनावों को किया स्थगित

महिला, मारपीट के चक्कर में नप गए दो नप के सीएमओ

■ एक गिरफ्तार, दूसरा सस्पेंड, प्रकरण दर्ज

बेमेतरा/जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। प्रदेश की दो नगर पंचायतों के सीएमओ के खिलाफलाफमारपीट व महिलाओं से जुड़े अपराध को लेकर बुधवार को प्रकरण दर्ज किया गया। इनमें से एक सीएमओ की गिरफ्तारी भी हो गई।

बात हो रही है बेमेतरा की नवागढ़ तथा जांजगीर चांपा की चंद्रपुर नगरपंचायत के सीईओ क्रमशः यमन देवांगन तथा मुन्नालाल देवांगन की। बुधवार की रात को नवागढ़ के लोगों ने यमन देवांगन के घर का घेराव कर दिया था। लोगों का आरोप है कि यमन आए शराब पार्टी व गैर महिलाओं से अय्याशी करता है। मामला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चंद्रपुर नप सीएमओ सस्पेंड

वहीं जांजगीर चांपा जिले के मामले में चंद्रपुर नगर पंचायत सीएमओ मुन्नालाल देवांगन पर नगर पंचायत के एक स्टाफकी पत्नी ने अश्लील मैसेज भेजने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर चंद्रपुर थाने में मुन्नालाल के खिलाफछेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज कर लिया गया। मामला दर्ज होती ही नगरीय प्रशासन विभाग ने मुन्नालाल को सस्पेंड भी कर दिया।

गरमा-गरम

राखीनीति — भाजपा नेता सरोज पांडेय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राखी-पत्र भेज की थी शराबबंदी की मांग

...जब सियासी बहन की सियासी मांग पर भी सीएम ने दिखाई गंभीरता

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। राखी के बहाने एक सियासी बहन का तोहफा मांगना और उसको बतौर राखी गिफ्ट देने का वादा दुहराने की सियासी हलकों में खासी चर्चा रही। दरअसल भाजपा की राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राखी और पत्र भेज शराबबंदी की सियासी मांग का दांव फेंका था। पांडेय ने प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की मांग की थी। बघेल ने सियासी बहन की सियासी मांग को भी पूरी गंभीरता से लेकर उन्हें आश्वस्त करने वाला जवाब दिया। बघेल ने ट्वीट कर जवाब में लिखा- 'आपका भाई भूपेश आपसे वादा कर रहा है कि छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी होकर रहेगी।' सीएम ने कहा साथ ही आपका आभार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ बोले- आपके भाई का वादा- प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी होकर रहेगी

...और बयानों का दौर उफान पर

भाई-बहन के रिश्तों पर भी राजनीति से नहीं चूकते भाजपा नेता : नेताम

बहरहाल पांडेय की इस सियासी राखी के बाद कांग्रेस नेताओं ने भी खुलकर बयान जारी किए हैं। बयानों का दौर उफान पर है। राज्य सभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदवी नेताम ने कहा कि रक्षा बंधन जैसे पर्व पर भी राजनीति करने से नहीं चुकते है भाजपा के नेता एवं नेत्रियां। राजनीति में बने रहने के लिये भाई-बहन के रिश्तों पर भी राजनीति कर रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

15 मौके थे बहन सरोज के पास रमन सिंह को राखी भेजने के : त्रिवेदी

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने सरोज पांडे से पूछा है कि 15 लाख सबके खातों में, दो करोड़ रोजगार, हर साल किसानों की आय दुगुनी करने और स्वामिनाथन कमेटी की सिफारिशें लागू करने को लेकर बहन सरोज पांडे ने अपने भाई नरेन्द्र मोदी और भाई अमित शाह को राखी क्यों नहीं भेजती ? बहन सरोज पांडे ने भाई रमन सिंह को राखी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम मोदी का फोकस अपनी छवि बनाने पर

नई दिल्ली/(वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि उनका फोकस अपनी छवि बनाने पर है। गांधी ने गुरुवार को यहां जारी एक वीडियो में कहा कि मोदी के साथ ही देश के राष्ट्रीय संस्थान भी इसी काम में लगे हैं लेकिन उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि एक व्यक्ति की छवि राष्ट्रीय परिकल्पना का विकल्प नहीं हो सकती है। चीन की आक्रामकता से निपटने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि चीन के साथ मानसिक मजबूती से निपटना पड़ेगा और यह तब ही संभव है जब आप खुद मजबूत स्थिति में होंगे। ध्यान यह देना है कि वे कमजोरी नहीं पकड़े, यदि उन्होंने हमारी कमजोरी पकड़ ली तो फिर गड़बड़ है।

चीन-रूस ने अंतरिक्ष में शुरू की 'जंग', जापानी उपग्रह के पास भेजा सैटेलाइट किलर

टोक्यो ए.। दुनिया जहां कोरोना वायरस के लगातार गंभीर होते खतरे से निपटने में जुटी है, वहीं चीन और रूस अंतरिक्ष में जंग छेड़ने की कोशिश कर रहे हैं। टोक्यो के अधिकारियों ने बताया है कि उन्होंने चीन और रूस की किलर सैटेलाइट को जापानी उपग्रह के पास आते हुए देखा है। जापान ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि पेइचिंग और मास्को अंतरिक्ष में सैटेलाइट को डिसेबल करने या नष्ट करने का अभ्यास कर रहे हैं। जापानी अधिकारी ने कहा कि चीन और रूस के सैटेलाइट जापान की सैन्य सैटेलाइट के काफी करीब आ गए हैं। इस बारे में जापान को अमेरिका ने सूचना दी है, क्योंकि टोक्यो के पास अंतरिक्ष में चीन और रूस की सैटेलाइट्स को ट्रैक करने की क्षमता नहीं है। बताया जाता है कि इन्ही सैटेलाइट्स की मदद से जापान खुफिया सूचनाएं इकठ्ठा करता है।

अंतरिक्ष में अमेरिका से भी उलझ चुका है रूस

जापानी न्यूजपेपर योमीरी ने एक शीर्ष अधिकारी के हवाले से बताया कि इस साल के शुरुआत में अमेरिकी टोही सैटेलाइट के पास रूस का कोस्मोस 2542 सैटेलाइट पहुंचा था। जिसके बाद अमेरिका ने भी खतरे की चेतावनी जारी की थी। बताया गया कि रूसी किलर सैटेलाइट अमेरिकी टोही सैटेलाइट के इतना करीब था कि वह उसकी सभी फोटोग्राफिक डिटेल्स को पा सकता था।

अमेरिका के पास सबसे ज्यादा खोजी सैटेलाइट

तब भी अमेरिका ने यही कहा था कि रूस अंतरिक्ष में दुश्मन देश की सैटेलाइट को निष्क्रिय या नष्ट करने का अभ्यास कर रहा है। अमेरिका के पास दुनिया में सबसे ज्यादा खोजी सैटेलाइट्स हैं जो दुनियाभर के देशों की जासूसी के साथ खुफिया सूचनाएं इकठ्ठा करते हैं। अगर इन्हें चीन या रूस में से किसी भी एक देश ने नष्ट कर दिया तो अमेरिका को युद्ध में अंधों की तरह लड़ाई करनी होगी, क्योंकि उसके पास खुफिया सूचनाएं आने में परेशानी होगी।

एंटी सैटेलाइट वेपन के मामले में चीन भी कम नहीं

कहा जाता है कि चीन के पास भी अंतरिक्ष में मार करने की क्षमता है। उसने भी जमीन से हवा में दागे जाने वाले एंटी सैटेलाइट मिसाइल और लेजर गन का विकास किया है। समय आने पर चीन कभी भी अमेरिकी खुफिया सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष में निशाना बना सकता है।

भारत के पास भी अंतरिक्ष में मार करने की क्षमता

भारत ने भी मार्च 2019 में एंटी सैटेलाइट मिसाइल का सफल परीक्षण कर दुनिया को चौंका दिया था। भारतीय मिसाइल ने प्रक्षेपण के तीन मिनट के भीतर ही धरती के लोअर अर्थ ऑर्बिट में मौजूद एक निष्क्रिय सैटेलाइट को नष्ट कर दिया था। एंटी सैटेलाइट वेपन एक हथियार होता है जो किसी भी देश के सामरिक सैन्य उद्देश्यों के लिए उपग्रहों को निष्क्रिय करने या नष्ट करने के लिए बनाया जाता है। आजतक किसी भी युद्ध में इस तरह के हथियारों का उपयोग नहीं किया गया है। लेकिन, कई देश अंतरिक्ष में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन और अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को निर्बाध गति से जारी रखने के लिए इस तरह की मिसाइल सिस्टम को जरुरी मानते हैं।

कोरोना संक्रमण से बचाव में कारगर नहीं फेस शील्ड

नई दिल्ली ए.। फेस शील्ड कोविड-19 संक्रमण से बचाव में कारगर नहीं हैं। ऐसे में इन्हें

मास्क के विकल्प के रूप में कतई नहीं अपनाया जा सकता। स्विट्जरलैंड के अधिकारियों ने एल्प्स के एक रिजॉर्ट में सामने आए कोरोना संक्रमितों में वायरस के प्रसार की वजह खंगालने के बाद यह दावा किया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि पोंतरेसीना स्थित रिजॉर्ट में जिन लोगों ने कोरोना को फैलने से रोकने के लिए फेस शील्ड पहनी थी, वे संक्रमण की जद में आ गए। वहीं, जिन लोगों ने मास्क धारण कर रखा था, उनमें वायरस नहीं फैला। मास्क फेस शील्ड के बिना भी संक्रमण की रोकथाम में उतना ही कारगर मिला, जितना फेस शील्ड के साथ। बीते दिनों रिजॉर्ट में ठहरने आए एक व्यक्ति और दर्जनभर से अधिक कर्मचारियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी। रिसर्च दल से जुड़े यान हलमैन ने बताया कि फेस शील्ड आंख, नाक और मुंह को ढंकते जरूर हैं, लेकिन पूरी तरह से सुरक्षा कवच के रूप में काम नहीं करते। दरअसल, इन्हें लगाने के बाद मुंह के नीचे का हिस्सा खुला रह जाता है, जिससे सार्स-कोव-2 वायरस से लैस एयरोसोल (सांस लेने और बोलने के दौरान नाक-मुंह से निकलने वाली पानी की सूक्ष्म बूंदें) हवा में प्रसारित हो सकते हैं या फिर धारक के शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। हलमैन ने साफ किया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भी फेस शील्ड को कोरोना से बचाव की गारंटी नहीं मानता। तभी तो उसने स्वास्थ्यकर्मियों, सैलून कर्मियों, होटल स्टाफ आदि को फेस शील्ड पहनने के साथ अन्य एहतियाती उपायों पर भी सख्ती से अमल करने की सलाह दी है।

अमेरिका से सीख ले भारत

कोलकाता में बंद करे चीनी वाणिज्य दूतावास: ब्रह्मा चेलानी

वॉशिंगटन/पेइचिंग/नई दिल्ली। जासूसी के आरोपों के बाद अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में चीन के वाणिज्य दूतावास को 72 घंटे में बंद करने के बाद अब भारत में भी इसी तरह की मांग उठ रही है। सामरिक मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी का कहना है कि भारत के पास अमेरिका की तरह से ऐक्शन लेने के कई बड़े कारण हैं। उन्होंने सरकार को सलाह दी है कि भारत को चीन के कोलकाता स्थित वाणिज्य दूतावास को बंद कर देना चाहिए।

चेलानी ने कहा, 'चीन के आक्रामक रूख का सामना कर रहे भारत के पास ऐसा करने के कई कारण मौजूद हैं। चीन को यह दिखाने के लिए कि भारत केवल बात नहीं करता है, पीएम मोदी को अपने पूर्ववर्ती सरकार के वर्ष 2006 के कोलकाता में वाणिज्य दूतावास को खोलने की अनुमति देने के फैसले को वापस ले लेना चाहिए। पिछली सरकार ने वर्ष 1962 में ल्हासा में भारत के वाणिज्य दूतावास को बंद करने के चीन के फैसले के वापस लेने से पहले ही बीजिंग को कोलकाता में अनुमति दे दी थी।

कोलकाता के लिए अनुमति देना बड़ी गलती'

उन्होंने कहा कि चीन के ल्हासा में वाणिज्य दूतावास खोलने की अनुमति दिए बिना कोलकाता के लिए अनुमति देना, अपने आप में बड़ी गलती था। चीन पूर्वोत्तर खासतौर पर सिलीगुढ़ी कॉरिडोर को लेकर नापाक मंसूबा रखता है। डोकलाम की घटना ने इसे दिखाया भी था। चेलानी ने बताया कि वर्ष 1952 में तिब्बत की हार (चीनी कब्जा) के बाद भारत का ल्हासा में दूतावास वाणिज्य दूतावास में बदल गया था। बाद में चीन सरकार ने उसे भी 1962 में बंद कर दिया था।

चीन के और दूतावासों को बंद कर सकता है अमेरिका

ट्रंप ने कहा कि अगर चीन अपना व्यवहार नहीं बदलता है तो और दूतावासों को बंद किया जा सकता है। उन्होंने वाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, 'ऐसा हमेशा संभव है।' विदेश विभाग ने कहा कि उसने 72 घंटों के भीतर वाणिज्य दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। उसने आरोप लगाया कि चीनी एजेंटों ने टेक्सास में संस्थानों से डेटा चुराने की कोशिश की। चीन के महावाणिज्यिक दूत काई वेई ने ह्यूस्टन में केटीआरके-टीवी को बताया कि बंद करने का आदेश 'पूरी तरह गलत' और अमेरिका-चीन संबंधों को 'बहुत नुकसान' पहुंचाने वाला है। जासूसी और डेटा चुराने के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर काई ने कहा, 'आपको सबूत देने होंगे, तथ्यों के आधार पर कुछ कहें...आपके पास कानून की व्यवस्था है, जब तक आप दोषी साबित नहीं होते तब तक आप दोषी नहीं होते।' विदेश विभाग की प्रवक्ता मोर्गन ओर्टागस ने एक बयान में कहा कि दूतावास बंद करने का उद्देश्य 'अमेरिका की बौद्धिक संपदा और अमेरिकियों की निजी सूचना की सुरक्षा' करना है। वहीं चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, 'ह्यूस्टन में इतने कम समय में चीन के वाणिज्य दूतावास को बंद करने का एकतरफा फैसला चीन के खिलाफहाल में उठाए उसके कदमों में अभूतपूर्व तेजी दिखाता है।' उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका अपना फैसला नहीं पलटता है तो उसे इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे।

असम बाढ़ : 26 लाख प्रभावित, 89 की मौत

खेतों में घुसा पानी और जानवर बेहाल

गुवाहाटी ए.। कोरोना महामारी के बीच असम भारी बाढ़ की चपेट में है। असम के 26 जिले बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हैं। बुधवार तक बाढ़ जनित घटनाओं में 89 की जान जा चुकी है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, असम में बाढ़ से बारपेटा, डिब्रूगढ़, कोकराझर, बोंगाईगांव और तिंसुकिया में सबसे ज्यादा असर हुआ है। यहां करीब 26,31,343 लोग प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ने से 2,525 गांवों में पानी भर गया है। इससे 1,15,515.25 हेक्टेयर फसल बर्बाद हो गई है। काजीरंगा नैशनल पार्क में बाढ़ की वजह से 120 जानवरों की मौत हो गई जबकि 147 को रेस्क्यू किया है। पार्क का 80 प्रतिशत हिस्सा डूब गया है।

असम की इस बाढ़ में काजीरंगा नैशनल पार्क के कई गैंडों की मौत हो गई है।

391 राहत कैंपों से 45,281 लोगों की मदद

कई हिरण पानी ब्रह्मपुत्र के बहाव में इधर-उधर बह गए हैं। इसके अलावा काजीरंगा में पानी भरने से कई जानवर सड़क पार करके दूसरी ओर जाते दिखे। वर्तमान में 391 राहत कैंप 45,281 लोगों की मदद कर रहे हैं। एसडीआरएफ,एनडीआरएफ, सर्कल अधिकारी और स्थानीय लोगों ने 452 लोगों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया। बाढ़ के चलते सड़कें और पुल बर्बाद गए।

'स्वर्ग से सवाल...' चीन ने मंगल के लिए लॉन्च किया पहला मिशन

बीजिंग ए.। चीन ने गुरुवार को स्वतंत्र रूप से पहला मंगल मिशन लॉन्च किया। 2022 तक स्पेस स्टेशन बनाने की महत्वाकांक्षा रखने वाले देश के लिए यह एक मील का पत्थर है। Tianwen-1 नाम से लॉन्च किए गए इस मिशन से चीन उस क्लब में शामिल हो गया है जिसमें अमेरिका, यूरोप, रूस और भारत और यूएई ही हैं। चीन ने 2011 में पहला मंगल यान Yinghuo-1 नाम से लॉन्च किया था, लेकिन यह फेल हो गया था। गुरुवार को चीनी आधिकारिक मीडिया ने बताया कि हैनान प्रांत स्थित वेंशांग स्पेसक्राफ्ट से 12:41 बजे देश के सबसे बड़े लॉन्च वीइकल मार्च-5 रॉकेट के जरिए 5 टन वजनी अंतरिक्ष यान Tianwen-1 को लॉन्च किया गया। शिन्हुआ ने चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (CNSA) के हवाले से बताया 36 मिनट बाद अंतरिक्ष यान, जिसमें एक ऑर्बिटर और रोवर है, अर्थ-मार्स ट्रांसफर ऑर्बिट में ट्रांसफर किया गया। यह मिशन करीब 7 महीने में पूरा होगा। Tianwen एक मंदारिन शब्द है, जिसका अर्थ होता है- स्वर्ग से सवाल, इसे प्राचीन चीन (340-287 बीसी) के एक महान कवि क्यू युआन की कविता से लिया गया है।

लंदन हाई कोर्ट का फैसला

निजाम के सिर्फ दो वंशजों में बंटेगा पैसा, बाकी की याचिका खारिज

हैदराबाद ए.। लगभग सात दशकों से लंदन बैंक में अटका निजाम का पैसा अब सातवें निजाम मीर उस्मान अली खान के पोतों मुकर्रम जाह, मुफ्फखम जाह और भारत सरकार को मिलेगा। लंदन हाई कोर्ट ने बुधवार को हैदराबाद रियासत के बाकी दावेदारों के दावे को खारिज कर दिया। कुल 332 करोड़ रुपये की संपत्ति का बंटवारा होना है, जिसका मुकदमा लंबे समय से चल रहा है।

आखिरी निजाम के पोते नजफ अली खान समेत कुल 120 से ज्यादा लोगों ने दावा किया था कि इन पैसों में उन्हें उनका हक नहीं मिल रहा है। इन लोगों ने शिकायत की थी भारत सरकार और निजाम के बाकी दोनों पोतों के बीच हुए गुप्त समझौते में पैसों का बंटवारा हो गया है। इस दावे को लंदन हाई कोर्ट ने सिरे से खारिज कर दिया है। पिछले साल की लंदन हाई कोर्ट ने इस पैसे पर पाकिस्तान का दावा खारिज किया था और निजाम के दो वंशजों के साथ-साथ भारत सरकार को भी इसका हिस्सेदार माना था। निजाम फैमिली वेलफेयर असोसिएशन की अगुवाई कर रहे नजफ अली खान ने ने भी इन पैसों पर अपना दावा किया था। लंदन हाई कोर्ट के फैसले के बाद उन्होंने कहा कि मुझे और 116 अन्य वंशजों को बिलकुल समझ नहीं आया कि भारत सरकार और निजाम के दो वंशजों के बीच यह पैसा किस आधार पर बांट दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जज को इस फैसले पर फिर से विचार करना चाहिए।

पाकिस्तान के क्वेटा में 73 साल बाद गुरुद्वारा सिखों के हवाले

क्वेटा ए.। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सरकार ने 200 साल पुराने एक गुरुद्वारे को 73 साल बाद सिख समुदाय को सौंप दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। डॉन न्यूज के मुताबिक, शहर के मध्य में मस्जिद रोड पर स्थित सिरी गुरु सिंह गुरुद्वारा को 1947 से एपीडब्ल्यूए गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। प्रांतीय संसदीय सचिव और मुख्यमंत्री के अल्पसंख्यक मामलों के सलाहकार, दिनेश कुमार ने बुधवार को कहा, 'सिख समुदाय के लिए गुरुद्वारे को धार्मिक क्रियाकलापों के लिए बहाल करना बलूचिस्तान सरकार का ऐतिहासिक फैसला है।' एबीडब्ल्यूए गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को आसपास के स्कूलों में दाखिला लेने के लिए कहा गया है। बलूचिस्तान में सिख समुदाय समिति के अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह ने इस कदम का स्वागत किया और इसे 'प्रांत में रहने वाले सिख समुदाय को बलूचिस्तान सरकार की ओर से उपहार बताया।' डॉन न्यूज ने सिंह के हवाले से कहा, 'प्रांत का सिख समुदाय इस बात से बहुत खुश है कि हमारे प्राचीन गुरुद्वारे को पाकिस्तान की सरकार और बलूचिस्तान हाई कोर्ट ने 73 साल बाद हमें सौंप दिया है और अब हम वहां अपना धार्मिक क्रिया कलाप जारी रख सकते हैं।

पीएम मोदी को चिट्ठी लिखने पर राजस्थान की सियासत फिर तेज

पूनियां ने कहा- सीएम गहलोत ने मान ली हार

जयपुर ए.। राजस्थान में राजनीति पारा लगातार उफान पर दिखाई दे रहा है। यहां लगातार आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब सीएम अशोक गहलोत की ओर से पीएम नरेंद्र मोद को लिखी गई चिट्ठी को लेकर बीजेपी, कांग्रेस पर हमलावर है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने टिप्पणी करते हुए सीएम अशोक गहलोत को घेरा है। पूनियां ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गहलोत सरकार और कांग्रेस के आरोपों पर अपनी सफाई दी। साथ की कांग्रेस और गहलोत सरकार को कोरोना और सरकार गिराने जैसे मामलों पर घेरा। पूनियां ने कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नैतिक रूप से हार मान चुके हैं। पूनियां ने कहा कि कोई मुख्यमंत्री इस तरह का पत्र प्रधानमंत्री को लिखता नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौराना बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष पूनियां ने कहा कि कांग्रेस पाप करती है, दोष करती है और भूल जाती है। पूनियां ने कहा कि कुछ समय पहले गुजरात के विधायकों की मेहमानवाजी किसने की, क्या सरकार ये बात भूल गई। पूनियां ने कहा कि कांग्रेस के राज में कई बार सरकारों को अपदस्थ किया गया है। 80 के दशक सभी को याद हैं कि जब इंदिरा गांधी के काल में सभी चुनी गई सरकारों को अपदस्थ कर दिया गया था। एक राजीव गांधी का प्रसंग आता है कि जब प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए राजीव गांधी ने बूटा सिंह से मजाक में कहा था कि 'बूटा सिंह जी अपनी कृपाण अंदर रखिये, ये कितनी सरकारों की बली लेगी। पूनियां ने कहा कि मुझे लगता है कि सरकार गिराने की परंपरा कांग्रेस की रही है।

बगैर मास्क चलने पर एक लाख का जुर्माना, दो साल की जेल भी...

झारखंड में कोरोना काल के लिए बना बेहद सख्त नियम

सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन किया तो भी फंसेंगे

हेमंत सरकार का कड़ा और बड़ा फैसला

रांची ए.। झारखंड मंत्रिपरिषद ने आज झारखंड संक्रामक रोग अध्यादेश 2020 समेत 39 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इस अध्यादेश के तहत कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग और आईसीएमआर द्वारा जारी दिश-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी। इसके तहत एक लाख रुपये तक जुर्माना और दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

हाल के कुछ दिनों में झारखंड में कोरोना के मामले तेजी से बढ़े हैं। सरकार का मानना है कि लोगों की लापरवाही ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है। लिहाजा झारखंड सरकार ने एक नया नियम बना दिया है और उसे अस्तित्व में भी ले आई है। इन नए नियम के मुताबिक अगर सड़क पर, बाजार में या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कोई शख्स या समूह बगैर मास्क के मिला, सोशल डिस्टेंसिंग को तोड़ते हुए दिखा या फिर दफ्तरों और दुकानों के लिए कोरोना काल में तय किए गए मानकों का उल्लघंन मिला तो कड़ी और बड़ी सजा मिलेगी। नए नियम को तोड़ने पर न सिर्फ एक लाख रुपये का भारी भरकम जुर्माना वसूला जाएगा बल्कि दो साल तक की जेल भी हो सकती है।

झारखंड सरकार के नए प्रतीक चिन्ह को मंजूरी

झारखंड राज्य सरकार के नए राज्य चिन्ह के निर्धारण एवं अंगीकरण की स्वीकृति दी गई। यह आगामी 15 अगस्त से लागू होगा। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य अंतर्गत वार्षिक, माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2020 के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। इसके तहत जैक बोर्ड, सीबीएसई व एससीईआई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को नकद पुरस्कार राषि भी देने का निर्णय लिया गया है।

मैट्रिक में प्रथम क्षेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थी को एक लाख नकद, द्वितीय स्थान पर रहने वाले को 75 हजार व तीसरे स्थान पर रहने वाले को 50 हजार नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 3 लाख, दूसरे स्थान पर रहने 2 लाख व तीसरे स्थान पर रहने वाले को 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। मंत्रिपरिषद ने झारखंड राज्य योजना अंतर्गत शहीद ग्राम विकास योजना की अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई। वहीं वित्तीय वर्ष 2020-21 बिजली अनुदान को लेकर बजट प्रावधानित राशि 3 अरब 50 करोड़ मात्र के विरुद्ध 3 अरब 50 करोड़ मात्र विमुक्त करने की स्वीकृति दी गई। जबकि स्थापना व्यय (विस्तृत) मद अंतर्गत वन विभागीय 18 अस्थायी स्थापनाओं में स्वीकृत 1088 अस्थायी पदों के स्थायीकरण करने की स्वीकृति दी गई। राज्य के 183 अराजकीय प्रस्वीकृति प्राप्त (वित्त सहित) मदरसों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के अनुदान भुगतान की स्वीकृति दी गई। जबकि झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका (संशोधन) नियमावली, 2020 की स्वीकृति दी गई।

तीन निगम, एक पालिका और छह नगर पंचायतों में पार्षदों के चुनाव की तैयारियों में जुटा निर्वाचन आयोग

■ मगरलोड नगर पंचायत के वार्ड 11 में पार्षद पद के लिए होगा उप चुनाव

■ नगर पालिकाओं के आम चुनाव एवं उप चुनाव हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किया कार्यक्रम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के तीन नगर निगम, एक नगर पालिका सहित 6 नगर पंचायतों में पार्षद के आम निर्वाचन तथा नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड क्रमांक 11 में पार्षद के उप चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव तथा उप चुनाव के मद्देनजर एक जनवरी 2020 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में संबंधित जिलों के कलेक्टर सह जिला निर्वाचन अधिकारी को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने की कार्रवाई के लिए दो चरणों में पूरी की जाएगी, जिसके तहत चेकलिस्ट संशोधन पश्चात प्रारूप निर्वाचक नामावली 4 सितम्बर तक मुद्रण हेतु

पीडीएफ तैयार कर निर्वाचन कार्यालय उपलब्ध कराना होगा। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 9 सितम्बर को किया जाएगा। दावा-आपत्तियां 18 सितम्बर तक प्राप्त की जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 अक्टूबर 2020 को होगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई एवं नगर पालिक निगम रिसाली, रायपुर जिला अंतर्गत नगर पालिक निगम बीरगांव, कोरिया जिले की नगर पालिका परिषद शिवपुरचरचा तथा सुकमा जिले की नगर पंचायत कोंटा, बीजापुर जिला अंतर्गत नगर पंचायत भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम, कांकेर जिले की नगर पंचायत नरहरपुर, सूरजपुर जिले की नगर पंचायत प्रेमनगर तथा बेमेतरा जिले की नगर पंचायत मारो में पार्षदों का आम निर्वाचन होना है। इसी तरह धमतरी जिले की नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड क्रमांक 11 में पार्षद के पद के लिए उप चुनाव होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने संबंधित जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में प्रेषित दिशा-निर्देश में फोटो निर्वाचक नामावली तैयार करने की कार्रवाई दो चरणों में पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। प्रथम चरण में निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति 30 जुलाई तक करने को कहा गया है।

■ न्यूज गैलरी

जांच के दौरान पत्नी के संक्रमित होने पर मेडिकल स्टॉप से किया विवाद, मामला दर्ज

रायपुर। कोविड 19 के बढ़ते मामले को देखते हुये भाठागांव उपस्वास्थ्य केन्द्र भाठागांव में कोरोना संक्रमित मरीजों की जांच की जा रही है,जांच के दौरान एक व्यक्ति अपनी पत्नी के पाजिटिव आने पर स्वयं की रिपोर्ट कैसे निगेटिव आई कहकर लोगों की भीड़ एकत्रित कर संक्रमित मरीजों को अस्पताल ले जाने आई वााहन को देखकर निगम कर्मचारी व मेडिकल स्टॉप के साथ विवाद करने लगा। जोन 6 के उप अभियंता पुकेश कुमार साहु 30 वर्ष ने पुरानीबस्ती थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बमलेश्वरी मंदिर के पास भाठागांव थाना पुरानीबस्ती के द्वारा कोरोना जांच शिविर उप स्वास्थ्य केन्द्र भाठागांव में लगाया गया है। जांच के दौरान एक व्यक्ति ने स्वयं की रिपोर्ट निगेटिव व पत्नी का रिपोर्ट पाजिटिव आने पर कोरोना संक्रमितों को ईलाज के लिये अस्पताल ले जाने एंबुलेंस आने पर आसपास के लोगो को भीड इकठ्ठा कर मेडिकल स्टाप एवं नगर निगम कर्मचारी/अधिकारियो से विवाद कर संक्रमण फैलाने का खतरा उत्पन्न किया।

मानसून सत्र टलने के आसार

रायपुर। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के चलते छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र भी टल सकता है। कोरोना महामारी के चलते छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र की बैठकें भी पूरी नहीं पायी थी और सत्र को 26 मार्च को समाप्त कर सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। बजट सत्र के बाद 6 महीने के भीतर मानसून सत्र आयोजित किया जाता है। यह सत्र जुलाई या अगस्त माह में आयोजित किया जाता है, लेकिन इस बार कोरोना महामारी के चलते मानसून सत्र भी टल सकता है। जिस तेज गति से प्रदेश में अब कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ रहा है उससे संभावना यहीं जतायी जा रही है कि मानसून सत्र का आयोजन भी न हो।

लॉकडाउन का उल्लघंन, मामला दर्ज

रायपुर। कलेक्टर के आदेश के बाद शहर में लॉकडाउन के समय सिविल लाईन सर्किट हाउस के पास घूमते पाये जाने पर सत्यनाराय तिवारी एवं दीनू दुबे के खिलाफ लॉकडाउन का उल्खंन करते पाये जाने पर अपराध दर्ज किया गया है। इसी तरह आजाद चौक में कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान बिना मास्क घूमते पाये जाने पर फरीद कुरैशी 38 वर्ष ईदगाह भाठा के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

सीएम ने बिसाहू दास महन्त की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री बिसाहू दास महन्त की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री बघेल ने अपने निवास कार्यालय में स्वर्गीय श्री महंत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मुख्यमंत्री ने श्री महन्त को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उनका पूरा जीवन जनसेवा से जुड़ा रहा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के साथ-साथ सफल राजनेता के रूप में उनकी छवि रही है। श्री महन्त ने अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए अपनी अमूल्य सेवाएं दी है। उन्होंने क्षेत्र में खेती-किसानी, सिंचाई तथा सड़कों के माध्यम से लोगों की बेहतरी के कार्यों को बखूबी अंजाम दिया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वर्गीय श्री महन्त के बताये जनकल्याण के मार्ग पर चलकर प्रदेश में विकास को नये आयाम देने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और शिशुपाल सोरी, छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य-पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा और राजेश तिवारी, महापौर एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे भी उपस्थित थे ।

शहीद चन्द्रशेखर आजाद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की जयंती, स्वर्गीय बिसाहूदास महंत की पुण्यतिथि पर राजीव भवन में श्रद्धांजलि सभा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। महान शहीद चन्द्रशेखर आजाद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की जयंती, अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय बिसाहूदास महंत की पुण्यतिथि पर राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में श्रद्धांजली दी गयी । इस अवसर पर सांसद फूलोदेवी नेताम, खादी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रभारी महामंत्री चन्द्र शेखर शुक्ला, रायपुर विकास प्राधिकरण के सुभाष धुप्पड, महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, वक्फ़ बोर्ड के सलाम रिजवी, प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला, रमेश वल्यानी, महामंत्री पीयूष कोसरे, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, प्रवक्ता अमित श्रीवास्तव, किसान कांग्रेस महामंत्री कमलनयन पटेल, पंकज मिश्रा उपस्थित थे।

रमन सिंह, भूपेश बघेल के प्रति ईर्ष्या रखते हैं : मरकाम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों के हित में, मजदूरों के हित मे, पशुपालकों के हित मे गोबर खरीद रहे हैं तो रमन सिंह जी को तकलीफहोना स्वभाविक है, ईर्ष्या होना स्वाभाविक है। रमन सिंह जी के कार्यकाल में तो एक नहीं अनेकों जगह करोड़ों रुपए का घोटाला गौशाला के नाम पर भाजपा नेताओं ने किया और गाय के मांस के लिए, गाय की चमड़ी के लिए गाय की हत्या का जघन्य कृत्य रमन सिंह जी के 15 साल के कार्यकाल में हुआ। रमन सिंह जी यह बताएं

कि उनको राज्य के खजाने की याद क्यों नहीं आई? मुंबई से करीना कपूर को सेल्फी खिंचवाने के लिए राज्य के खजाने का करोड़ों रूपए खर्च किए गए तब उन्हें राज्य की याद क्यों नहीं आई? डेढ़ सौ करोड़ रुपए वाले बजट वाले जनसंपर्क विभाग में रमन सिंह जी के प्रभारी मंत्री रहते हुए साढ़े 400 रू. खर्च किए गए, कांग्रेस के खिलाफ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी उस समय प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष थे उनके खिलाफ साजिश रचने के लिए जनसंपर्क का पैसा बर्बाद किया गया तब रमन सिंह जी को राज्य के खजाने की याद क्यों नहीं आई? प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि दरअसल रमन सिंह जी 2018 के चुनाव की हार के बाद भाजपा में अप्रासंगिक हो गए हैं भाजपा का कोई भी सच्चा कार्यकर्ता और नेता उनको पसंद नहीं कर रहा है पार्टी में अपनी जगह बनाए रखने के लिए रमन सिंह इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं और खबरों में बने रहना चाहते हैं।

छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने किया पदभार ग्रहण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति जताया आभार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत की उपस्थिति में 21 जुलाई को मध्यान्ह में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, राजेन्द्र तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री श्री भगत ने श्री बाबरा को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही

उपस्थित मंत्रियों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों ने भी शुभकामनाएं और बधाई दी। श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा ने पद ग्रहण पश्चात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में कभी पीछे नहीं रहेंगे और अपने पद के कार्यों को बेहतर तरीके से करेंगे। श्री बाबरा ने अपने सहयोगियों को भी धन्यवाद दिया।

मौसम अपडेट

सरगुजा क्षेत्र में कहीं-कहीं भारी बारिश के आसार

राज्य के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा के आसार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य में 24 घंटे में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा कहीं-कहीं पर भारी बारिश के आसार हैं। वहीं कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना बनी हुई है।

मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो मानसूनी द्रोणिका इस समय बहराइच, गोरखपुर, गया, बांकुरा, कोलकाता और इसके बाद पूर्व दिशा की ओर उत्तर बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। इसके अलावा एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है जो कि बांग्लादेश और इसके आसपास के इलाकों में गांगई क्षेत्रों के ऊपर 7.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है। मौसम विभाग की माने तो आज राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर तेज मेघ गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने और भारी बारिश होने की संभावना

है। इधर मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि राज्य के सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा संभावित है। इसी बीच सूचना आ रही है कि बिलासपुर शहर के अलावा आसपास के इलाकों में अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कल 24 जुलई को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने तथाा मेघ गर्जना के साथ एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके अलावा सरगुजा संभाग और इसके आासपास के इलाकों में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

लॉकडाउन का असर : शहर में हरी सब्जियों की किल्लत

रायपुर। राजधानी रायपुर सहित जिले में लागू लॉकडाउन का असर एक ही दिन में दिखने लगा है। हरी सब्जियों की आवक बंद होने तथा बाजार बंद होने से लोग हरी सब्जियों के लिए भटकने के लिए मजबुर हो गए हैं। हालांकि शहर के कुछ इलाकों में फुटकर विक्रेताओं के यहां जान-पहचान के लोग पहुंच रहे हैं और किसी तरह हरी सब्जियों की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। शहर में टोटल लॉकडाउन का असर अब दिखने लगा है, चौक-चौराहों पर वर्दीधारी प्रत्येक लोगों की चेकिंग कर रहे हैं और घर से बाहर निकलने का कारण भी पूछ रहे हैं। इधर शाम होते ही शहर के कुछ मोहल्लों में फुटकर सब्जी विक्रेताओं के घरों में आसपास के लोगों की दस्तक होने लगी है। हरी सब्जियों की जरूरत सभी परिवार को है, ऐसे में जान-पहचान के लोग फुटकर सब्जी विक्रेताओं के यहां दस्तक दे रहे हैं। बताया जाता है कि हरी सब्जियों के दाम आसमान छूने लगा है। सभी सब्जियों में काम आने वाला टमाटर सीधे 70 से 80 रूपए किलो बिक रहा है। इसी तरह अन्य सब्जियों के दाम भी 60 से 70 रूपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया है। बाहर से आने वाली सब्जियों की खेप पूरी तरह से बंद हो गई है। लिहाजा जिन फुटकर विक्रेताओं के पास थोड़ी-बहुत सब्जियों का स्टॉक है, वे अब मनमाने कीमत पर सब्जियां बेच रहे हैं। हालांकि इस बात की पूरी तरह से मनाही है, लेकिन लोगों की जरूरत भी ऐसी है कि उन्हें किसी भी कीमत पर हरी सब्जियां चाहिए ही। ऐसे में लोग रिस्क लेकर हरी सब्जियां लेने अपने परिचित के सब्जी विक्रेताओं के यहां दस्तक दे रहे हैं।

गोधन न्याय को लेकर डॉ. रमन ने सरकार पर फिर साधा निशाना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। गौधन न्याय योजना और गोबर खरीदी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने एक बार फिर से राज्य के मुखिया पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस योजना का प्रचार-प्रसार किया गया है, उस हिसाब से इस योजना का नाम प्रचार-प्रसार न्याय योजना रखना ज्यादा उचित होता।

अपने ट्वीटर पर एक संदेश जारी करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर फिर से तीखा हमला कर दिया है। इस बार डा. रमन सिंह ने गोबर खरीदी को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा है। अपने पोस्ट में डा. रमन सिंह ने लिखा है-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अविश्वसनीय, अकल्पनीय आर्थिक प्रबंधन देखिए। एक दिन में दो हजार क्विंटल मतलब सिर्फ 4 लाख रूपए का गोबर खरीदा और विज्ञापन व प्रचार-प्रसार में

करोड़ों रूपए खर्च कर दिए। योजना का नाम प्रचार-प्रसार न्याय योजना ज्यादा उचित लग रहा है।

ज्ञात हो कि पूर्व सीएम डा. रमन सिंह राज्य सरकार पर कोई भी हमला करने से नहीं चूक रहे हैं। राज्य सरकार के प्रत्येक योजना पर वे लगातार सवाल उठाते रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस सरकार की इस योजना की सराहना पूरा प्रदेश और खासकर ग्रामीण अंचल की जनता ज्यादा कर रही है। इसके पूर्व भी शराबबंदी को लेकर और हाल ही में आत्मदाह करने वाले युवक हरदेव सिन्हा की मौत पर भी डा. रमन सिंह ने राज्य सरकार पर निशाना साधा था।

संपादकीय

झारखण्ड का अनुसरण करने की जरूरत

झारखण्ड राज्य में कोरोना संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वहां की सरकार ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निर्देशों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का निर्णय लिया है। झारखण्ड सरकार ने एक अध्यादेश पारित कर मास्क न पहनने वालों पर एक लाख रूपए तक का जुर्माना लगाने और दो साल तक की सजा का प्रावधान किया है। निश्चित रूप से झारखण्ड सरकार का यह निर्णय न सिर्फ स्वागतेय है बल्कि अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय भी है। वास्तव में देश के विभिन्न राज्यों में कोरोना वायरस के संक्रमण का जो फैलाव हो रहा है उसका एक बड़ा कारण लोगों की असावधानी भी है जो अभी भी कोरोना को गंभीरता से लेने के लिए तैयार नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि हर व्यक्ति घर से बाहर निकलने पर और अपने कार्य स्थल पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं लेकिन लोग मास्क को अनावश्यक भोज समझने लगे है। सार्वजनिक स्थलों पर बगैर मास्क के घूमते रहते है, जिसकी वजह से कोरोना वायरस के सामुदायिक संक्रमण की स्थिति पैदा होने लगी है। मास्क का विकल्प गमछा भी है लेकिन लोग इसका भी उपयोग नहीं कर रहे है। इसी तरह सोशल डिस्टेंसिंग की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है यदि ऐसा ही चलता रहा तो कोरोना का कहर और तेजी से बढ़ेगा और ऐसी भी स्थिति आ जाएगी कि हालात बेकाबू हो जाए। केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों पर जिम्मेदारी छोड़ कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है और अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने अपने राज्यों में कोरोना की चुनौती से निपटने के लिए क्या कड़े कदम उठा सकते है। झारखण्ड सरकार ने सभी राज्यों को एक रास्ता दिखाया है जिसपर अमल करते हुए सभी राज्यों को चाहिए कि वे भी ऐसे ही अध्यादेश जारी करें और मास्क न पहनने वोले लोगों के खिलाफ भारी जुर्माना लगाने के साथ ही उन्हे जेल की सजा देने का भी प्रावधान करें, इसी तरह दो गज की दूरी न बनाने वाले लोगों के खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। धारा 144 के उल्लंघन पर लोगों को तत्काल गिरफ्तार करें तभी लोग सुधरेंगे। वर्तमान में कई राज्यों में मास्क न पहनने वालों पर मात्र 100 रूपए का जुर्माना लगाया जा रहा है जिसकी लोग परवाह नहीं करते, यदि बगैर मास्क पकड़े जाते है तो 100 रूपए देकर सस्ते में छूट जाते है। इसी तरह सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने पर भी उन्हे मामूली जुर्माना भरना पड़ता है। यदि ऐसे लोगों पर लाख रूपए का जुर्माना ठोका जाए तभी ऐसे लोगों का दिमाग ठिकाने लगेगा और वे सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का ईमानदारी से पालन करेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि झारखण्ड सरकार के इस निर्णय से सबक लेते हुए ऐसे राज्य जहां कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है वे भी जल्द से जल्द इसी तरह का अध्यादेश पारित करेंगे।

विचार-

भारत न बने अमेरिकी मोहरा



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आजकल भारत और अमेरिका के बीच जैसा प्रेमालाप चल रहा है, मेरी याददाश्त में कभी किसी देश के साथ भारत का नहीं चला। शीतयुद्ध के घनेरे बादलों के दौरान जवाहरलाल नेहरु और सोवियत नेता ख्रुश्चोफ और बुल्गानिन के बीच भी नहीं। इसका कारण शायद यही समझा जा रहा है कि नरेंद्र मोदी की मोहिनी ने डोनाल्ड ट्रंप को सम्मोहित कर लिया है। यह समझ नहीं, भ्रम है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में व्यक्तिगत संबंधों की भूमिका बहुत सीमित होती है। उसका संचालन राष्ट्रहितों के आधार पर होता है। इस समय ट्रंप प्रशासन चीन के घुटने टिकवाने के लिए कमर कसे हुआ है। इसीलिए वह भारत के प्रति जरुरत से ज्यादा नरम दिखाई पड़ रहा है। उसने कोविड-19 के लिए चीन को सारी दुनिया में सबसे ज्यादा बदनाम किया। उसने चीन के विरुद्ध यूरोपीय संघ और आग्नेय एशिया के राष्ट्रों को लामबंद किया। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) में चीन को धमकाने के लिए एक प्रस्ताव भी लाया गया। उसमें अमेरिकी सांसदों ने चीन से कहा है कि वह भारत के साथ तमीज से पेश आए। डंडे के जोर से वह भारत की जमीन हड़पने की कोशिश न करे। अमेरिका ने ताइवान को लेकर पहले चीन से अपनी भिड़ियां भिड़ा रखी थीं, अब हांगकांग के सवाल पर उसने पूरा कूटनीतिक मोर्चा ही खोल दिया है। दक्षिण चाइना-सी के मामले में वह चीन के पड़ौसी और तटवर्ती राष्ट्रों का खुलकर समर्थन कर रहा है। गलवान घाटी में हुई भारत-चीन मुठभेड़ तो ऐसी है, जैसे ट्रंप के हाथों बटेर लग गई। पहले उन्होंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की पहल की और फिर चीन के विरुद्ध छर्रे छोड़ने शुरु कर दिए। दोनों देशों, भारत और चीन के विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री, मुख्य सेनापति और व्यापार मंत्रियों के बीच सघन वार्ताएं जारी हैं। मानो वे किसी युद्ध की तैयारी कर रहे हों। हमारे अंडमान-निकोबार द्वीप के आस-पास अमेरिकी नौ सैनिक जहाज 'निमिट्ज' के साथ भारतीय जहाज सैन्य-अभ्यास भी कर रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि यदि उसे चीन के खिलाफ एक विश्व-मोर्चा खोलना पड़े तो एशिया में भारत उसका सिपहसालार बने। भारत को अमेरिका का यह अप्रत्याशित टेका भी खूब सुहा रहा है, क्योंकि भारत के लगभग सभी पड़ौसियों पर चीन ने डोरे डाल रखे हैं लेकिन भारतीय विदेश-नीति निर्माता यह भयंकर भूल कतई न करें कि वे अमेरिका के मोहरे बन जाएं। इस अमेरिकी मजबूरी का फायदा जरुर उठाएं लेकिन यह जानते हुए कि ज्यों ही अमेरिकी स्वार्थ पूरे हुए कि वह भारत को भूल जाएगा और फिर ट्रंप का कुछ पता नहीं कि वे दुबारा राष्ट्रपति बनेंगे या नहीं ?

गांवों से ही निकलेगा विकास का रास्ता

डॉ. संजय शुक्ला

> उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य यह भी साबित हो रहा है कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती देने का प्रयास महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और ग्रामीण विकास की अवधारणा पर ही निर्भर है।दरअसल गांधी ने देश की आजादी के बाद से ही ग्रामीण संस्कृति पर आधारित भारतीय समाज बनाने पर जोर दिया था। गांधी का मानना था कि भारत की आत्मा शहरों में नहीं बल्कि सात लाख गांवों में वास करती है वे भारत को गांवों का गणराज्य मानते थे। उनका मानना था कि गांवों की आत्मनिर्भरता से ही देश की आत्मनिर्भरता संभव है। दरअसल गांधी का अर्थशास्त्र स्वदेशी, ग्रामीण आत्मनिर्भरता, बड़े उद्योगों के बजाय कुटीर और छोटे उद्योगों को बढावा, उद्योगों में मशीनों की बजाय श्रम का इस्तेमाल था। उनका मानना था कि उद्योगों का जाल केवल महानगरों और बड़े शहरों में ही नहीं बिछे बल्कि इनकी पहुंच छोटे शहरों, कस्बाई इलाकों और गांवों तक होनी चाहिए ताकि गांवों के मजदूर इन कारखानों में मजदूरी के बाद अपने गांव वापस लौट सकें।

कोरोना वैश्विक महामारी के चलते दुनिया भर की अर्थव्यवस्था धराशायी होने के कगार पर है इससे भारत भी अछूता नहीं है। वर्तमान अनिश्चितता भरे वातावरण में देश और दुनिया भर के सरकारों के लिए अर्थव्यवस्था को पटरी में लाना अहम चुनौती है। जब देश में औद्योगिक गतिविधियां ठप्प पड़ गयी है तब छत्तीसगढ़ गांवों के बरास्ते आर्थिक विकास के नये दरवाजे खोल रही है। आपदा को अवसर में बदलने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में ÷गोधन न्याय योजना÷ का क्रांतिकारी आगाज किया है। यह देश की पहली ऐसी योजना है जिसके अंतर्गत सरकार पशुपालकों से दो रुपये प्रति किलो की दर से गोबर खरीदेगी जिससे वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने के बाद आठ रुपये किलो में किसानों को बेचा जाएगा। इस योजना से ग्रामीणों को रोजगार और आय के साधन के साथ जैविक खेती, गौपालन को प्रोत्साहन मिलेगा वहीं गोबर प्रबंधन व पर्यावरण संरक्षण में सहायता मिलेगा। गौरतलब है कि भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने गांवों और किसानों को विकास के मुख्यधारा में लाने का जतन सत्ता के शुरुआती दिनों से ही कर दिया था। ÷नरवा, गरवा, घुरवा, बारी÷, ÷राजीव गांधी किसान योजना÷, 2500 रूपये क्विंटल धान खरीदी और बोनस गांवों और किसानों के तकदीर बदलने में मील का पत्थर साबित हुआ है। निःसंदेह पूरे देश का ध्यान छत्तीसगढ़ के किसान कल्याणकारी योजनाओं ने खींचा है। यदि ये योजनाएं कारगर होती हैं तो यह खेती यानि नुकसान का सौदा मिथक को तोड़ने में कारगर होगी तथा नयी पीढ़ी खेती की ओर वापस लौटेगी।इन परिस्थितियों में जरूरत इन योजनाओं के प्रतिबद्ध क्रियान्वयन की है।

विचारणीय है कि देश - विदेश के अनेक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि कोरोना वैश्विक महामारी के कारण अनिश्चित लॉकडाउन और आर्थिक मंदी के चलते भारत में गरीबी बढेगी जिसका सबसे ज्यादा विपरीत असर ग्रामीण आबादी पर पड़ेगा। हालांकि अनेक कृषि वैज्ञानिक और शोधकर्ता इस तथ्य पर इत्तेफाक नहीं रखते हैं उनका मानना है कि कृषि प्रधान भारत में कृषि से संबंधित रोजगार और बंफर खाद्यान्न उत्पादन देश के आर्थिक हालात को बहुत हद तक संभाल सकता है। इनका मानना है कि भविष्य में खाद्यान्न संकट नहीं रहेगा क्योंकि अभी भी देश अपनी जरूरत से लगभग सात करोड़ टन ज्यादा खाद्यान्न उत्पादन कर रहा है। लॉकडाउन के कारण महानगरों और शहरों से प्रवासी मजदूरों के वापसी से उनका भी श्रम संसाधन गांवों को मिलेगा जिससे खाद्यान्न उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। दूसरी ओर जो प्रवासी मजदूर गांव वापस हो रहे हैं वे अनेक क्षेत्रों में कुशल - अर्धकुशल और तकनीकी दक्ष हैं और उन्हें थोड़ा - बहुत बाजार का भी अनुभव है ऐसी स्थिति में इन मजदूरों व कर्मचारियों के अनुभव और कौशल का भी लाभ गांवों को मिलेगा। वस्तुतः गांधी के गांवों के विकास पर जोर देने का अहम कारण देश की अधिकांश आबादी का गांवों में रहना और उनमें सत्य और अहिंसा का

स्वभाविक आचरण नीहित होना था, हालांकि गांधी का यह मिथक अब बड़ी तेजी से टूटने लगा है। बहुत बड़ी ग्रामीण आबादी अब रोजगार के लिए महानगरों और बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं तथा शहरों की नशाखोरी जैसी अपसंस्कृति और अपराध ने ग्रामीण संस्कृति के ताने - बाने को छिन्न - भिन्न कर दिया है। गांव विकास की दौड़ में पिछड़ने लगे हैं बेशक इसके पृष्ठभूमि में राजनीतिक और सामाजिक बदलाव है।

गौरतलब है कि वर्तमान लॉकडाउन के दौर में जब देश और दुनिया के लोग घरों में बंद हैं और भारी-भरकम कल - कारखानों में तालाबंदी चल रहा हो तब खेती और गांव ही लोगों को राहत पहुंचा सकते हैं। वैदिक काल से ही हमारे देश में गांवों और खेती को महत्व मिलते रहाहै। भले ही देश की जीडीपी में कृषि का योगदान महज 17 फीसदी है लेकिन यह 60 फीसदी लोगों का रोजगार प्रदाता है। विडंबना है कि नब्बे के दशक से जारी आर्थिक उदारीकरण के बयार के चलते बेतरतीब शहरीकरण और अंधाधुंध औद्योगिकीकरण ने लाखों हेक्टेयर खेतों और सैकड़ों गांवों की बलि ले ली और गांव बेरौनक होते चले गए छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं है। वक्त ने करवट ली है कोरोना महामारी के इस दौर में में अब गांवों के रौनक होने की फिर से आस बंधी है। दरअसल खेती को नुकसान का सौदा जैसे मिथक को तोड़ने के लिए इसे साल भर रोजगार मुहैया कराने लायक व्यवस्था बनाना आज की अनिवार्यता है। कोरोना महामारी के कारण दुनिया भर के लोगों का रूझान अब शाकाहार और हर्बल उत्पादों की ओर बढ़ रहा है। इस लिहाज से खेती के साथ - साथ इससे जुड़े अन्य कार्य जैसे सब्जियों, फल व फूलों की खेती और जड़ी - बूटियों की खेती को प्रोत्साहित करना होगा। इसके अलावा अब देश में 1965 में खाद्यान्न उत्पादन के लिए लागू ÷हरित क्रांति ÷ 1970 में दूध उत्पादन के लिए लागू ÷श्वेत क्रांति÷ और 1985 में मछली और झींगा पालन के लिए लागू ÷नीली क्रांति÷ को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। आज के दौर में ÷औद्योगिक क्रांति÷ के मद्धिम होती मशाल की जगह यह क्राांति ले सकती है। गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मछली पालन, कुक्कुट पालन, डेयरी, मधुमक्खी पालन, कोसा व बुनकर व्यवसाय सहित वर्तमान मांग और मजदूरों की उपलब्धता के अनुरूप अनेक कुटीर उद्योग जैसे सैनेटाइजर और मॉस्क निर्माण, आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण व पैकेजिंग, आटा, बेसन, खाद्य तेल, साबुन, हर्बल शैम्पू, शहद, अगरबत्ती, मोमबत्ती, जूट, रद्दी और पुटठे से झोला, लिफाफा और डिब्बा निर्माण, कागज और पत्तों से डिस्पोजेबल थाली - कटोरी निर्माण, मिट्टी, काष्ठ और लौह शिल्प गांवों के आर्थिक विकास और ग्रामीणों को नियमित रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा कुशल और अर्धकुशल प्रवासी मजदूरों के अनुभव और दक्षता के दृष्टिगत गावों और कस्बाई इलाकों में तार व कील कारखाने और सीमेंट पोल निर्माण की ईकाईयां भी स्थापित की जा सकती है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कृषिकार्य को मनरेगा से जोड़ने गांवों में रोजगार की स्थिति बेहतर हो सकती है। बहरहाल गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खेती में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के साथ - साथ बुनियादी सुविधाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, शुद्ध पेयजल, कृषि और कुटीर उद्योगों के लिए बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। इसके अलावा किसानों और ग्रामीणों के उत्पादन के माकूल भंडारण और परिवहन सुनिश्चित करना होगा। इन उपायों से ही गांवों की दशा और दिशा सुधरेगी और विकास काा नया सूरज निकलेगा।

बख्तरबंद गाड़ियां और तोप लेकर भी उड़ सकता है चिनूक

योगेश कुमार गोयल

> चिनूक चूंकि बहुत तेज गति से उड़ान भरता है, इसलिए बेहद घनी पहाड़ियों में भी यह सफलतापूर्वक कार्य कर सकता है। मल्टी रोल, वर्टिकल लिफ्ट प्लेटफॉर्म वाला यह हेलीकॉप्टर 315 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। आमतौर पर वायुसेना के हेलीकॉप्टर में सिंगल रोटर इंजन होता है जबकि चिनूक में दो रोटर इंजन लगे हैं, जो एकदम नया कॉन्सेप्ट माना गया है। इसमें कोई टेल रोटर नही है बल्कि इसमें अधिक सामान ढ़ोने के लिए दो मेन रोटर लगे हैं। भारी सामान ढ़ोने के लिए इसमें तीन हुक हैं। रात में भी उड़ान भरने और ऑपरेशन को अंजाम देने में सक्षम यह हेलिकॉप्टर घने कोहरे तथा धुंध में भी कारगर है। इसे बेहद कुशलता के साथ मुश्किल से मुश्किल जमीन पर भी ऑपरेट किया जा सकता है। चिनूक में मिसाइल वार्निंग सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है तथा इसमें तीन मशीनगन भी सैट हैं। लैंडिंग के समय जमीन पर मौजूद किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए इनका इस्तेमाल होता है।

भारतीय वायुसेना को गत वर्ष 26 मार्च को अमेरिका में निर्मित चार चिनूक हेलीकॉप्टरों की पहली खेप मिली थी और अब भारत को बाकी चिनूक हेलीकॉप्टर भी मिल गए हैं। इस प्रकार वायुसेना के बेड़े में अब कुल 15 चिनूक शामिल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा सितम्बर 2015 में चिनूक बनाने वाली अमेरिकी कम्पनी 'बोइंग' के साथ कई प्रमुख देशों में लोकप्रिय कुल 15 सीएच-47एफ चिनूक हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए 8048 करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण करार किया गया था। चिनूक ऐसा पहला अमेरिकी हेलीकॉप्टर है, जो बहुत अधिक वजन उठाने में सक्षम है। यह बख्तरबंद गाड़ियां और यहां तक कि 155 एमएम की होवित्वर तोप को लेकर भी उड़ सकता है। इस हेलीकॉप्टर का नाम 'चिनूक' अमेरिकी मूल-निवासी चिनूक से लिया गया था। यह वही हेलीकॉप्टर है, जिसके जरिये अमेरिका ने पाकिस्तान में छिपे दुर्दान्त आतंकवादी ओसान-बिन-लादेन को मौत की नींद सुलाया था। युद्ध पर बनी लगभग सभी अमेरिकी फिल्मों में तो यह किसी न किसी रूप में भूमिका निभाता रहा है। वियतनाम और फॉकलैंड युद्ध के अलावा लीबिया, ईरान, अफगानिस्तान, इराक इत्यादि में भी यह निर्णायक भूमिका निभा चुका है।

सीएच-47 चिनूक एक ऐसा एडवांस्ड मल्टी मिशन हेलीकॉप्टर है, जो भारतीय वायुसेना को बेजोड़ सामरिक महत्व की हैवी लिफ्ट क्षमता प्रदान करेगा, साथ ही मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर बहुत तेज गति से 20 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरने और 11 टन तक वजन ले जाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल दुर्गम और अत्यधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर सेना के जवानों, हथियारों, मशीनों तथा अन्य प्रकार की रक्षा सामग्री ले जाने में आसानी से किया जा सकता है, जिससे ऐसे स्थानों पर तैनात सेना के जवानों को जरूरत पड़ने पर हथियार तथा अन्य भारी-भरकम रक्षा सामग्री आसानी से मुहैया करवाई जा सकती है। इन सैन्य विशेषताओं के चलते इसका प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक ले जाने और भीषण आग बुझाने में भी इस्तेमाल संभव होगा। यह छोटे हेलीपैड तथा घनी घाटियों में भी उतर सकता है और किसी भी प्रकार के मौसम का सामना कर सकता है। इसमें 45 सैनिकों के बैठने की व्यवस्था है और छोटी तोपें, बख्तरबंद गाड़ियां इत्यादि विभिन्न युद्धक सामान नीचे लटकाकर कहीं भी ले जाए जा सकते हैं।

चिनूक चूंकि बहुत तेज गति से उड़ान भरता है, इसलिए

बेहद घनी पहाड़ियों में भी यह सफलतापूर्वक कार्य कर सकता है। मल्टी रोल, वर्टिकल लिफ्ट प्लेटफॉर्म वाला यह हेलीकॉप्टर 315 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। आमतौर पर वायुसेना के हेलीकॉप्टर में सिंगल रोटर इंजन होता है जबकि चिनूक में दो रोटर इंजन लगे हैं, जो एकदम नया कॉन्सेप्ट माना गया है। इसमें कोई टेल रोटर नहीं है बल्कि इसमें अधिक सामान ढ़ोने के लिए दो मेन रोटर लगे हैं। भारी सामान ढ़ोने के लिए इसमें तीन हुक हैं। रात में भी उड़ान भरने और ऑपरेशन को अंजाम देने में सक्षम यह हेलिकॉप्टर घने कोहरे तथा धुंध में भी कारगर है। इसे बेहद कुशलता के साथ मुश्किल से मुश्किल जमीन पर भी ऑपरेट किया जा सकता है। चिनूक में मिसाइल वार्निंग सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है तथा इसमें तीन मशीनगन भी सैट हैं। लैंडिंग के समय जमीन पर मौजूद किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए इनका इस्तेमाल होता है। हालांकि चिनूक का आकार काफी बड़ा है लेकिन बड़े आकार के बावजूद अन्य हेलीकॉप्टरों के मुकाबले इसकी गति बेहद तेज होती है, जिससे दुर्गम स्थानों पर भी यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इसका इस्तेमाल अन्य युद्धक हेलीकॉप्टरों की तरह सीधे तौर पर युद्ध में दुश्मन पर हमला करने में नहीं होता बल्कि यह सैनिकों तथा सैन्य साजो-सामान को दुर्गम स्थानों तक पहुंचाने के लिए उपयोग किया रहा है। हाल के दिनों में भारत-चीन सीमा पर यह इस कार्य में यह अहम भूमिका निभाता भी रहा है। चिनूक की शुरूआत वर्ष 1957 में हुई थी और 1962 में इसे अमेरिकी सेना में शामिल किया गया था लेकिन समय की मांग के साथ-साथ इन हेलीकॉप्टरों में पूर्णतया एकीकृत डिजिटल कॉकपिट मैनेजमेंट प्रणाली सहित रोटर ब्लैड, एंडवांस्ड फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम इत्यादि कई बदलाव करते हुए इसके वजन को कम किया गया और तकनीक में सुधार करते हुए इसे इतना उन्नत बनाया गया कि अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड सहित दुनिया में करीब 25 देशों की सेनाओं द्वारा सैन्य अभियानों में इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। इस अमेरिकी हेलीकॉप्टर के विदेशी खरीदारों में सबसे पहला खरीददार नीदरलैंड था, जिसने 17 सीएच-47एफ हेलीकॉप्टर फरवरी 2007 में खरीदे थे। 2009 में कनाडा ने इसके 15 अपग्रेड वर्जन खरीदे थे जबकि उसी वर्ष दिसम्बर माह में ब्रिटेन ने 24 चिनूक हेलीकॉप्टर खरीदे थे। अगले साल आस्ट्रेलिया ने कुल 10 चिनूक खरीदे और 2016 में सिंगापुर ने 15 हेलीकॉप्टरों का सौदा किया था। मौजूदा समय में यह अमेरिका के सबसे तेज हेलीकॉप्टरों में से एक माना जाता है। इसमें कॉमन एविएशन आर्किटेक्चर कॉकपिट तथा एडवांस्ड कॉकपिट प्रबंध जैसी विशेषताएं भी हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

परछाइयों की नकल

परछाइयों की नकल करना होगा उपयुक्त यदि हों परछाइयाँ प्रबुद्ध उनके अंतस में बसा हो उजाले का आवरण भर नहीं अंदरूनी उजाला भी और वे छोड़ सकें अपना पूरा का पूरा आकार तुम्हारे कोरे कागज़ पर तो उकेर लीजिये जैसीं की तैसीं परछाइयों को अपने मन के कैनवास पर और करिए मिलान आज और कल का । -कल्पना मनोरमा

धरती-माता की गोद

धरती-माता की गोद और उसकी उदारता कितनी बड़ी है, यह धरती से अन्न उपजाने वाले किसानों से अधिक और किसको मालूम होगा ! लगातार धरती से जुड़े होने और तरह-तरह के खाद्यान्न उपजाने के कारण किसान उसकी विशाल-हृदयता से परिचित होते हैं और उससे प्रभावित होकर स्वयं भी विशाल-हृदयता का परिचय देते हैं। - कमल मेहर

खास पाती

खुदा हैं वो किसी के तो

खुदा हैं वो किसी के तो किसी के राम हो जाते । उन्हीं की सरपरस्ती में सफल सब काम हो जाते । मेरी इक ख़ामुशी पे तुम परीशाँ दिल किये बैठे हजारों हैं कलंदर जो यहाँ गुमनाम हो जाते । तेरे आने से आँगन में उतर आते सितारे भी दरो दीवार सज जाते महकते बाम हो जाते । बड़ी मुश्किल थी सो हमने सहे ज़ुल्मो सितम तेरे जुबाँ गर खोलते अपनी खुदी बदनाम हो जाते । अज़ीज़ों ने कहा मेरे लहू-से सुर्ख़ शेरों पर, जरा-सी बात पर ही यार तुम ख़ैयाम हो जाते। तिरे अशआर यों तो हैं बहुत मशहूर दुनिया में,सुख़न की महफिलों में पर सुता ये आम हो जाते। - सृष्टि सिंह

ऑनलाइन पढ़ाई की चर्चा

ऑनलाइन पढ़ाई की चर्चा न करे तो खर्चा नही होता अपुन के शब्दों का?? ऑनलाइन पढ़ाई की अर्ध सफलता से प्रभाबित हो,देश प्रदेश के कोई न कोई सिरफिरे नेता,बड़े मंत्री का बयान आता हिच होगा कुछ इस तरहः- देखिये यदि ऑनलाइन पढ़ाई से जनता संतुष्ट है तो फिर सारे स्कूल बंद कर दिए जाएं ताकि,स्कूलों के रख रखाव में जो अरबो रु खर्च होते है,वो बच जाएंगे और देश आर्थिक रूप से मजबूत हो जाएगा।

- शत्रुंजय तिवारी

मैं जोगन हूँ तुम्हारी तुम

मैं जोगन हूँ तुम्हारी तुम , सदा मोहन हमारे हो! ओ मुरलीधर सुनो कान्हा, मुझे तुम प्राण प्यारे हो ! पिया जो बिष का प्याला तो लगा अमृत चखा मैंने, मुझे क्या भय भला जीवन,सदा जब तुम सहारे हो !

- किरण मिश्रा

कुछ तुम्हारे लिखे हुए खत अब

कुछ तुम्हारे लिखे हुए खत अब भी मेरे जहन में है , मानते क्यों नहीं हो तुम हम तुमसे मोहब्बत करते हैं । पढ़कर ये अच्छा लगा था और हम भी मचल गए, देखे थे तुमको कभी ना फिर भी तुम पर फिसल गए। ना पता था यार हमको तुम हो एक शातिर खिलाड़ी, दिल था मेरा न कोई खिलौना जो तुम इससे खेल गए। बेवजह हो गए जुदा हम कुछ भी ना बतला सके , तुम याद करते नहीं हो और हम ना भुला सके । - कृष्णा प्रवीण शुक्ला श्रावस्ती

मैं राख हूँ स्थिर शांत सम्हालना

मैं राख हूँ स्थिर शांत सम्हालना जानता हूँ खुद को तुम हवा हो बदहवाश कुरेद कर बिखेरना चाहते हो मेरे इरादे मुझे मालूम है तुम्हारी ताकत है भारी पर सनद रहे मैंने भी की है तैयारी मेरे भीतर भी है चिंगारी। - परमेश्वर वैष्णव

विधाता की अदालत में वक़ालत

विधाता की अदालत में वक़ालत बड़ी प्यारी है... ख़ामोश रहिये, कर्म कीजिये... आपका मुकदमा ज़ारी है। अपने कर्म पर विश्वास रखिए राशियों पर नही....! राशि तो राम और रावण की भी एक ही थी.....! लेकिन नियती ने उन्हें फल उनके कर्म अनुसार दिया....!!!

- तीर्थ बडोनी

गुज़ारा साथ था जो वो ज़माना

गुज़ारा साथ था जो वो ज़माना याद आता है ! ज़मीने-इश्क़ का अपना फ़साना याद आता है !! सुकूते-मर्ग छाई है बढ़ी बेचैनियाँ दिल की - कभी रंगीनियाँ थी वो जमाना याद आता है ! - कविता सिंह

QUIZ TIME

1) एच.आई.वी में पाया जाने वाला न्यूक्लीक अम्ल होता है (1 डीएनए / 1 आरएनए)

2) 1955 में बांडुंग सम्मेलन कहाँ हुआ था?
(क) वियतनाम (ख) मिस्र (ग) इंडोनेशिया (घ) फिलीपींस

3) शिवसमुद्र एक द्वीप है जो बनाया गया है–

4) आर्य समाज की स्थापना 1875 में पहली बार कहां हुई थी?

5) हैवीवेट श्रेणी का पहला मुक्केबाज कौन था जो अपने सारे जीवन काल में अपराजित रहा?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1 आरएनए (2) इंडोनेशिया (3) कावेरी नदी (4) बंबई (5) रॉकी मार्सियानो

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1758 - अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन पहली असेंबली वर्जीनिया हाउस ऑफ बर्जेसेज में शामिल हुए। 1785- फ्रांस ने कॉपीराइट कानून बनाया। 1823-चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई। 1870 - अमेरिका में पहली रेल सेवा की शुरुआत हुई। 1890-सोवा बाजार क्लब ने पहली बार किसी इंग्लिश फुटबाल टीम (ईस्ट सरे) के खिलाफ जीत दर्ज की। 1911 - भारत के प्रसिद्ध बाँसुरीवादक पन्नालाल घोष का जन्म हुआ। 1932- रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान की स्थापना की गई। 1934- ब्रिटेन में पहला बधाई टेलीग्राम भेजा गया था। 1937 - प्रसिद्ध सिने अभिनेता मनोज कुमार का जन्म । 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र देशों की सेनाओं ने जर्मनी पर 300 विमानों से बमबारी की।

लॉकडाउन के पहले दिन घण्टों झमाझम बारिश

पुलिस को राहत, सुबह से एक बजे तक सख्ती, मंत्री, विधायक, कलेक्टर, एसपी सब निकले सड़कों पर दिए सख्ती पूर्वक समझाइश फिर तेज बारिश से वैसे ही सड़कें हो गई सुनी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । कोरोना वायरस के तेजी से फैलने के मद्देनजर जिले में आज से सख्ती पूर्वक लॉक डाउन लागू होने के चलते दोपहर 12 बजे के पहले ही सड़कें लगभग सुनी हो गई ।लोगो ने घरों में दुबके रहने में ही भलाई समझी मगर लाक डाउन को पहले ही दिन से कड़ाई के साथ लागू करने कलेक्टर ,एसपी तो सड़को पर निकले ही राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और विधायक शैलेश पांडेय भी सड़को पर निकल जायजा लेते हुए नागरिकों व पुलिस को समझाइश देते हुए दिखे तथा लॉक डाउन का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया ।

शहर की सड़कों पर पुलिस गश्त व पुलिस के वाहनें भी दौड़ते दिखी यह सब दोपहर एक बजे तक दिखी मगर उसके बाद घण्टों मूसलाधार बारिश होने से पुलिस को मशक्कत करनी नही पड़ी । लोग वैसे ही तेज बारिश के कारण घरों से नही निकले । भारी बारिश से शहर के कई इलाको में पानी भर गया । प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने महापौर रामशरण यादव और निगम सभापति शेख नजीरुद्दीन बरसते पानी मे ही निकल गए और पानी निकासी के लिए निगम अमले को निर्देशित किया । दोपहर एक बजे से हो रही बारिश शाम 5 बजे के बाद भी जारी था । बिलासपुर जिले में लॉक डाउन का पहला दिन पुलिस और प्रशासन के लिए राहत भरा साबित हुआ। तेज धूप और उमस के बाद भगवान इंद्रदेव की कृपा से दोपहर एक बजे शहर और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश शुरू हुई जो शाम 5 बजे तक बन्द नही हो पाया था लाकडाउन को सफल बनाने में बारिश ने अहम भूमिका निभाई। जिससे बारिश प्रभावित इलाके में कोई भी घर से बाहर नहीं निकल सका । लगभग ढाई घंटे तक हुई झमाझम बारिश के चलते शहर की सभी सड़कें सुनसान नजर आई और लोग अपने-अपने घरों में ही दुबके रहे! नतीजा यह हुआ की पुलिस प्रशासन को दोपहर एक वजह से लेकर शाम चार पांच बजे तक लाकडाउन को सफल बनाने में जरा भी मेहनत नहीं करनी पड़ी! चौक चौराहों में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के जवान भी झमाझम बारिश के दौरान यहाँ वहाँ दुबके रहे! बहरहाल गुरुवार को हुई बारिश को लाकडाउन के पहले दिन प्रशासन के लिए यह बारिश राहत लेकर आया और लॉक डाउन का सख्ती से पालन के लिए उसे पहले दिन ज्यादा जूझना नही पड़ा।

प्रदेश के राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल व शहर विधायक शैलेष पांडे आज लॉक डाउन की स्थितियों का जायजा लेने शहर में भ्रमण किये इस दौरान उन्होंने प्रशासन की तारीफकरते हुए आम जन को भी लॉक डाउन के नियमों का पालन कर कोरोना के संक्रमण से खुद को बचाने के लिए प्रेरित किया है।साथ ही उन्हें सहयोग करने को कहा है जो इस कोरोना काल के योद्धा है।

पूरे प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए गुरुवार 23 जुलाई से बिलासपुर में भी पूर्ण लॉकडाउन लगा दिया गया है। इसे प्रभावी बनाने के मकसद से गुरुवार सुबह पुलिस लाइन से पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिल में फ्लैग मार्च किया ।लॉक डाउन का पालन करवाने और लोगों को हिदायत देने के उद्देश्य से सुबह-सुबह पुलिस के बाइक फ्लैग मार्च के बाद शहर में लॉकडाउन का असर दिखने लगा है ।जगह-जगह चौक चौराहों पर एक बार फिर से पुलिस कड़ी जांच पड़ताल कर रही है और लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी जाती रही ।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि यह लॉकडाउन केवल 1 सप्ताह का है इसलिए बेवजह की खरीदारी करने लोग घर से बाहर ना निकले। वहीं गुरुवार से ही अगले 7 दिनों के लिए शराब दुकानें बंद कर दी गई है। सभी शराब दुकानों को सील कर दिया गया है। 31 जुलाई तक यह शराब दुकानें बंद रहेंगी। इसके बाद अगर लॉकडाउन आगे बढ़ाया जाता है तो शराब दुकानें आगामी आदेश तक बंद रह सकती है । गुरुवार से ही लॉकडाउन प्रभावी हो गया है और आवश्यक सेवाओं को 12:00 बजे तक खुलने की अनुमति दी गई है। सभी प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस और एसपीओ सघन पड़ताल कर रही है।

बिलासपुर के सबसे बड़े थोक मंडी व्यापार विहार में भी लॉक डाउन का असर दिखाई दिया ।गुरुवार को यहां आधे से अधिक दुकानें खुली ही नहीं। जो दुकाने खुली थी उन्हें भी 12:00 से पहले ही बंद करवा दिया गया वही यहां ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां भी अपक्षाकृत कम नजर आई । सामान्य दिनों की तुलना में व्यापार विहार गुरुवार को विरान नजर आया । गोल बाजार , बुधवारी ,सदर बाजार ,मुंगेली नाका ,पूरा सरकंडा क्षेत्र , जूना बिलासपुर ,अग्रसेन चौक से पुराण बस स्टैंड तक ,तेली पारा समेत शहर के तमाम क्षेत्र में दोपहर 12

पुलिस कर रही कड़ी जांच पड़ताल

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ के साथ बिलासपुर में भी बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते हुए 23 जुलाई से यहां भी पूर्ण लॉकडाउन लगा दिया गया है,इसे प्रभावी बनाने के मकसद से सुबह पुलिस लाइन से पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिल में फ्लैग मार्च किया,लॉक डाउन का पालन करवाने और लोगों को हिदायत देने के उद्देश्य से सुबह-सुबह पुलिस के बाइक फ्लैग मार्च के बाद शहर में लॉकडाउन का असर दिखने लगा है,वही रेंज आईजी दीपांशु काबरा और पुलिस कप्तान ने भी शहर का दौरा कर लॉक-डाउन की व्यवस्था का जायजा लिया। वही जगह-जगह चौक चौराहों पर एक बार फिर से पुलिस कड़ी जांच पड़ताल कर रही है और लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी जा रही है आईजी काबरा ने कहा कि कोरोना के लगातार बढ़ते मामला को देखकर लॉक-डाउन किया गया है,वही यह लॉक-डाउन पिछले बार से और अधिक प्रभावी होगी,इसके साथ ही लॉक-डाउन के नियमों का उल्लंघन करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी,उन्होंने बताया कि व्यापारियों का सहयोग मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि चूंकि लॉकडाउन केवल 1 सप्ताह का है इसलिए बेवजह की खरीदारी करने लोग घर से बाहर ना निकले,वहीं गुरुवार से ही अगले 09 दिनों के लिए शराब दुकानें बंद कर दी गई है,सभी शराब दुकानों को सील कर दिया गया है,31 जुलाई तक यह शराब दुकानें बंद रहेंगी। इसके बाद अगर लॉकडाउन आगे बढ़ाया जाता है तो शराब दुकानें आगामी आदेश तक बंद रह सकती है । गुरुवार से ही लॉकडाउन प्रभावी हो गया है और आवश्यक सेवाओं को 12:00 बजे तक खुलने की अनुमति दी गई है। सभी प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस और एसपीओ सघन पड़ताल कर रही है ।

पूर्ण लॉकडाउन का पालन कराने पुलिस एवं प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

बचेली। एक सप्ताह के लॉकडाउन के आदेश के पश्चात लॉकडाउन के पहले दिन आज पुलिस प्रशासन एवं नगरीय प्रशासन ने नागरिको को कोरोना के प्रति जागरूक करने कोरोना वाइरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु लॉकडाउन का पालन सुनिश्चित करवाने के लिए आज गुरुवार को एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज एवं एसडीओपी देवांश सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला एसडीएम ने नगरवासियो से धारा 144 व लॉकडाउन की पालना कर कोरोना से लड़ाई में पुलिस,प्रशासन, व चिकित्सा विभाग का सहयोग करने की अपील भी की साथ ही उन्होंने लोगो को निर्देश देते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से घरों से बाहर ना निकले अनावश्यक वाहनों का प्रयोग ना करे सार्वजनिक स्थानों में मास्क का उपयोग करे। छोटे बच्चों एवं सीनियर सिटीजन का पूरी तरह से ख्याल रखे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करे। प्रशासन पूरी तरह से कोरोना की रोकथाम को लेकर मुश्तैद है। बिना वजह घूमने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सावधान रहें सुरक्षित रहे।

यहां से गुजरा फ्लैग मार्च : पुलिस थाना होते हुए एनएमडीसी मुख्य मार्ग से नगर के घड़ी चौक ,मुख्य बाजार ,शापिंग काम्पलेक्स से एनएमडीसी मुख्य द्वार पर समाप्त हुई। इस फ्लैग मार्च में एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज,एसडीओपी देवांश सिंह राठौड़,तहसीलदार पीआर पात्रे,थाना प्रभारी राजेन्द्र यादव,पालिका इंजीनियर प्रवीण साहू,एसआई प्रवीण चौहान,नरेंद्र भारती एवं पुलिस जवानों सहित पालिका कर्मचारी मौजुद रहे।

29 पेटी गोवा शराब के साथ पुलिस ने पकड़ा कार सवार को

बिलासपुर । लॉकडाउन के साथ ही शराब दुकानें बंद कर दी गई है ।यही कारण है कि एक बार फिर से अवैध तरीके से शराब तस्करी और शराब खपाने की कोशिश तेज हो गई है। खासकर इस मामले में कुख्यात रतनपुर क्षेत्र में लगातार अवैध शराब पकड़ी जा रही है। बुधवार शाम को मध्य प्रदेश से बलोदा बाजार ले जाई जा रही शराब की बड़ी खेप रतनपुर पुलिस ने पकड़ी। महामाया चौक के पास नाकेबंदी कर कार को रोका गया जिसके बाद उसमें सवार एक चालक भाग खड़ा हुआ तो वही पुलिस के हाथ सेक्टर 6 भिलाई निवासी अभिजीत चक्रवर्ती लगा है ,जिसने बताया कि भिलाई निवासी आशीष डेविड की कार में यह लोग जैतहरी से शराब भरकर बलौदाबाजार ले जा रहे थे। इस वाहन में 29 पेटी गोवा शराब जब्त किया गया है,

वही रतनपुर पुलिस ने जाली सौरापारा में रहने वाले दीपक नेताम के घर छापा मारकर 105 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है। इसी तरह मोहतराई में रहने वाले सुखनंदन साहू के घर पर भी छापा मारकर 10 लीटर कच्ची शराब जप्त किया गया है। माना जा रहा है कि शराब दुकान बंद होने के कारण एक बार फिर से शराब की अवैध आपूर्ति करने के मकसद से शराब तस्कर सक्रिय हो गए हैं। यही कारण है कि रतनपुर पुलिस भी उनके खिलाफसतत कार्यवाही कर रही है

केंद्रीय जेल में कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए आज देर शाम तक 40 बंदियों को आज पैरोल पर छोड़ा जाएगा

- जेल प्रशासन के लिए जेल में भीतर कैदियों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग कायम करना असंभव हुआ

बिलासपुर। केंद्रीय जेल से आज देर शाम तक 40 और बंदियों को पैरोल पर छोड़ा जाएगा । इन सभी बंदियों को 31 अगस्त तक के लिए पेरोल पर छुट्टी दी गई है।यदि कोरोना संक्रमण का संकट इसी तरह बरकरार रहा तो इन के पैरोल की अवधि 31 अगस्त के आगे भी बढ़ाई जा सकती है। इसी तरह कोरोना वायरस के चलते ही केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा पूर्व में भी 250 बंधुओं को पैरोल में छोड़ा जा चुका है। वहीं जेल में कैदियों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग संभव न होने से संक्रमण का खतरा बना हुआ है ।

बिलासपुर के केंद्रीय जेल में क्षमता से अधिक बंदियों के बंद होने के कारण यहां रह रहे कैदियों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग असंभव होता जा रहा है। जेल प्रशासन के लिए यह बहुत बड़ी सिरदर्द बना हुआ है कि जेल के भीतर किस तरह सोशल डिस्टेंसिंग को कायम रखा जाये । ज्ञात को कि पिछले दिनों एक संक्रमित कैदी की आरटीपीसीआर जांच के उपरांत डिस्टेंसिंग को दरकिनार जेल।में रखा गया था जिसे संपर्क में आकर एक प्रहरी भी कोरोना संक्रमण हो गया था ।तब से जेल के भीतर कोरोना का भय बना हुआ है । जिसे देखते हुए जेल प्रशासन कुछ चुंनिन्दा कैदियों को पेरोल पर छोड़ने का निर्णय लिया है ।

मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष का जगदलपुर कांग्रेस भवन में स्वागत

जगदलपुर । नवनियुक्त मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद पदभार ग्रहण करने के बाद उनका प्रथम आगमन हुआ। कांग्रेस पार्टी द्वारा उनका सम्मान गर्मजोशी से किया गया। मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष श्री निषाद ने सबका आभार माना।

मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एम.आर.निषाद को विगत दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मनोनीत कर मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। इसी तारतम्य में रायपूर से गुरूवार को जगदलपुर आगमन हुआ तथा उसके बाद श्री निषाद पहुंचे।उनका कांग्रेस भवन में शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव शर्मा, विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन तथा अक्षय ऊर्जा विकास निगम चेयरमेन मिथिलेश स्वर्णकार , महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने उनको पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ-कनिष्ट पदाधिकारी व कार्यकर्तागणों, पार्षदगणों ने भी स्वागत किया।

अब्दुल सईद, सूरेंद्र झा,विक्रम सिंह डांगी,हरीश साहू,ओंकार जयसवाल,संजय जैन,योगेश पानीग्राही, अवधेश झा, राजेश चौधरी, दुर्योधन कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने स्वागत किया।

गोधन न्याय योजना से पशुपालकों को होगा मुनाफा सलमान नवाब

दंतेवाड़ा.बचेली। युवा कांग्रेस कार्य विधानसभा अध्यक्ष सलमान नवाब ने जारी विपत्ति में बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार एवं छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री की महती योजना है गोधन न्याय योजन। यह योजना सरकार द्वारा हरेली त्यौहार के दिन इस योजना की सुरुवात किया गया इस योजना से पशुपालकों की आय में दुगनी मुनाफा होगी जिससे उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का किसानों के प्रति एक लगाव है और यह योजना ही सरकार के किसानों के प्रति प्रेम को दर्शाता है ।यह योजना के आने से किशानो के साथ पशुपालकों केलिये वरदान साबित होगा ग्रामीण अंचलों में इस योजना को लेकर काफी उत्सुकता है साथ ही जैविक खेती में भी बढ़ावा मिलेगा ।

यह किसानों व पशुपालकों की अतिरिक्त आमदनी का जरिया है। जिससे किसानों के जीवन शैली में परिवर्तन देखनो को मिलेगा।

स्व बिसाहू दास जी महंत की 42वीं पुण्यतिथि मनाई

जांजगीर। लोकप्रिय जन नेता अज्ञात शत्रुके नाम से क्षेत्र में विख्यात पूर्व मंत्री स्व बिसाहू दास जी महंत की 42वी पुण्यतिथि परंपरा अनुसार शासकीय बीडीएम चिकित्सालय में मनाई गई कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण को लेकर निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम सभी आगंतुकों को अपने हाथों को सैनिटाइजेशन कर यम हाथों में दस्ताने चेहरे मे मास्क लगाकर ही कार्यक्रम स्थल में प्रवेश दिया जा रहा था श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सर्वप्रथम विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने स्वर्गीय बिसाहू दास जी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं अस्पताल में इलाज करा रहे हैं मरीजों को फल डबल रोटी प्रदान करते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पार्षद नागेंद्र गुप्ता ने फोटोग्राफर टेकु के द्वारा एलईडी लगा हुआ स्वर्गीय बिसाहु दास महंत का आकर्षक तस्वीर विधानसभा अध्यक्ष को भेंट की तत्पश्चात हनुमान धारा चांपा के बिसाहू दास महंत इनडोर स्टेडियम परिसर में जाकर 42वी पुण्यतिथि पर 42 नग विभिन्न प्रकार के पौधों का महंत ने वृक्षारोपण किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम सहित सभी कार्यक्रमों में बिसाहू दास महंत के कनिष्ठ पुत्र राजेश महंत पौत्र सूरज महंत सृजन महंत सहित पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन पूर्व नप अध्यक्ष राजेश अग्रवाल बजरंग डीडवानिया कृष्णा भूरे वीके अग्रवाल धीरेंद्र बाजपेई डॉ एच पी सराफ गोपाल थवाईत मनहरण राठौर नारायण सोनी डॉ वीके नायक डॉ वी बिरथरे किशन सोनी नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत पार्षद डुग्गू प्रधान गीता सोनी अंजनी देवांगन गोविंद देवांगन रामकुमार यादव अवधेश यादव नगर कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गुप्ता सत्यनारायण देवांगन डॉक्टर के पी राठौर डॉक्टर जी दुबे डॉ मनीष श्रीवास्तव आर के अग्रवाल मनोज मित्तल बंटी धंजल बंटी सलूजा श्यामलाल कुर्रे अनिल बनकर दुर्गा कुर्रे हरदेव देवांगन इकबाल अंसारी विष्णु गाड़ा ओमप्रकाश देवांगन राज अग्रवाल हाजी हनीफखान दीपक गुप्ता मदन अग्रवाल प्रेमचंद जायसी श्री केशव सोनी पंकज शुक्ला सुरेश देवांगन राजेश देवांगन मोहम्मद अली अंजुम अंसारी सुनील साधवानी गुड्डू देवांगन किशन शर्मा सारस्वत दीवान एच डी दीवान मनोज कुर्रे विशाल केडिया ट्विंकल भाटिया अशोक दीक्षित राजू मिश्रा शैलेश शर्मा कैलाश अग्रवाल बजरंग अग्रवाल संगीता अग्रवाल टुकू कवर्थ राजेंद्र देवांगन राजेंद्र कमर अर्जुन मनवाणी एकांश तिवारी पुष्पेंद्र सिंह एसडीएम बजरंग दुबे केशव सोनी एसडीओपी तवर राजेश चौधरी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने स्वर्गीय श्री बिसाहु दास महंत की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की,

जांजगीर-चांपा चांपा। छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने आज नगर पंचायत सारागांव की पुष्पवाटिका में अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री स्वर्गीय श्री बिसाहू दास महंत की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके सुपुत्र श्री सूरज महंत, जैजैपुर विधायक श्री केशव चंद्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनीता चंद्रा, उपाध्यक्ष श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, सदस्य श्री राजकुमार साहू, नगर पंचायत सारागांव अध्यक्ष श्री रामकिशन सूर्यवंशी, मुख्य वन संरक्षण अधिकारी श्री अनिल सोनी, कलेक्टर श्री यशवंत कुमार, एसपी श्रीमती पारुल माथुर, जिला पंचायत सीईओ श्री तीर्थराज अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री मोतीलाल देवांगन, श्री मनहरण राठौर, श्री गुलजार सिंह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सेनानी ग्राम रावन में तिलक और आजाद को याद किया

अर्जुनी। 11 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गौरव ग्राम रावन में गुरुवार को भारत माता के वीर सपुतो को याद किया। अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे बाल गंगाधर तिलक का 164 वां और चंद्रशेखर आजाद की 114वां जयंती मनाई गई। इस मौके पर सुशील साहु, राकेश वर्मा, गोपाल कृष्ण वर्मा,दीपक वर्मा (योग शिक्षक) श्रद्धांजलि दी।

दिनेश वर्मा बने अर्जुनी राज के युवा अध्यक्ष

अर्जुनी। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के मीडिया प्रभारी दिनेश वर्मा को अर्जुनी राज के राजप्रधान भुनेश्वर

वर्मा एवं राज कार्यकारणी द्वारा दिनेश वर्मा संकरी वाले को युवा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अर्जुनी राज के राजप्रधान भुनेश्वर वर्मा ने नियुक्ति पत्र देकर बधाई दिया। नवनिर्वाचित युवा अध्यक्ष ने समाज के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उनकी नियुक्ति पर उपराजप्रधान तिलक बघेल, राज्यमंत्री गोपाल वर्मा, संगठन मंत्री गंगाराम वर्मा, सरंक्षक गणेशराम वर्मा, सचिव किशोर वर्मा, अरुण वर्मा, जिलापंचायत उपाध्यक्ष टंकराम वर्मा, केंद्रीय युवा अध्यक्ष नूतन बंछोर, महामंत्री भोलाशंकर वर्मा, युवा मीडिया प्रभारी घनश्याम वर्मा,रूपेश वर्मा अर्जुनी राज, दीपक वर्मा, मिनेश नायक, अनिल वर्मा, नीरज वर्मा, राकेश वर्मा, खिलेश वर्मा, मुकेश वर्मा, अतुल वर्मा, कौशल वर्मा, कुलदीप वर्मा, तोशन वर्मा, अंकिता वर्मा, पायल वर्मा, अन्नपूर्णा टिकरिहा सोनल वर्मा, शीतल वर्मा,दीपा नायक, योगिता धुरंधर, दीपिका वर्मा सहित कुर्मी समाज हर्ष व्यक्त किया।

युवक से गांजा बरामद

महासमुंद। बसना पुलिस ने एक युवक को करीब 10 हजार रुपए कीमती के दो किलो गांजा के साथ पकड़ा। पुलिस ने बताया कि संकरी निवासी लुकेश्वर भोई पिता तुलाराम (23) ओड़िशा से बाइक क्रमांक सीजी 06 सीएन 9207 से गांजा लेकर आने की सूचना मिली थी जिस पर रास्ते में घेरबंदी रास्ते में ही पकड़ लिया। जांच के दौरान उसके पास से 1 किलो 8 सौ ग्राम और 2 सौ ग्राम सेम्पल जब्त किया। युवक से तस्करी में प्रयुक्त वाहन, एक नग मोबाइल और 1 हजार रुपए नकद बरामद कर 20 (बी) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

तीन लोगों से शराब बरामद

महासमुंद। बसना पुलिस ने तीन स्थानों पर छापा मारकर 22 सौ रुपए की शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक ग्राम करचुंडी में महेन्द्र साव पिता मुक्ती साव (50) से 3 लीटर कीमती 6 सौ रुपए, तिलईदादर निवासी किरण यादव पिता दीनदयाल (25) से और जलपुर निवासी चंद्रहास बारिक पिता गौतम (35) से 4-4 लीटर 8-8 सौ रुपए कीमती शराब जब्त कर आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की।

जुआ खेलते तीन पकड़ाए

महासमुंद। जंगल में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को सराइपाली पुलिस ने दबिश देकर पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक राजकुमार तांडी और दो अन्य लोग जंगलबेड़ा में जुआ खेल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पकड़ लिया। जुआरियों के पास 12 हजार रुपए व ताश पत्ती जब्त कर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

व्यवसायी के साथ गाली-गलौज

महासमुंद। बाजार वार्ड में एक युवक ने एक व्यवसायी के साथ गाली-गलौज कर दी। शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। दिलीप कृष्णानी पिता गोपाल दास ने पुलिस को बताया कि बंटी शर्मा नामक युवक ने उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

महिला के साथ मारपीट

महासमुंद। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम खैरझिटी में एक व्यक्ति ने महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। गांव की श्रीमती गोदावरी सिंह पति भुनेश्वर सिंह ने पुलिस को बताया मुरली सिंह पिता इतवारी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने 294, 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

महासमुंद में 25 से 31 जुलाई तक पूर्ण लॉकडाउन

महासंमुद। कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु महासमुंद नगरीय क्षेत्र में 25 से 31 जुलाई रात 12 बजे तक पूर्ण लॉकडाउन रहेगा। इस दौरान आम जरूरत की चीजों को छोड़कर सब बंद रहेगा। इस दौरान सभी तरह का यातायात पूर्णतः बंद रहेंगे। केवल आवश्यक सेवाएं एवं कर्मचारी ही बाहर निकल सकते हैं। लॉकडाउन के दौरान सब्जी, दूध तथा अन्य आवश्यक जरूरी सेवाओं के लिए सुबह 6 से प्रातः 10 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। दूध के लिए शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक की अनुमति है। निर्धारित समय के बाद सड़क पर घूमने वालों के विरूद्ध पुलिस सख्ती से वैधानिक कार्रवाई करेंगी।

एसडीएम की पहल से मिले राशन, विधवा महिलाओं और विकलांग के खिले चेहरे

नवप्रदेश संवाददाता

नवप्रदेश खबर का असर

देवभोग। अक्सर प्रशासनिक कार्यों में लेट - लतीफी को लेकर सवाल खड़ा किया जाता है। और इसके लिए जिम्मेदारों को जनता की खरी-खोटी भी सुननी पड़ती है लेकिन एसडीएम अनुपम आशीष टोप्पो द्वारा अनुविभाग का कमान अपने हाथों में लेने के बाद अधिकांश मामलों पर तत्काल एक्शन देखने को मिल रहा है। टोप्पो अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से कभी फटकार के साथ काम लेते हैं तो वही सराहनीय कार्यों में कर्मचारियों का हौसला भी अफजाई करते देखा जाता है। ऐसे ही मुख्यालय निषाद पारा 200 मीटर कंटेनमेंट जोन के दायरे में रहे लोगों को राशन लेट लतीफ देख जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाने के बाद ग्राम पंचायत द्वारा चावल दाल प्याज सहित अन्य सामग्री की व्यवस्था 20 विकलांग और विधवा महिलाओं के लिए क्या गया जिसे लेकर रहवासियों में खुशी साफ साफ देखने को मिला। खासकर

विधवा महिलाओं के लिए राशन की

व्यवस्था करने से घर परिवार चलाने की चिंता पूरी तरह दूर दिखाई पड़ रही है। बाकायदा इसके लिए मोहल्ले वासियों ने एसडीएम अनुपम आशीष टोप्पो का आभार जताते हुए कहा कि कटेंटमेंट जोन घोषित होने के बाद काम धंधा पूरी तरह बंद रहा जिसके चलते परिवार का गुजर बसर मुश्किल हो गया लोगों को चावल चटनी के साथ खाना खाकर दिन रात गुजारना पड़ रहा था। जिसे नवप्रदेश अखबार ने प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया और मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीम अनुपम आशीष टोप्पो ने तत्काल टीम गठित कर सर्वे अनुसार गरीब परिवारों को राशन मुहैया कराने के निर्देश दिया जिसके बाद ग्राम पंचायत द्वारा कटेंटमेंट जोन मैं रहे विधवाओं और विकलांग के घरों में राशन पहुंचाया गया जिसकी तारीफ भी जगह-जगह जमकर किया जा रहा है। कि ऐसे विषम परिस्थितियों में असहाय लोगों के साथ प्रशासनिक अमला पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ा हुआ है।

चार फीट से ऊंची प्रतिमाओं को बेचने पर लगा प्रतिबंध

महासमुंद। कोविड-19 को देखते हुए शहर में 4 फीट से ऊंची मूर्तियों को बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर एवं सीएमओ एके हालधार ने मूर्ति बनाने वाले कुम्हारों की एक बैठक लेकर यह जानकारी दी है। वहीं हर साल पालिका द्वारा विक्रय शुल्क लिया जाता था, अब आर्थिक संकट को देखते हुए पालिका अध्यक्ष ने शुल्क नहीं लिए जाने का ऐलान किया है। मूर्ति विक्रय एवं गणेश उत्सव को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर की अध्यक्षता में बुधवार को कुम्हारों की एक बैठक हुई। बैठक में कुम्हारों को 4 फीट से ऊंची मूर्ति विक्रय पर प्रतिबंध रहने की जानकारी दी। साथ ही इस दफा मेन रोड की बजाए हाईस्कूल मैदान में मूर्ति बेचने के लिए

पंडाल लगाया जाएगा। पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि प्रत्येक पंडाल बैरिकेडिंग किया जाना है। ग्राहकों की दूरी बनाए रखने होंगे। वहीं मूर्ति विक्रय स्थल पर प्रत्येक दुकादारों को पंडाल के सामने हैंड सैनिटाइजर, साबुन और पानी की व्यवस्था रखनी होगी। इसी प्रकार गणेश उत्सव के लिए 10×10 के पंडाल में ही मूर्ति स्थापित किया जाएगा। एक पंडाल से दूसरे की दूरी 5 सौ मीटर रखनी होगी। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पंडाल में सोशल डिस्टेसिंग, फिजिकल डिस्टेंस बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा समय-समय पर शासन के दिशानिर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा नियमों का उल्लंघन करते पाया गया तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मूर्तिकारों ने विक्रय शुल्क में छूट देने की मांग की। पालिका अध्यक्ष ने किसी भी प्रकार का शुल्क वसूलने पर रोक लगा दी है। इस अवसर पर सभापति राजेंद्र चंद्राकर, कमल प्रजापति, मुकेश प्रजापति, राजेश प्रजापति, उमेश प्रजापति, उमेन्द्र प्रजापति, आनंद प्रजापति, मन्नू लाल, गोलू मदनकार सहित राजस्व प्रभारी देवकुमार निर्मलकर उपस्थित थे।

जनता कांग्रेस से योगेश का इस्तीफा

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा जिले के किसान नेता योगेश तिवारी ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया कि मै योगेश तिवारी जनता कांग्रेस छतीसगढ (जे) पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा दे रहां हुं। योगेश तिवारी ने कहा कि मा. स्व अजीत जोगी जी के जाने के बाद से मुझे लगने लगा है कि जनता कांग्रेस अपने मुल नितीयों से भटक गया है। छतीसगढ में आज कांग्रेस की सरकार ने जो गौधन योजना लागु किया है। इस योजना से मै बहुत ही ज़्यादा प्रभावित हुआ हुं । आज अगर मा. अजीत जोगी जी होते तो मुझे विश्वास है। गौधन न्याय योजना का स्वागत करते। ठीक है

हम विपक्ष में हैं, सरकार के फ़ैसलो विरोध करना हमारा काम है। लेकिन कभी सरकार के अच्छे कामों का स्वागत होना चाहिए। दुनियाँ की पहेली ऐसी योजना है। गौधन न्याय योजना से गौमात की रक्षा होगी। आज गौमाता के कारण ही हमारे सनातन संस्कृति का डंका पुरे विश्व में बज रहां है भले ही हम गौमाता की सेवा ना कर पाये लेकिन हमें हमेशा गौमाता की रक्षा के लिये तैयार रहना चाहिए और छतीसगढ के सरकार ने जो गौधन योजना न्याय योजना और रोका छेका अभियान का में स्वागत करता हुं।ईसे योजना का फ़ायदा आने वाले समय में छतीसगढ में दिखाई देने लगेगा। यही सब कारण है। मेरे विचार अब जनता कांग्रेस के नितीयों से नहीं मिल पा रहां है। इसलिये में जनता कांग्रेस प्राथमिक सदस्यता से ईस्तीफा दे रहा हुं।

गोवा ब्रांड की शराब में मिलावट कर अधिक कीमत में बेचता शराब दुकान का सुपरवाइजर

महासमुंद। एकता चौक स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के सुपरवाइजर को सिटी कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को 34 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब, गोवा ब्रांड का ढक्कन व खाली शीशी के साथ गिरफ्तार किया है। ये सभी सामान उसके किराए के घर से बरामद हुआ है। आरोपी गोवा ब्रांड की शराब में मिलावट कर अधिक कीमत में बेचता था। वह शासन के नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से बिक्री करता था। जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी 420 व आबकारी एक्ट की धारा 34(ए) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार बिरगांव निवासी आरोपी सुनील कुमार पिता सुकला साहू (29)हैं। वह एकता चौक स्थित सरकारी शराब दुकान का सुपरवाइजर है। वह पिछले कई दिनों से गोवा ब्रांड की शराब में मिलावट कर अवैध रूप से विक्रय करता था। इसकी सूचना जब पुलिस को हुई तो उसके किराए के मकान नयापारा वार्ड छह में छापामार कार्रवाई की। वहां से टीम को 35 पौवा गोवा शराब, जो दुकान से लाकर अपने घर में रखा था के अलावा 350 नग खाली शीशी व 80 नग गोवा ब्रांड का ढक्कन मिला। टीम ने सभी सामग्री बरामद कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अभाविप नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित

■ रुपेश अध्यक्ष और कुम्भज बने मंत्री

महासमुंद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सामान्य बैठक को सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। बैठक में सत्र 2020-21 हेतु विद्यार्थी परिषद की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें नगर अध्यक्ष के रूप में रुपेश साहू और नगर मंत्री के रूप में कुम्भज चन्द्राकर सर्वसम्मति से चुने गए। कार्यकारिणी गठन के इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित अभाविप के प्रदेश मंत्री शुभम जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद् ही एकमात्र छात्र संगठन है जो विपरीत से विपरीत परिस्थिति में भी कार्य करने के लिए अडिग रहती हैं। विद्यार्थी परिषद् के 72 वर्ष की यात्रा को हम अगर देखें तो पाएँगे कि हर चुनौती को अवसर के रूप में बदलकर हम एक मजबूत छात्र संगठन के रूप में स्थापित हुए हैं। इसके पश्चात जायसवाल ने सत्र 2020-21 हेतु कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें नगर सह मंत्री - कुबेर यादव, रोशन बग्गा, कु. गीतिका चन्द्राकर, योगेश सोनवानी, नगर कार्यालय मंत्री गुलाब सेन, महाविद्यालय प्रमुख निशान्त साहू एवं सहप्रमुख गुरुमुख सिंह, विद्यालय प्रमुख संजय चन्द्राकर एवं सह प्रमुख गगन चन्द्राकर, विद्यालय प्रमुख - सत्यम सिन्हा, एसएफडी प्रमुख रियाज़ खान, एसएफएस प्रमुख बलराम साहू, सोशल मीडिया संयोजक संजीव बान्धे, कलामंच प्रमुख कु. रिया चन्द्राकर एवं सहप्रमुख लोकेश्वर साहू, एनएसएस प्रमुख प्रियांशु तिवारी, क्रीड़ा प्रमुख खेमराज राउतिया एवं सहप्रमुख आशीष कुमार साहू, स्वाध्याय मण्डल प्रमुख आयुष अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य कु. सृष्टि दुबे, सुरेन्द्र यादव, दीपांशु तिवारी शामिल हैं।

महिला स्व-सहायता समूह ने राखी बेचकर कमाया मुनाफा

बेमेतरा/साजा। जिला बेमेतरा में बिहान महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगातार की जा रही रोचक गतिविधियों के बीच वर्तमान में रक्षाबंधन के पावन त्यौहार के मौके पर राखी की मांग के अनुरूप सुंदर, आकर्षक, एवं रंग बिरंगी राखियों का सृजन किया जा रहा है। महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित इन राखियों की बिक्री के लिए स्थानीय हाट-बाजार, शासकीय कार्यालयों में सस्ते दामों पर की जा रही है। अब तक महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगभग 15 हजार रूपयों की राखी का विक्रय किया जा चुका है। इसी क्रम में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा कार्यालय जिला पंचायत बेमेतरा में पहुंचकर राखियों की बिक्री की गई, जहां 2 हजार रूपयों की राखियों की खरीदी जिला पंचायत बेमेतरा के सीईओ श्रीमती रीता यादव एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा की गई। जिले में गंगा महिला स्व-सहायता समूह बेमेतरा एवं जय महालक्ष्मी स्व-सहायता समूह नवागढ़ द्वारा राखी बनाने का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर ने किया भू-स्वामी अधिकार पट्टा वितरण

बेमेतरा/साजा। कलेक्टर शिव अनंत तायल ने बुधवार को नगरीय क्षेत्रों के अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन संबंधी प्रकरण के अंतर्गत नगरपालिका क्षेत्र बेमेतरा मे निवासरत दो हितग्राहियों को पट्टा का वितरण किया। छ.ग. शासन राजस्व विभाग के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों के व्यवस्थापन योजनांतरगत बेमेतरा की शासकीय भूमि के अतिक्रामको को वर्तमान गाईडलाईन के 152 प्रतिशत की दर से 05 प्रकरण मे बेमेतरा जिला के नगरीय क्षेत्रों मे अतिक्रमित भूमि की व्यवस्थापन के निराकरण क्रम मे, तहसील साजा के ग्राम देवकर निवासी हिमांशु राजपुत पिता डोमेन्द्र सिंह एवं संतोष सिंह पिता गुलाब सिंह को 500-500 वर्गफीट तथा तहसील बेरला के ग्राम बेरला निवासी रमेश सिंह पिता घनश्यम सिंह, गंगाधर वर्मा पिता चोवाराम वर्मा एवं दिलीप पटेल पिता उदयराम पटेल को क्रमशः 146 वर्गफुट, 161 वर्गफीट एवं 180 वर्गफीट को आवासीय/व्यवसायिक प्रयोजन हेतु शासकीय भूखण्ड का भूमि स्वामी अधिकार का पट्टा कलेक्टर द्वारा दिया गया।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने किया खाद गोदाम सहित विकास कार्यों का भूमि पूजन

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने किसानों की दिक्कतों को देखते हुये तथा किसानो की मांगों पर ग्राम बैजलपुर में 200 मैट्रिक टन खाद गोदाम निर्माण का भूमि पूजन किया। ज्ञात हो कि राज्य शासन ने इस कार्य हेतु 12 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति दिये है, ग्राम बैजलपुर में खाद गोदाम निर्मित हो जाने से आस पास के किसानो को खाद की खरीदी में आसानी होगी तथा खेती को सुचारू रूप से चलाने में गति मिलेगी। साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा ग्राम भुरकी पहुँच नवीन पँचायत भवन निर्माण कार्य 14 लाख 42 हजार, विधायक निधि से स्वीकृत सांस्कृति मंच निर्माण कार्य राशि 02

लाख एवं गौठान निर्माण कार्य राशि 09 लाख का नारियल तोड़ भूमि पूजन किये, साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम उघरा पहुँच सर्व प्रथम कबीर सामुदायिक भवन में पूजा पाठ कर विधायक निधि से स्वीकृत 02 लाख रुपये कबीर सामुदायिक भवन आहता निर्माण कार्य एवं शिक्षा मद से स्वीकृत प्राथमिक शाला भवन का आहता निर्माण कार्य 02 लाख का नारियल तोड़ भूमि पूजन किये। साथ ही ग्राम उघरा के ग्रामवासियों की मांग पर विधायक आशीष छाबड़ा ने विधायक निधि से कबीर सामुदायिक भवन के आहता निर्माण कार्य हेतु 04 लाख रुपये देने की घोषणा किये।

इस अवसर पर लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, रीना मिथलेश वर्मा सदस्य जनपद पंचायत बेमेतरा, होमलाल साहू सदस्य जनपद पंचायत बेमेतरा, प्रवीण शर्मा, दयासिंह वर्मा, भावसिंह राज, गप्पू दाऊ वर्मा, धनंजय साहू, बोधन साहू, अनिल दुबे, जयप्रकाश साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, संदिप वर्मा उप सरपँच, रामसिंग वर्मा, मोहनसिंह वर्मा, सरपंच पार्वती मोहन वर्मा, उपसरपंच संदीप वर्मा, किसुन वर्मा, मोहल्लु वर्मा, सनत निषाद, श्रीराम निषाद, रविशंकर वर्मा, पदूम निषाद, डोमन वर्मा, सहित अन्य उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद गरियाबंद एवं नगर पंचायत छुरा के सम्पूर्ण क्षेत्र कंटेनमेंट जोन घोषित

26 जुलाई से 01 अगस्त तक आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी गतिविधियों पर रोक, सीमा क्षेत्र अंतर्गत सभी सीमाएं होंगी सील

■ जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

गरियाबंद। नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) एक संकामक बीमारी है, इस बीमारी से विश्व सहित देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रहीं है। छत्तीसगढ़ राज्य में भी अद्यतन स्थिति में 5 हजार 968 धनात्मक मरीजों की पहचान की जा चुकी है एवं प्रतिदिन कोरोना पॉजिटिव मरीजों की तादात बढ़ती चली जा रही है। गरियाबंद जिले में भी प्रतिदिन लगातार कोरोना पॉजिटिव मरीज चिन्हित किये जा रहे हैं। आज दिनांक तक कुल 76 कोरोना पॉजिटिव मरीज की पहचान जिले में की गई है। कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी गाईड लाईन अनुसार कोरोना पॉजिटीव केस पाये जाने वाले क्षेत्रों में कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। इसके बावजूद इन क्षेत्रों में कोरोना पॉजिटीव मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। अतः यह आवश्यक है कि इस संकामक बीमारी के प्रसार को रोकने हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाये। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तथ्य परिलक्षित है कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के संपर्क में पीड़ित, संदेही को दूर रहने की सख्त हिदायत है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि इससे बचने के सभी संभावित उपाय अमल में लाया जाये। (कोविड-19) के प्रसार को देखते हुए इसके प्रसार को रोकने के लिए कड़े सामाजिक अलगाव के उपयोग को अपनाना उचित एवं आवश्यक हो गया है। अतः उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा कोराना वायरस के संकमण को रोकने हेतु नगर पालिका परिषद गरियाबंद, नगर पंचायत छुरा, के सम्पूर्ण क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किया जाता है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छतर सिंह डेहरे द्वारा आदेश जारी कर महामारी रोग अधिनियम, 1897 के संदर्भ में शासन द्वारा दिये गए शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला गरियाबंद के क्षेत्र के अंतर्गत संकमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु 26 जुलाई से 01 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक निम्नांकित गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है एवं यह भी आदेशित किया गया है कि नगर पालिका परिषद गरियाबंद एवं नगर पंचायत छुरा क्षेत्र के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय कार्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है, सभी पदाधिकारी तथा कर्मी अपने घर से शासकीय कार्यो का निष्पादन करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय प्रमुख उन्हें कार्यालय में बुला सकेंगे। नगर पालिका परिषद गरियाबंद, नगर पंचायत छुरा नगरीय क्षेत्रों में समस्त सार्वजनिक परिवहन सेवायें, जिसमें निजी बसें, टैक्सी, ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा, रिक्शा इत्यादि भी शामिल हैं, के परिचालन को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है। केवल इमरजेंसी मेडिकल सेवा वाले व्यक्तियों को वाहन द्वारा आवागमन की अनुमति रहेगी। ऐसे निजी वाहन जो इस आदेश के अंतर्गत आवश्यक वस्तुओं/सेवाओं के उत्पादन एवं उनके परिवहन का कार्य कर रहें हों, उन्हें भी अपवादिक स्थिति में तत्कालीक आवश्यकताओं को देखते हुए परिवहन की छूट रहेगी। नगर पालिका परिषद गरियाबंद, नगर पंचायत छुरा में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं के आवागमन को छोड़कर क्षेत्र की सभी सीमाओं को एतद् द्वारा सील किया जाता है। सिर्फ वाणिज्यिक कार्गो परिवहन की अनुमति ही इस प्रतिबंधित क्षेत्र में (रात में भी) होगी। नगर पालिका परिषद गरियाबंद, नगर पंचायत छुरा क्षेत्र की सभी दुकानें, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, गोदाम, साप्ताहिक हाट-बाजार आदि अपनी सम्पूर्ण गतिविधियों को बंद रखेंगे। नगर पालिका परिषद गरियाबंद, नगर पंचायत छुरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फैक्ट्री, निर्माण एवं श्रम कार्य संचालित करने वाली इकाईयों को शर्तो के अधीन छूट रहेगी। सभी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थल आम जनता के लिए पूर्णतः बंद रहेंगे। सभी नागरिक अपने घर में ही रहेंगे। बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के क्रम में बाहर जाने पर सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करेंगे। किसी भी स्थिति में एक से अधिक व्यक्तियों (इसमें ड्रायवर भी शामिल है) को घर से बाहर जाने से प्रतिबंधित किया जाता है। घर से बाहर जाने की स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति को अनिवार्यतः अपना वैध पहचान पत्र साथ में रखना होगा।

एनएमडीसी बचेली के सौजन्य से निर्माण कार्य ड्रग वेयर हाउस बीजापुर के शिलान्यास बोर्ड से गायब है जनप्रतिनिधियों के नाम

■ **स्वीकृति राशि 1,53,50000 आदि का उल्लेख शिलान्यास बोर्ड में में किया गया है, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह एवं पूर्व वन मंत्री महेश गागडा ने किया था भवन का शिलान्यास।**

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। एनएमडीसी (सीएसआर) बचेली के सौजन्य से जिला मुख्यालय बीजापुर के क्रिकेट स्टेडियम से लगे और आईआईटी कालेज के सामने निर्मित ड्रग वेयर हाउस भवन का आज तक इस्तेमाल ना होना संदेह के घेरे में तो था ही लागत लगभग 1 करोड़ 53 लाख रूपये से भी अधिक की राशि से निर्मित ड्रग वेयर भवन के शिला न्यास बोर्ड में भी सही सही जानकारियां जल संसाधन विभाग द्वारा नहीं दी गई है शिलान्यास बोर्ड में हस्ष्ष्ट (ष्टस्क्र) बचेली के सौजन्य से निर्माण कार्य ड्रग वेयर हाउस बीजापुर (छग) स्वीकृति राशि 1,53,50000 आदि का उल्लेख शिलान्यास बोर्ड में में किया गया है जबकि बोर्ड पर नियमतः निविदा दिनांक, निविदा प्राप्तकर्ता ठेकेदार का नाम, अनुबंध क्रमांक, कार्य एजेंसी का नाम एवं कार्य निरीक्षण हेतु नियुक्त अभियंता का नाम जैसे तथ्यों का उल्लेख होना चाहिए और साथ ही बोर्ड में शिलान्यास दिनांक के साथ - साथ उपस्थित जन प्रतिनिधियों के नाम दिनांक सहित होना चाहिए था। लेकिन ड्रग वेयर हाउस बीजापुर के भवन में लगे बोर्ड को देखने से ऐसा कुछ भी लिखा हुआ दिखाई नहीं देता है। ऐसा लगता है कि ठेकेदार और संबधित निर्माण एजेंसी ने बडे ही गुपचुप तरीक़े से स्तरहीन भवन का निर्माण कर करोड़ों रूपये का बंदरबांट कर दिया अब वह ड्रग वेयर हाउस भवन अनु उपयोगी के साथ खंडहर में तब्दील हो रहा है जिले के विकास के लिए हस्ष्ष्ट के ष्टस्क्र मद से मिलने वाली राशि का दुरुपयोग कैसे किया जाये इस भवन को देखकर समझा जा सकता है। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी शिलान्यास बोर्ड से ही जनप्रतिनिधियों के ही नाम गायब हुए हो बहरहाल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह एवं पूर्व वनमंत्री महेश गागडा ने उक्त भवन का शिलान्यास किया था। लेकिन शिलान्यास बोर्ड में विभाग ने इनका नाम तक नहीं लिखा गया है।

न्यूज गैलरी

क्वारेंटाइन सेंटर में जवान सर्पदंश का शिकार, हालात नाजुक

बीजापुर। जवान अर्जुन कुमार हाल ही में अवकाश से लौटा था। उन्हें महादेव घाटी स्थित कैम्प में क्वारेंटाइन सेंटर में रखा गया था।

सोमवार की रात सेंटर में आए करैत सांप ने उन्हें डस लिया। वे चारपाई पर सोए हुए थे।कोरोना संक्रमण महामारी से तो पूरी दुनिया जूझ रही है, अब जहरीला सांप भी कहर बरपा रहे है, घटना बीजापुर की है। जंहा पर सीआरपीएफ की 229 बटालियन के एक जवान को क्वारेंटाइन सेंटर में सोमवार की रात करीब डेढ़ बजे जहरीला करैत सांप ने डस लिया। अभी जवान की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।घटना के बाद साथी जवानों ने उन्हें तत्काल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। हॉस्पिटल सूत्रों के मुताबिक जवान को मंगलवार की रात करीब तीन बजे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। स्थिति को देखते उन्हे तत्काल जगदलपुर रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि सर्पदंश का शिकार हुए सीआरपीएफजवान को जगदलपुर से हेलीकॉप्टर की मदद से रायपुर रेफर किया गया है। उस वक्त जवान की स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

हेलीकॉप्टर की मदद से रायपुर रेफर

जीओ नेटवर्क का अब भी इंतजार है बासागुड़ा वासियों को

बीजापुर - नवप्रदेश। पिछले कई महीनों से बासागुड़ा से सटे ग्राम सारकेगुडा में जीओ टावर लगा पर आज तक उस टावर का लाभ

क्षेत्र वासियों को मोबाइल नेटवर्क के रूप में नहीं मिल रहा है। मोबाइल नेटवर्क सेवा से दूर क्षेत्र के ग्रामीण अब भी नेटवर्क चालू होने के इंतजार में हैं। मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं होने के चलते बासागुड़ा क्षेत्र के ग्रामीण जरूरी सेवाओं का लाभ लेने के लिए 20 से 30 किलो मीटर दूर आवापल्ली या फिर 50 से 60 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय बीजापुर आना होता है जिसके लिए ग्रामीणों का समय व पैसे दोनों की बर्बादी होती है। जानकारी के अनुसार पिछले कई महीनों से सारकेगुडा सीआरपीएफकैम्प के अंदर जीओ टावर खडा कर तो दिया। लेकिन चालू करना भूल गये है। ग्रामीणों का कहना है कि सारकेगुडा कैम्प में जीओ टावर लगे कई महीने हो गए है लेकिन जीओ मोबाइल नेटवर्क सेवा का लाभ आज तक नहीं मिल रहा है। अपने परिजनों से बातचीत करने के लिए उपभोक्ताओं को तिम्मापुर गाँव के आसपास आना पड रहा है। जहां का नेटवर्क सेवा भी ठीक से काम नही करता है।

भैरमगढ़ ब्लॉक के सचिव संघ के अध्यक्ष बने लक्ष्मण हपका और उपाध्यक्ष बने बोंड़कू राम

बीजापुर - नवप्रदेश। जिले के भैरमगढ़ विकासखंड ब्लॉक इकाई जनपद पंचायत भैरमगढ़ के अंतर्गत कार्यरत सचिव के द्वारा अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष प्रवक्ता संरक्षक और मीडिया प्रभारी कार्यकारिणी सदस्य का गठन किया गया जिसमें लक्ष्मण हपका अध्यक्ष चुने गए और बोंड़कूराम उपाध्यक्ष चुने गए। अनीता चौहान को कोषाध्यक्ष तथा शंकर जुमार को प्रवक्ता शैलेंद्र सिंह को संरक्षक तथा सदा शाह मंडावी को सह कोषाध्यक्ष एवं कोमल निषाद को मीडिया प्रभारी तथा सह मीडिया प्रभारी बसंत वाचम को बनाया गया और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सोहन कश्यप ,दुलाराम कश्यप, महादेव वट्टी, एरैया तोड़सम एवं मालू राम वचम को शामिल किया गया सचिव संघ का चुनाव जनपद पंचायत भैरमगढ़ के कार्यालय में संपन्न कराया गया। इस अवसर पर अंबेली पंचायत सचिव माधवराव कोंड्रा सहित सभी पंचायतों के सचिव गण मौजूद रहे।

जगदलपुर के रिहायशी इलाके संजय मार्केट में एक कोरोना पॉजिटिव मरीज की हुई पुष्टि

जगदलपुर। शहर के बीचोबीच कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने की खबर से शहर में सनसनी फैल गई है। जगदलपुर शहर में एक कोरोनावायरस के मिलने की पुष्टि हुई है मेडिकल कॉलेज में कार्य करने वाली नर्स के रूप में इसकी पहचान हुई है जगदलपुर के संजय मार्केट रहने वाली इस युवती का जब परीक्षण किया गया तो पॉजिटिव मिलने के संकेत मिले जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया और पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया है मरीज को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा है। इस मामले की जानकारी देते हुए नगर निरीक्षक एमन साहू ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इस नर्स के रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव के रूप में पुष्टि हुई है

लैब टैक्निशियनों का चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

मुंगेली। कोविड 19 संक्रमितों के जांच हेतु लैब टैक्निशियनो की भर्ती हेतु उनसे प्राप्त आवेदन पत्रो की जांच और प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात् लैब टैक्निशियनो का चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दिये गये है। लैब टैक्निशियनो का चयन एवं प्रतीक्षा सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी की गई है। चयन एवं प्रतीक्षा सूची का अवलोकन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचनापटल और जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

इस लॉकडाउन में रखी जा रही हैं कड़ी निगरानी

■ **कलेक्टर दंतेवाड़ा दीपक सोनी की नेतृत्व में लॉक डाउन का पालन करवाने एसडीएम व डिप्टी कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज और तहसीलदार पीआर पात्रे के द्वारा लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा हैं.**

किरंदुल । राज्य में दिन व दिन बढ़ रही कोरोना मरीज की नियंत्रण हेतु छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रदेश में एक सप्ताह का लॉक डाउन लगाया गया हैं। जिसकी मॉनिटरिंग करने शासन ने प्रदेश की सभी जिलाओं के कलेक्टर को इसका प्रभार सौपा हैं एवं राज्य की सभी जिलाओ के कलेक्टर अपने अपने जिला में लॉक डाउन लगाया है जो एक सप्ताह तक चलेगा।

इस बार बढ़ती कोरोना वायरस की प्रकोप को रोकने जिला प्रशासन दंतेवाड़ा काफी सख्त हो गई है।

कलेक्टर दंतेवाड़ा दीपक सोनी की नेतृत्व में नगर में एसडीएम व डिप्टी कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज और तहसीलदार पीआर पात्रे लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं ताकि अनावश्यक रूप से कोई बाहर तो नहीं घूम रहा हैं। इस बीच जिला प्रशासन के द्वारा जारी गाईड लाईन के आधार पर ही दैनिक आवश्यकताओं की दुकाने ही खोली गई और बाकि सब दुकाने बन्द हैं। लगातार जिला प्रशासन के द्वारा पूरे जिले की मॉनिटरिंग की जा रही है।

पौधा रोपण का हुआ आयोजन

दतिमा मोड़। पर्यावरण की सुरक्षा और रक्षा के लिए पेड़ों का लगाना अति महत्वपूर्ण है क्योंकि वर्तमान में हमारा प्रकृति से नष्ट हो रहा है यदि समय रहते हुए इसका संरक्षण ना किया गया तो आने वाला समय काफी खतरनाक हो सकता है इसी को ध्यान में रखते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा के द्वारा सूरजपुर विकासखंड के ग्राम कमलापुर में पौधारोपण किया गया इस दौरान हिंदू महासभा के जिला उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल ने पौधारोपण कर ग्रामीण लोगों को प्रेरित किया और यह संदेश दिया कि हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए और उनकी रक्षा भी करनी चाहिए क्योंकि हम लोग पेड़ों की कटाई तो बहुत करते हैं पर पौधे नही लगाते हैं। यदि प्रकृति से यदि ले रहे तो हम मानव प्रकृति को देना भी है। इसलिए संकल्प लेना होगा कि पेड़ पौधों की ज्यादा से ज्यादा रक्षा करें अपने घरों के आसपास गांव की खाली सरकारी भूमि में व वन विभाग की भूमि में हम अपना श्रमदान देकर पौधारोपण कर सकते हैं क्योंकि पेड़ है तो जीवन है। आज हम विश्व महामारी कोरोना वायरस से जूझ रहे हैं इसका वजह कहीं ना कहीं प्रकृति का हनन और दोहन है। इसलिए अभी भी वक्त है हम सबको सचेत और सतर्क,जागरूक हो जाना है ताकि प्रकृति अपना कहर न ढाए अनूप जयसवाल ने यह भी कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पेड़ों व पौधों का बहुत महत्व है क्योंकि हमारे हिंदू धर्म में पेड़ों को पवित्र माना जाता है उनकी पूजा होती है, हम संपूर्ण को धरती को स्वर्ग तभी बना पाएंगे जब पेड़ों की रक्षा होगी आज जीव जंतुओं का का विनाश का कारण भी प्रकृति का दोहन ही है। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित अभय जायसवाल, तुलेश्वर राजवाड़े, संतोष राजवाड़े, मिथलेश राजवाड़े, पारस पैकरा, भूषण बघेल व आदि उपस्थित थे।

भारत सरकार न्याय व अधिकारिता विभाग के परिपालन में कैम्पेन समिति हेतु विकास को किया गया चयनित

दतिमा मोड़। कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग जिला सूरजपुर के माध्यम से भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग का अर्ध शासकीय पत्र के परिपालन में सूरजपुर जिले में नशा मुक्त भारत कैम्पेन समिति का गठन किया जाना है। जिस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर के प्रतिनिधि के रूप में जिला न्यायाधीश महोदय के द्वारा एक सदस्य का नामांकन किये जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र के परिपालन में जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष हेमंत सराफ द्वारा पैरालीगल वालेंटियर व सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार प्रजापति को नामित किया है। सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार प्रजापति को जिले में बेहतर सामजिक कार्य को देखते हुए उनका नाम चयनित किया है उन्होंने लगातार समाज के अंतिम पंक्ति तक के लोगो के पास पहुंच कर कानूनी व अन्य विषयों पर भी लोगो को जागरूक करते आ रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव छाया सिंह ने भी विकास कुमार प्रजापति को शूभकामनाये दी नाम चयनित होने पर जिले में हर्ष का माहौल हैं।

पुष्पा सिंह बनी सांसद प्रतिनिधि

दतिमा मोड़। सूरजपुर विकास समन्वय एवं निगरानी समिति हेतु पुष्पा सिंह को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है, यह नियुक्ति केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार एवं सरगुजा सांसद रेणुका सिंह द्वारा की गई है, बता दे कि पुष्पा सूरजपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले डेडरी की निवासी है साथ ही तेजतर्रार महिला नेत्री है और वर्तमान में सूरजपुर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष की कमान संभाल रही है, लगातार पार्टी में सक्रियता को देखते हुए रेणुका सिंह द्वारा सांसद प्रतिनिधि का दायित्व दिया गया है, पुष्पा ने इस नियुक्ति को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह का आभार व्यक्त किया है सिंह के सांसद प्रतिनिधि मनोनीत होने की खबर मिलते ही महिलाओ में काफी हर्ष है, साथ ही समर्थकों, परिवारजनों सहित क्षेत्रीय जनता का बधाई व शुभकामनाएं का सिलसिला जारी हो गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ रही है।

जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक अब 5 अगस्त को

मुंगेली। जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता मे जिला जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक अब 5 अगस्त को होगी। इसके पहले जिला जिला पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 24 जुलाई को आयोजित की गई थी। 24 जुलाई को आयोजित बैठक को कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु 28 जुलाई तक लागू लॉकडाउन के कारण स्थगित की गई है। जिला पंचायत के सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति के सचिव ने समिति से संबंधित सभी अधिकारियों को पूर्ण जानकारी के साथ निर्धारित स्थान और समय पर उपस्थित होने को आग्रह किया है।

निगरानीशुदा गिरफ्तार, बीच सड़क लहरा रहा था चाकू

जगदलपुर। शहर के आमागुड़ा चौक में कल देर रात चाकू लहराते एक निगरानी शुदा बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, युवक कल रात में चाकू लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था, इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के सामने युवक धारदार चाकू से अपने ही उपर वार करने लगा।

जिसके बाद पुलिस के जवानों ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा और फिर थाने ले आये। कोतवाली के थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपी युवक का नाम किरण नाग है जो आदतन अपराधी आमागुड़ा का ही रहने वाला है इससे पहले भी उसने इस तरह की हरकत की है।

थाना प्रभारी ने आगे बताया कि मौके पर जब पुलिस पहुंची तो वह गिरफ्तारी के डर से धारदार हथियार से अपने ही शरीर पर वार करने लगा। जिससे उसको चोट भी आई है। कल देर रात युवक का महारानी अस्पताल में इलाज करने के बाद उस पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए जेल भेज दिया गया है। हालांकि आरोपी ने किसी को भी चाकू से कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है।

नायब तहसीलदार के पद पर राहुल कौशिक नियुक्त

मुंगेली। छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के आदेश के तहत राहुल कौशिक को राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग में नायब तहसीलदार (परि.) के पद पर नियुक्त कर जिला मुंगेली मे पदस्थ किया गया है। कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने नवनियुक्त नायब तहसीलदार कौशिक को जिले मे 28 फरवरी 2022 तक प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये है। प्रशिक्षण अवधि में राहुल कौशिक नायब तहसीलदार (परि.) निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और समय-समय पर कलेक्टर कार्यालय को प्रशिक्षण के बारे मे जानकारी देंगे।

माह जुलाई से नवम्बर तक एक किलोग्राम चना नि:शुल्क

मुंगेली। जिले के अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल, निराश्रित, अन्नपूर्णा एवं निःशक्तजन राशन कार्डधारको को चालू माह जुलाई से नवम्बर माह तक एक किलोग्राम चना निःशुल्क दिया जाएगा। इस संबंध मे कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने जिले के सभी 368 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालको को निःशुल्क चना वितरण करने के निर्देश दिये है। उन्होने जिले के सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र जारी कर अंत्योदय , प्राथमिकता,एकल, निराश्रित , अन्नपूर्णा एवं निःशक्तजन राशन कार्डधारको को माह जुलाई से माह नवम्बर तक के लिए चने के आबंटन एवं वितरण की जानकारी ग्राम पंचायतो मे मुनादी कराकर तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया के माध्यम से पर्याप्त प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये है। उन्होने चना के दुरूप्रयोग किये जाने तथा शासन के निर्देशों का अवहेलना किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के अनुसार कड़ी कार्यवाही करने की बात कहीं।

स्वर्गीय बिसाहू दास की पुण्यतिथि मनाई गई

सक्ती। स्वर्गीय बिसाहू दास महंत के 42 पुण्यतिथि पर नगरपालिका के सभागार में स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर आज उन्हें याद किया इस अवसर पर उनके समर्थकों द्वारा नगरपालिका के अहाता में पुण्यतिथि के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में शक्ति नगर कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल गिरिधर जायसवाल पिन्टुठाकुर आनंद अग्रवाल महबूब भाई सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि तथा मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल के द्वारा कहा गया कि स्वर्गीय साहु दास महान जी एक महान पुरुष थे छत्तीसगढ़ को पूरे देश में पहचान बनाने में इनका अहम योगदान रहा है और इनके द्वारा हमेशा सभी छत्तीसगढ़ वासियों को अपना समझ कर उनका विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते थे नगर के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा पुण्य तिथि में भाग लेकर श्री बिसाहू दास महंत जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया इस अवसर पर जिला कोषा कांग्रेश अध्यक्ष आनंद अग्रवाल महबूब खान पिन्टुठाकुर पूर्व सांसद अधिवक्ता गिरिधर जायसवाल के द्वारा याद करते हुए कहा गया कि श्री बिसाहू दास महंत जी कांग्रेश पार्टी के विचारधारा के महान पुरुष थे और उनके द्वारा सभी दलित निचले वर्गों को साथ में लेकर हमेशा देश हित के लिए लोगों को जागरूक करते रहे और हमेशा सभी वर्गों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे।

और सभी वर्गों को एक नई दिशा दिखाते रहते थे और हम सभी को आज उनके पुण्यतिथि के अवसर पर उनके दिखाए हुए दिशा मार्ग पर कार्य करना है और इसी के साथ सच्चे मन से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल आनंद अग्रवाल महबूब भाई गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर ईश्वर लोधी रिकी अग्रवाल राम सजीवन देवांगन मनीष कथुरिया रथराम पटेल सहित नगर पालिका के कर्मचारी गण तथा नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

वन उसरी के जंगल से घायल हिरण को रेस्क्यू कर किया जा रहा इलाज़

कोंडागॉव। बस्तर के जंगलों में आज भी वन्य जीव स्वछन्द विचरण करते यदा-कदा नज़र आ ही जाते है।वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क पार करते कई बार वन्यजीव घायल भी हो जाते है। वहीं ग्रामीणों की सजगता से कई बार वन्य जीवों को नव जीवन भी मिल जाता है। मंगलवार 21 जुलाई को शाम 5 बजे जंगलो में पशु चरा रहे चरवाहे से विभागीय अधिकारियों को जानकारी मिली की वन उसरी के जंगल ने हिरण घायल अवस्था मे पड़ा है व चल भी नही पा रहा है। जिसके बाद पदम सिंह पांडे उप वन क्षेत्र पाल व परिसर वनरक्षक वन उसरी नोहर सिंह गुरु मौके पर आर एफ़ 566 में पहुंच घायल हिरण को रेस्क्यू कर जिला मुख्यालय लाया गया।जिसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी से उक्त हिरण का इलाज करवाया जा रहा है। मिली जानकारी अनुशार हिरण की उम्र लगभग 5 वर्ष है व उसके पैरों में चोट के चलते वह घायल है। वही परिक्षेत्र अधिकारी ने जानकारी देते कहा कि उक्त वन्य जीव को स्वास्थ्य होते ही पूनः सुरक्षित जंगल मे छोड़ दिया जाए।

नगर पालिका अधिकारी एचआर ने लोगों से लॉकडाउन का पालन की अपील

किरंदुल । लौह नगरी किरंदुल में लॉक डाउन की प्रथम दिवस पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी एच आर गोंदे दल - बल के साथ निकलकर मेन मार्केट, बंगाली कैंप, बस स्टैंड गांधीनगर इन सभी जगहों का भ्रमण कर पूर्ण लॉक डाउन का पालन करवाने जायजा लिया। इस बीच उन्होंने नगर में अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों को लॉकडाउन में घर पर रहने की समझाईस दी और साथ में सोशल डिस्टेंसिंग में रहने व मास्क लगाने को कहा । इस दौरान नगर पालिका के नल जल अधिकारी डीएस साहू, राजस्व अधिकारी गौरीशंकर तिवारी,मनराखन लाल ठाकुर, पुलिस विभाग के गंगाराम सोढ़ी एवं पुलिस बल मौजूद रही ।

मत्स्य कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष का कांग्रेस तथा समाज के लोगों ने किया आत्मीय स्वागत

कांकेर। छ.ग. शासन के द्वारा नवनियुक्त मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री एम.आर. निषाद के कांकेर आगमन पर स्थानीय विश्रामगृह में कांग्रेसजनों तथा उनके समाज के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया । इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष श्री एम.आर. निषाद ने कहा कि कांग्रेस में रहकर सदैव ही मैंने पार्टी तथ समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जिसके परिणाम स्वरूप सरकार बनने के बाद मुझे इस पद में सेवा देने का अवसर प्राप्त हुआ है । मैं सदैव मत्स्य पालन एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों के हितों के प्रति तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि आज शपथ लेना था किन्तु राजधानी में लॉकडाउन के चलते आज का कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश संगठन प्रमुख श्री मोहन मरकाम के प्रति आभार ज्ञापित किया । इस दौरान प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, पूर्व नपाप अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला तरेन्द्र भण्डारी मनोज जैन सुनील गोस्वामी चाकेश्वर गढ़पाले, परदेशी निषाद दिलीप नाग समाज प्रमुख नूजराम कोसरिया आत्माराम निषाद, आशा निषाद सोहन रिग्री, श्रीमती लोंदा रिग्री अरूण नाग, रमेश नाग, दीपक शोरी,अजय रेणु इशहाक अहमद खान चमन साहू शिवांकित श्रीवास्तव,प्रीतम यादव,लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, अमित,शब्बीर मेमन सहित आदि उपस्थित थे ।

तीन हितग्राहियों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर। चारामा विकासखण्ड के ग्राम तिरकादण्ड निवासी कुमारी गीतांजली मण्डावी, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कुल्हाड़कट्टा निवासी कुमारी ज्योति गावड़े और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के बड़गांव थाना अंतर्गत ग्राम ऐनहूर निवासी कुमारी सनीता कोवाची के लिए कलेक्टर श्री के.एल. चौहान द्वारा 04-04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है, जिसमें से प्रथम किस्त की राशि 02-02 लाख रूपये भुगतान करने की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत सहायता राशि अनुसूचित जाति, जनजाति (आकस्मिकता योजना) नियम-1995 के नियम-7 के उपबंध अनुसार बैंक की मासिक आय योजना के अंतर्गत हितग्राही के बैंक खाते में जमा की जाएगी।

जिले में अब तक 398.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

कांकेर। चालू मानसून के दौरान कांकेर जिले में 1 जून से अब तक 398.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीती रात से जिले के पखांजूर तहसील में सर्वाधिक वर्षा 67.3 मिली मीटर और सबसे कम चारामा तहसील में 3.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार आज 23 जुलाई की स्थिति में कांकेर तहसील में 20.5 मिली मीटर, भानुप्रतापपुर में 4.8 मिली मीटर, दुर्गूकांदल में 14 मिली मीटर, अंतागढ़ में 38.1 मिली मीटर और नरहरपुर में 8.2 मिली मीटर औसत वर्षा अब तक दर्ज की गई है।

हरदेव सिन्हा की मृत्यु पर आक्रोशित भाजयुमो ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- **शासन की वादाखिलाफी और संवेदनहीनता ने ले ली गरीब युवक की जान-दीपेश अरोरा**
- **शासन पीड़ित परिवार के सदस्य को नौकरी और 50 लाख रुपया अनुग्रह राशि दे : भाजयुमो**

कोंडागॉव। मुख्यमंत्री के नाम आवेदन सौंपते जिला भाजपा अध्यक्ष दीपेश अरोरा ने कहा कि कांग्रेस सरकार की वादा खिलाफी इतना भयानक रूप ले लेगी यह कभी सोचा ही नही था। हरदेव के परिवार के साथ भारतीय जनता पार्टी की गहरी संवेदना है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा सरकार से यह मांग करती है कि हरदेव सिन्हा के परिवार को 50 लाख बतौर मुवावजा और पत्नी को शासकीय नौकरी तत्काल दिया जाय। सरकार अपने किये वादों को शीघ्र पूर्ण करे। साथ ही ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसलिए युवाओं को रोजगार भत्ता 2500रु

आदि देने के वादे शीघ्र पूरा करे।

विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व मुख्यमंत्री आवास के सामने बेरोजगारी से जूझ रहे धमतरी के युवक ने मुख्यमंत्री से मिलने' की मांग न पूर्ण होने पर अग्निस्नान कर लिया था, जिसका मृत्यु दुर्घटना के कारण 22 जुलाई को मेकाहारा रायपुर में निधन हो गया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने परिवार को न्याय दिलाने हेतु निम्न मांगो को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा कोन्डागाव जिला ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कोन्डागाव को 23 जुलाई गुरुवार को ज्ञापन सौंपा।

स्वर्गवासी हरदेव सिन्हा की पत्नी को यथायोग्य सरकारी नॉकरी दी जाय ।

उनके दोनों बेटियों के भविष्य को ध्यान में रखकर उनके निःशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की जाय । उनके दोनों बेटियों के नाम पर 5-5 लाख रुपये उनके 18 वर्ष की उम्र तक राष्ट्रीकित बैंक में फ़िक्स डिपॉजिट किया जाय । उनके परिवार को तत्काल 50लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाय । प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप मे भाजपा जिला अध्यक्ष दिपेस अरोरा भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जितेन्द्र सुराना भाजयुमो जिला अध्यक्ष जसकेतु उसेन्डी जिला महामंत्री युवा मोर्चा, मनीस देवांगन पोल्टु चोधरी बन्टी नाग उपस्थित थे ।

लॉकडाउन होते ही अवैध कारोबार का बोलबाला

मुंगेली। नगर सहित आस पास के क्षेत्रों में चल रहे अवैध कारोबार का बोल बाला जोर शोर से चल रहा है, जिसके चलते असमाजिक त्तवों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है, लाकडाउन के चलते जहां लोगो को घरों में रहने की हिदायद दी जा रही है, वही जुआ सट्टा, और नशिली वस्तुओं में लिप्त लोगो को न ही लाकडाउन से कोई सरोकार नजर आ रहा है, न ही इन लोगो को कानून का भय प्रतित हो रहा है। वही बिते कल काफी दिनों बाद पुलिस की कार्यवाही नजर आई है, जिसमें 2 लोगो को मुंगेली पुलिस ने पकडने में सफलता हासिल की है।

पुरा मामला मुंगेली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहतरा है जहां मिली पुलिस ने सुचना के आधार पर दबीश देकर जुआ खेल दो लोगो को धर दबोचा, वही कुछ लोग भागने में सफल हो गये, पुलिस ने मौके से 4 बाईक, 1 बुलेरो को जब्त किया है, प्रदेश में बढते कोरोना केसो के चलते प्रदेश में जहां लाकडाउन घोषित किया गया है। वही दुसरे तरफ जुआ सट्टा और नशे की गिरफ्त लोगो को झुंण्ड बना कर बैठे आसानी से देखा जा सकता है। जिसको देखते हुए ये प्रतित होने लगा है कि इन लोगो पर कोई बडी कार्यवाही न हो पाने के कारण इनके हौसले बुलंद हो चले है। नगर और आस पास के सून सान जगहो पर ये लोग अपने गतिविधियों को अंजाम देते है।

ग्रामीण क्षेत्रो में जुआ शराब की धूम

इन दिनों ग्रामीण अंचलों में जुआ शराब सहित नशे की अन्य वस्तुओं की बिक्री धडल्ले से चल रही है वही गांव के चैक चैराहो में झुंण्ड लगा कर रहने के कारण आस पास से गुजरने वाली महिलाओं और बच्चियों को भी परेशानियों का सामना करना पडता है ।

कांग्रेसजनों ने तिलक, आजाद का जन्मदिन मनाया

- **छ.ग. पूरोधा बिसाहूदास महंत के पुण्य तिथि पर उन्हें दी श्रद्धांजली**

कांकेर। जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा 23 जुलाई को विधायक निवास कांकेर में स्वतंत्रता संग्राम के नायक बालगंगाधर तिलक तथा देश के आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए शहीद हुए नायक चन्द्रशेखर आजाद का जन्मदिवस पर उन्हें याद करते हुए कांग्रेसजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये । इस दौरान छ.ग. के माटीपुत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिसाहूदास महंत के पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गई तथा अविभाजित मध्यप्रदेश में मंत्रीत्व काल में उनके द्वारा क्षेत्र में सिंचाई और सड़क अधोसरंचना को विकसित करने में किये गये कार्य को याद किया गया। साथ ही साथ कांकेर शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आमापारा निवासी बिसाहू लाल के निधन पर उन्हें कांग्रेस संगठन के द्वारा श्रद्धांजली भी अर्पित की गई। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, पूर्व नपाप अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, तरेन्द्र भण्डारी, मनोज जैन, सुनील गोस्वामी, चाकेश्वर गढ़पाले, दीपक शोरी, अजय रेणु, इशहाक अहमद खान, चमन साहू, शिवांकित श्रीवास्तव, प्रीतम यादव, लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, अमित, शब्बीर मेमन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे ।

जिला पंचायत सीईओ ने पैडी ट्रांसप्लांटर से धान के कतार बोनी का किया अवलोकन

- **कृषि विभाग के कार्यों का निरीक्षण**

कांकेर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने आज नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम श्रीगुहान के कृषक बालमुकुंद वट्टी के खेत में स्वचलित पैडी ट्रांसप्लांटर से सुगंधित धान विष्णु भोग की कतार से रोपाई का निरीक्षण कर अधिक से अधिक किसानों को कतार रोपाई पद्धिति को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कृषि विभाग के द्वारा संचालित किये जा रहे विभिन्न विभागीय प्रदर्शनों का निरीक्षण किया और उपस्थित कृषकों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उन्हें आय में वृद्धि के लिए सुझाव एवं मार्गदर्शन भी दिये। श्रीगुहान के गौठान को मल्टी एक्टिविटी सेंटर के रूप में विकसित करने के लिये किये जा रहे कार्यों तथा गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी, वर्मी बेड से वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन, मुर्गीशेड निर्माण का कार्य, बकरी शेड निर्माण एवं चारा

उत्पादन कार्यों की प्रगति का अवलोकन कर जनपद पंचायत सीईओ एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये तथा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा तालाब में मछली उत्पादन, उद्यानिकी विभाग के द्वारा सब्जी बीज उत्पादन एवं रागी फसल उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। नवतुलसी कृषक अभिरूची समूह द्वारा लगाये गए जिमिकंद किस्म गजेन्द्र तथा हल्दी किस्म रोमा की अंतरवर्तीय फसल का निरीक्षण कर मूल्य संवर्धन हेतु हल्दी का पाऊडर बनाकर बेचने की सलाह महिला समूह के सदस्यों को दिया। कृषक हेमलाल मंडावी द्वारा ग्राम में पहली बार लगाये जा रहे ब्लैक राईस एवं विष्णु भोग धान की फसल का निरीक्षण कर अंबिका पैडी वीडर से निंदाई के कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके द्वारा गौठान में आत्मा योजना अंतर्गत 10 महिलाओं को उन्नत उड़द बीज मिनीकीट का वितरण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य श्री विमल कुमार नेताम, कृषि विभाग के सहायक संचालक सूरज पंसारी, अनुविभागीय अधिकारी कृषि जितेन्द्र कोमरा, जनपद पंचायत सीईओ के.एस. ध्रुव, सुश्री संगीता राय, विकासखण्ड स्तर के विभागीय अधिकारी कर्मचारी, गौठान समिति के सदस्य, महिला स्वसहायता समूह के सदस्य तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

ग्रामीणों का पक्ष लेने पर...

निवासी थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक घायल ग्रामीणों में हिड़मा डेगा मरकाम, जोगा पोड़ियामि, और जोगा मंडावी शामिल हैं। वही मृतकों के नाम बजरंग वेट्टी और टिडो मंडावी है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। नक्सलियों ने मिच्चीपारा के जंगलों में बुधवार व गुरुवार की दरम्यानी रात को इस वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है उन्होंने नक्सलियों के मुखबिर होने के शक में तीन ग्रामीणों की पिटाई की।

गोबर खरीदी का पहला...

विक्रेताओं से क्रय किए गोबर की राशि उनके खाते में सीधे अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु वनोपजों की मार्केटिंग व्यवस्था पर विशेष रूप ध्यान दिया जाए। वनोपजों के बड़ी मात्रा में उपयोग करने वाली कम्पनियों से अनुबंध कर उनकी जरूरत की गुणवत्ता की वनोपजों और वनोषधियों को प्रसंस्करण करने के बाद कम्पनियों को उपलब्ध कराया जाए, जिसे कम्पनियां अपने उत्पादों में उपयोग कर सकेंगी। इससे संग्रहण कर्ताओं को वनोपज के समर्थन मूल्य के अलावा प्रसंस्करण से होने वाले लाभ का अंश भी मिलेगा। कम्पनियों के नेटवर्क के माध्यम से छत्तीसगढ़ में पैदा होने वाली वनोपजों के लिए बड़ा मार्केट मिल सकेगा।

वनोत्पादों को सुरक्षित...

का संचालन कराए। बैठक में कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविंद्र चौबे, वनमंत्री श्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अम्बिकापुर से स्वास्थ्य मंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव शामिल हुए।

कोरोना से बचाव के लिए...

सरगुजा, रायगढ़ के सारंगढ़ और बलौदाबाजार व कोरबा में लागू कर दिया गया था। दुर्ग में गुरुवार की सुबह प्रतिबंधात्मक ओदश वाले इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। पुलिस व जिला प्रशासन का दावा है कि इस बार लॉकडाउन पहले से ज्यादा सख्त होगा। वहीं बिलासपुर में नगर निगम क्षेत्र सहित बिल्हा और बोदरी नगर पंचायत में निषेधाज्ञा आदेश लागू हो गया। हालांकि यहां प्रशासन की ओर से सब्जी, दूध और किराना दुकानों को खोलने के लिए दोपहर 12 बजे तक की छूट दी गई है।

.... जब सियासी बहन की...

इसलिए कि आपने आज पुनः प्रदेश के सामने ला दिया कि आपके भाई डॉ.रमन सिंह ने 15 साल तक आपके वादे वादे को तोड़ा। आपकी बात नहीं मानीं। उल्लेखनीय है कि भूपेश सरकार ने बाकायदा शराबबंदी के लिए अध्ययन करने के लिए विभिन्न सामितियां गठित की हैं। बता दें कि इससे पूर्व सियासी बहन सरोज पांडेय ने पहले कभी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस अंदाज में राखी-पत्र नहीं भेजा है। तीन बार तक पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के वक्त भी सांसद सरोज पांडेय ने शराबबंदी की बात नहीं की।

भाई-बहन के रिश्तों पर...

नेताम ने कहा कि 15 साल तक भारतीय जनता पार्टी के शासन रहा क्या इन 15 सालों में सरोज पांडे ने रमन सिंह को राखी भेजकर शराबबंदी की मांग क्यों नही की? क्या सरोज पांडे को रमन सिंह पर विश्वास नहीं था। लम्बे समय तक छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का शासन था तब सरोज पांडे को याद नहीं आई शराब बंदी की। राखी जैसे पवित्र त्यौहार का राजनीतिकरण करने में भी नहीं चुके, मानना पड़ेगा।

15 मौके थे बहन....

क्यों नहीं भेजी ? 15 मौके थे बहन सरोज पांडे के पास रमन सिंह को राखी भेजने के। उन्होंने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में रमन सिंह ने सारी महिलाओं का भाई बनकर चुनाव के पहले राशन कार्ड बांटे और चुनाव खत्म होने के बाद राशन कार्ड की जांच के नाम पर माताओं-बहनों को रमन सिंह सरकार ने अपमानित किया, तब वे कहां थी? तब बहन सरोज पांडे ने रमन सिंह को राखी क्यों नहीं भेजी प्रदेश की जनता जानना चाहती है।

महिला-मारपीट के चक्कर...

इतना बड़ गया लोगों को शांत कराने पुलिस को पहुंचना पड़ा। रात करीब 1:30 बजे हंगामा शांत हुआ। इस मामले में बेमेतरा एसडीपीओ राजीव शर्मा ने बताया कि यमन देवांगन ने अपने घर के सामने बने डिवाइडर पर बैठे मोहन देवांगन को थप्पड़ जड़ दिया था। इसके बाद हंगामा शुरू हुआ। मोहन ने यमन के खिलाफ पुलिस में शिकायत की जिसके आधार पर सीएमओ को जमानती धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया गया। बकौल शर्मा जब पुलिस सीएमओ के घर पहुंची तो वहां एक महिला मिली, लेकिन इस महिला ने बताया कि वह सीएमओ को जानती है और उनके घर आते-जाते रहती है। लेकिन लोगों का आरोप है कि सीएमओ आए दिन रंगरलियां मनाते हैं।

पायलट खेमे का भविष्य...

निर्भर करेगा। न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की खंडपीठ ने विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल तथा पायलट खेमे की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह इस मामले में सोमवार को विस्तृत सुनवाई करेगी।

इस बीच उच्च न्यायालय के मंगलवार के आदेश पर रोक नहीं लगेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस बाबत सुनवाई करेगी कि क्या उच्च न्यायालय सदन के अध्यक्ष के नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर सकता है या नहीं? खंडपीठ अध्यक्ष के अधिकार बनाम अदालत के क्षेत्राधिकार जैसे महत्वपूर्ण सवाल पर विचार करेगी। न्यायालय ने हालांकि यह भी स्पष्ट कर दिया कि उच्च न्यायालय का 24 जुलाई का कोई भी फैसला इस मामले में शीर्ष अदालत के अंतिम फैसले पर निर्भर करेगा।

उपचुनावों पर चुनाव...

गया था लेकिन आयोग ने जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 151 के तहत उपरोक्त सभी सीटों पर उपचुनाव कराने का फैसला किया है।

इन 8 सीटों पर उपचुनाव स्थगित

केंद्रीय चुनाव आयोग ने कोविड 19 बाढ़ के मद्देनजर 8 विधानसभा सीटों पर 7 सितंबर तक होने वाले उपचुनावों को स्थगित कर दिया है। आयोग ने कहा है कि इन सीटों पर चुनाव स्थिति के अनुकूल होते ही कराया जाएगा। इन क्षेत्रों में बिहार, असम, मध्य प्रदेश आगर, उत्तर प्रदेश, केरल की एक-एक व तमिलनाडु की दो सीटें शामिल हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./51/अ-20 (1)/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरिहंत सुराना पिता राजेश सुराना जाति जैन, निवासी तहसीलपारा मेन रोड कोण्डागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला तहसीलपारा कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि नजूल शीट नंबर-2 भूखण्ड क्रमांक 461/1 क्षेत्रफल 161442 वर्गफीट में से क्षेत्रफल 880 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर प्रदाय किए जाने बाबत् कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त शासकीय भूमि नजूल शीट नंबर-2, भूखण्ड क्रमांक 461/1 क्षेत्रफल 161442 वर्गफीट में से क्षेत्रफल 880 वर्गफीट भूमि को आवेदक को स्थायी पट्टे पर प्रदाय किए में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 30.07.2020 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 15/07/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
कोण्डागांव

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

संशोधन क्रमांक 02 (जी.क्रमांक 81571/1 एवं जी क्रमांक 81569, जी क्रमांक 82080/3)

आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 22/ले.शा./ दिनांक 11.06.2020 रिफरेंस आई.डी.नं. 202006001869 एवं निविदा क्रमांक 23 दिनांक 11.06.2020 रिफरेंस आई.डी. नं. 202006001870 विकासखण्ड तखतपुर/ बिल्हा के ग्रामों में पाईप लाईन विस्तार कार्य की निविदा की निविदा प्रारूप अनुमोदन पश्चात प्राप्त होने के कारण से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है जो निम्नानुसार है :-

विवरण	पूर्व निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
कोरे निविदा प्रपत्र हेतु राशि जमा करने एवं निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि	21.07.2020	10.08.2020
निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय	24.07.2020 (अपरान्ह 3.00 बजे तक)	14.08.2020 (अपरान्ह 3.00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	24.07.2020 (अपरान्ह 4.00 बजे से)	14.08.2020 (अपरान्ह 4.00 बजे से)

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

जी-82534/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

अमिताभ बच्चन ने शेयर की जिंदगी की 'चिंता और मुश्किलें', कोविड-19 से जंग है जारी

नई दिल्ली। बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन कुछ दिनों पहले कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इसके बाद से ही वह नानावटी हॉस्पिटल में भर्ती हैं। फैन्स को इंस्टाग्राम पोस्ट कर अपनी हेल्थ अपडेट दे रहे हैं। हाल ही में अमिताभ ने अपना एक स्केच इंस्टाग्राम पर शेयर किया। साथ ही उन्होंने कैप्शन में फैन्स को जिंदगी के कुछ पाठ पढ़ाए। उन्होंने लिखा कि ख़ामोशी की तह में छुपा लो सारी उलझनों को, शोर कभी मुश्किलों को आसान नहीं करता..!! अमिताभ बच्चन ने जिदंगी की चिंता और मुश्किलों के बारे में फैन्स को जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने अपनी एक फोटो शेयर कर फैन्स को धन्यवाद कहा था। अमिताभ बच्चन ने लिखा कि अभी मेरे पास आप सभी को कहने के लिए केवल एक शब्द है, धन्यवाद। इसके अलावा मेरे पास कुछ नहीं। कपिल शर्मा ने सोनू सूद को कहा- आपने फिल्मों में विलेन का रोल निभाया लेकिन असल जिंदगी में आप हीरो हैं सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'दिल बेचारा' देखने के लिए एक्साइटेड हैं कार्तिक आर्यन, कहा- चलो सब साथ में देखते हैं इससे पहले अमिताभ बच्चन ने 6 तरह के लोगों से दूरी बनाने के लिए कहा था। अमिताभ बच्चन ने लिखा था कि सभी से ईर्ष्या करने वाले, घृणा करने वाले, असंतोषी, क्रोधी, सदा संदेह करने वाले और पराए आसरे जीने वाले ये छः प्रकार के मनुष्य हमेशा दुखी रहते हैं। अतः यथा संभव इन प्रवृत्तियों से बचना चाहिए।

देशभक्ति पर आधारित फिल्मों के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया मनोज कुमार ने

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में मनोज कुमार को एक ऐसे अभिनेता-फिल्मकार के रूप में शुमार किया जाता है, जिन्होंने देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत फिल्मों के जरिये दर्शकों के दिलों में अमिट पहचान बनायी। 24 जुलाई 1937 को जन्में मनोज कुमार मूल नाम हरिकिशन गिरी गोस्वामी जब महज दस वर्ष के थे तब उनका पूरा परिवार राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में आकर बस गया। बचपन के दिनों में मनोज कुमार ने दिलीप कुमार अभिनीत फिल्म शबनम देखी थी।

तेलगू फिल्म के लिये 20 करोड़ की फीस लेंगी दीपिका

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण तेलगू फिल्म के लिये 20 करोड़ की फीस ले सकती है। दीपिका पादुकोण और 'बाहुबली' फेम सुपरस्टार प्रभास की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर साथ नजर आ सकती है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म तेलुगू में होगी, जिसे हिंदी और तमिल में भी डब किया जाएगा। यह साइंस फिक्शन फिल्म हो सकती है। नाग अश्विन इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। चर्चा है कि निर्माताओं ने फिल्म के लिए प्रभास को 50 करोड़ रुपये का भुगतान किया है और वहीं, दीपिका भी मेगाबजट की फिल्म के लिए 20 करोड़ रुपये की फीस ले सकती हैं।

सुशांत को समर्पित होगी फिल्म 'पानी': शेखर कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार शेखर कपूर फिल्म 'पानी' को दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को समर्पित करना चाहते हैं। शेखर कपूर अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'पानी' सुशांत सिंह राजपूत के साथ बनाना चाहते थे। सुशांत सिंह 'पानी' फिल्म को लेकर खासा उत्साहित थे और उन्होंने इसके लिये काफी मेहनत की थी। सुशांत का ये ड्रीम प्रोजेक्ट था लेकिन शेखर कपूर और यशराज फिल्म्स के बीच हुए किसी विवाद के चलते यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई थी। शेखर कपूर ने अपने ट्वीट में लिखा है, ÷यदि आप भगवान के साथ किसी यात्रा से जुड़ना चाहते हैं तो आपको सभी कदम आस्था के साथ आगे बढ़ाने पड़ेंगे। भगवान ने चाहा तो 'पानी' एक दिन जरूर बनेगी।

सुशांत की फिल्म 'दिल बेचारा' के लिए उत्साहित हैं कार्तिक

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की अंतिम फिल्म 'दिल बेचारा' देखने के लिये उत्साहित हैं। सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी फिल्म 'दिल बेचारा' 24 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। फिल्म में संजना संघी ने सुशांत के अपोजिट काम किया है, जो लीड एक्ट्रेस के तौर पर उनकी डेब्यू फिल्म है। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'द फॉल्ट इन आर स्टार्स' की ऑफिशियल हिंदी रीमेक है।

सुशांत सिंह के निधन के बाद से ही इस फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता काफी बढ़ गई है। फिल्म के ट्रेलर से लेकर सॉन्ग्स तक को दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। कार्तिक आर्यन ने भी इस फिल्म को लेकर ट्वीट किया है और लोगों से अपील की है कि सब साथ मिलकर इस फिल्म को देखें। कार्तिक आर्यन ने 'दिल बेचारा' का पोस्टर शेयर किया है जिसमें फिल्म की टाइमिंग भी लिखी है। सुशांत और संजना संघी स्टारर दिल बेचारा 24 जुलाई का रात 7.30 बजे डिजिटल प्रीमियर होगा। कार्तिक ने इस ट्वीट के कैप्शन में लिखा, ÷चलो सब साथ में देखते हैं। 'दिल बेचारा' प्रीमियर।

मयंक पारीख हितों के टकराव के घेरे में

मुंबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के संचालन में वरिष्ठ अधिकारी मयंक पारीख हितों के टकराव के घेरे में आ गए हैं और बीसीसीआई के नैतिक अधिकारी रिटायर्ड जज डीके जैन ने पारीख को बोर्ड में अपने पद से इस्तीफ़ा देने या मुंबई में अपने छह क्रिकेट क्लबों को समाप्त करने के लिए कहा है। पारीख के खिलाफ हितों के टकराव की शिकायत है और बीसीसीआई संविधान के नियम 38(4) के अनुसार वह इसमें सूचीबद्ध 16 पदों में से एक से ज्यादा पद पर नहीं रह सकते हैं। पारीख के खिलाफ शिकायत संजीव गुप्ता ने पिछले वर्ष जुलाई और अगस्त में की थी जिन्होंने हाल ही में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) की आजीवन सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया है। संजीव ने पिछले एक साल से अधिक समय में क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और विराट कोहली सहित कई भारतीय क्रिकेटरों की हितों के टकराव मामले को लेकर बीसीसीआई के नैतिक अधिकारी से शिकायत की थी जिसमें ताजा मामला विराट का था। संजीव ने एमपीसीए के अन्य सदस्यों प्रसून कनमडीकर और दिलीप चडगर की शिकायत के बाद शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिया था।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपनी सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग पर

लुसाने। भारतीय पुरुष हॉकी टीम वर्ल्ड रैंकिंग की नवीनतम तालिका में एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई है जो उसकी 2003 में एफआईएच विश्व रैंकिंग शुरू होने के बाद सर्वोच्च रैंकिंग है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पहले तीन दौर में शानदार फॉर्म से भारत 5वें से चौथे स्थान पर पहुंचने में सफल रहा। भारत के आगे बढ़ने से ओलिंपिक चैंपियन अर्जेंटीना एक पायदान नीचे 5वें स्थान पर खिसक गया है।

विश्व चैंपियन बेल्जियम शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स का नंबर आता है। जर्मनी और इंग्लैंड क्रमशः छठे और 7वें स्थान पर हैं, जबकि न्यूजीलैंड 8वें स्थान पर है। महिला वर्ग में भारत 9वें स्थान पर है। नीदरलैंड्स शीर्ष पर काबिज है, जबकि उसके बाद आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, जर्मनी और इंग्लैंड का नंबर आता है।

लिवरपूल ने 30 वर्षों में पहली बार जीता प्रीमियर लीग खिताब

लिवरपूल (वार्ता)। लिवरपूल ने सत्र के अपने अंतिम घरेलू मुकाबले में चेल्सी को बुधवार को 5-3 से हराकर 30 वर्षों में पहली बार प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीत लिया। लिवरपूल का 30 वर्षों में यह पहला इंग्लिश खिताब है और यह एक महीने पहले ही सात मैच शेष रहते तय हो गया था। कैन्नी डलग्लिश इस खिताब को जीतने वाले आखिरी लिवरपूल मैनेजर थे।

कोच पद से बेहतर तरीके से हो सकती थी विदाई: कुंबले

भारतीय टीम के पूर्व कोच अनिल कुंबले को टीम इंडिया के मुख्य कोच पद से हटने का कोई मलाल नहीं है लेकिन उनका मानना है कि इस पद से उनकी विदाई बेहतर तरीके से हो सकती थी।

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्व कप्तान कुंबले 2016 में भारतीय टीम के कोच बने थे लेकिन कप्तान विराट कोहली से अनबन के कारण उन्होंने जून 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को पाकिस्तान के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था।

टूर्नामेंट के बाद ऐसी खबरें आयी थीं कि विराट ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को रिपोर्ट दी थी कि टीम के खिलाड़ी कुंबले के रवैये से असहज हैं। कुंबले ने जिम्बाब्वे के मध्यम गति के गेंदबाज एमपुमेलेलो मबांग्वा के साथ इंस्टाग्राम चैट के दौरान कहा, ÷2016 से 2017 तक भारतीय टीम के साथ मेरा सफर शानदार रहा। टीम ने उस एक साल में बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

उल्लेखनीय है कि कुंबले के कार्यकाल में ही भारतीय टीम टेस्ट में नंबर एक टीम बनी थी। भारत ने वेस्ट इंडीज को उनके घर में और न्यूजीलैंड, इंग्लैंड तथा ऑस्ट्रेलिया को घरेलू मैदान में हराया था। कुंबले के नेतृत्व में भारतीय टीम ने 17 टेस्ट मैच में से 12 मुकाबलों में जीत हासिल की थी जबकि एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

कुंबले ने कहा, ÷मुझे बहुत खुशी है कि टीम इंडिया के प्रदर्शन में मेरा कुछ योगदान रहा और मुझे पद छोड़ने का कोई अफसोस नहीं है। मुझे आगे बढ़कर अच्छा लगा। मुझे पता है कि कोच पद से हटने का तरीका और बेहतर हो सकता था। उन्होंने कहा, लेकिन यह भी सही है। एक कोच के रुप में आपको पता होता है कि आपको यह जिम्मेदारी कब छोड़नी है। यह कोच ही होता है जो अपना पद छोड़ना चाहता है। मुझे काफी खुशी है कि मैंने इस एक साल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कुंबले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तकनीकी समिति के अध्यक्ष भी हैं और उनके नौ साल के कार्यकाल को खत्म होने में अभी एक साल बाकी है। उनकी अध्यक्षता में ही कोरोना के संकट के समय क्रिकेट की वापसी के लिए नए दिशा निर्देश लाये गए हैं जिसमें गेंद पर लार के इस्तेमाल का प्रतिबन्ध शामिल है। कोचिंग के रुप में वह आईपीएल की टीम किंग्स इलेवन पंजाब के क्रिकेट ऑपरेशन के निदेशक भी हैं। कुंबले ने कहा, ÷पंजाब की टीम आईपीएल के 12 सत्रों में प्रदर्शन में निरंतर नहीं रही है और यह एक चुनौती है। मैं ड्रेसिंग रुम में दोबारा शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। मेरा आईसीसी की तकनीकी समिति का कार्यकाल भी खत्म होने को है। आईसीसी का सदस्य बनना शानदार था जहां अपने तरीके से सहयोग करना काफी विशेष है।

बर्थडे के मौके पर चहल को युवराज ने खास अंदाज में दी बधाई

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल आज पहला 30वां जन्मदिन मना रहे हैं। हरियाणा में जन्मे चहल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव दिखते हैं और मजेदार वीडियो और कमेंट के जरिए अपने फैन्स का काफी मनोरंजन करते हैं। जन्मदिन के इस खास मौके पर उन्हें उनके फैन्स और दोस्तों ने सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म पर बधाई दी है। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी इस मौके पर उन्हें अलग अंदाज में बधाई दी और फैन्स को खूब हंसाया।

युवराज ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं तुम्हें यूजी चहल कहूं या फिर मिस्टर चूहा। वजन बढ़ाने के लिए अलग से खास बधाई। अपने मजाकिया वीडियो और कमेंट से हमारा मनोरंजन करते रहें। दुआ करता हूं कि तुम्हारा साल अच्छा रहे, जन्मदिन की बधाई! साल 2016 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू करने वाले चहल ने अब तक खेले 52 वनडे मैचों में 91 विकेट लिए हैं, जबकि 42 टी20 मैचों में उनके नाम 55 विकेट हैं।

जब हार कर भी 'बाजीगर' बनीं महिला क्रिकेट टीम

जीत सुनिश्चित लग रही थी कि ऐन मौके पर हाथ से फिसल गई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम भले ही खिताब न जीत पाई हो लेकिन भारत में महिला क्रिकेट के प्रति नजरिया जरूर बदल गया।

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम के पास मौका था इतिहास रचने का। टीम करीबी अंतर से ऐसा करने से चूक गई। लेकिन इस मैच के बाद भारत में महिला क्रिकेट को देखने का नजरिया हमेशा के लिए बदल गया। या कहें इस मैच ने भारत में महिला क्रिकेट को देखना शुरू करवाया तो अतिश्योक्ति न होगी। जीत-हार से इतर टीम के खेल को तवज्जो मिलने लगी। लॉर्ड्स के मैदान पर भारत को फाइनल में 9 रन से हार मिली लेकिन फिर भी भारतीय टीम बाजीगर बनीं।भारत आज ही के दिन तीन साल पहले महिला वर्ल्ड कप, 50 ओवर के फाइनल में पहुंचा था। जीत करीब थी। 44 रन, 38 गेंद और सात विकेट हाथ में। लेकिन मुट्ठी कसकर बंद करने के प्रयास में जीत फिसल गई। लेकिन पहचान जरूर मिली। आज ही के दिन 2017 में भारतीय टीम महिला वर्ल्ड की उपविजेता रही थी और इंग्लैंड बना था चैंपियन। इंग्लैंड ने बनाए थे सात विकेट पर 228 रन लेकिन 8 गेंद बाकी रहते 219 पर ऑल आउट हो गई। रोमांचक फाइनल में इंग्लैंड ने भारत को 9 रन से मात देकर खिताब पर कब्जा किया। 2005 के बाद भारत दूसरी बार फाइनल में पहुंचा था लेकिन इस बार भी आखिरी पड़ाव नहीं लांघ पाया। भारतीय टीम इस मैच में इंग्लैंड पर हावी थी, लेकिन पूनम राउत (86) के आउट होने के बाद भारत के विकेट जल्दी-जल्दी गिर गए और भारत की टीम 219 पर ऑल आउट हो गई। इस तरह इंग्लैंड ने चौथी बार वर्ल्ड कप खिताब पर अपना कब्जा जमाया। इंग्लैंड की तेज गेंदबाज आन्या शर्बसोल ने इस मैच का रुख पूरी तरह से मोड़ दिया। उन्होंने इस मैच में 6 विकेट हासिल किए। भारत ने अपने अंतिम 7 विकेट 28 रन के अंतराल पर गंवा दिए।इससे पहले 229 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत का स्कोर 5 रन ही था कि स्मृति मंधाना (0) खाता खोले बगैर पविलियन लौटीं।

बेहतर नतीजे के लिए सभी खिलाड़ियों को 80 फीसदी देना होगा: भास्करन

नई दिल्ली (वार्ता)। 1980 के मास्को ओलंपिक खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान वी भास्करन का कहना है कि बेहतर नतीजे पाने के लिए मौजूदा टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को 80 फीसदी देना होगा। भास्करन 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता हॉकी टीम के कप्तान थे। भारत का ओलम्पिक हॉकी में यह आखिरी पदक था। उसके बाद भारतीय टीम फिर कभी पोडियम पर नहीं पहुंच पाई है। भास्करन ने कहा, मैच में उम्मीद के अनुरुप नतीजे पाने के लिए टीम में शामिल हर खिलाड़ी को कम से कम 80 फीसदी देना होगा यदि वे 100 फीसदी नहीं दे पाते हैं। ओलंपिक में सभी टीमें जीतने के लिए आती हैं और टीम में सभी अपना 100 फीसदी देना चाहते हैं। आप 80 फीसदी देने वाले चार-पांच खिलाड़ियों और 60 फीसदी देने वाले शेष खिलाड़ियों के दम पर पदक नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा, टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को संतुलित होना होगा। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड इस बात को कई बार कह चुके हैं। हॉकी प्रो लीग में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना ओलंपिक की तैयारियों के लिए अच्छा है। मेरी टीम को यह सलाह है कि वह नतीजे के बारे में ज्यादा नहीं सोचे।

न्यूज गैलरी

गोधन न्याय योजना दिवस मनाया गया

अर्जुनी। भाटापारा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नवागांव में छत्तीसगढ़ के प्रथम कृषक लोक पर्व हरेली तिहार पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजना के तहत गोधन न्याययोजना दिवस मनाया गया। इसके साथ ही गांव के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा गोबर भी खरीदा गया ।कार्यक्रम ग्राम पंचायत के गौठान पर मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच होरीलाल वर्मा, उपसरपंच मीना बाई वर्मा, पंचगन व ग्रामीणों में दूकलहा साहू, कुंभकरण साहू, दुर्गावती निषाद, मंजू वर्मा, तोमेश्वरी साहू ,बुध बाई जोशी ,राजेंद्र जांगड़े ,छोटे लाल यादव ,उर्वशी वर्मा ,धनसिंग निषाद ,धनेश्वरी वर्मा ,नंदनी साहू, सुनीता निषाद ,पुन्नी साहू, एश्मा साहू, हेमलता साहू, कलेश्वरी साहू, कुमारी निषाद, धनुष यादव, लक्ष्मण वर्मा ग्राम पंचायत सचिव खेदु राम निषाद रोजगार सहायक तिहारू ध्रुव आदि शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ में भी झारखंड राज्य की तरह पान मसाले, गुटखा पर प्रतिबंध लगाना चाहिए

छुरा। छत्तीसगढ़ जनपद सदस्य संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डेमन प्रसाद सिन्हा ने छत्तीसगढ़ सरकार से माँग किया है कि झारखंड सरकार की तरह छत्तीसगढ़ में भी राज्य में पान मसाले, गुटखा पर एक साल तक प्रतिबंध लगाना चाहिए। गुटखा , तंबाकू युक्त पान मसाले,एवम निकोटिन युक्त पान मसाला का उत्पादन, स्टोरेज, विक्रय और डिस्ट्रीब्यूशन पूरी तरह प्रतिबंधित लगा दिया जाना चाहिए है। कोरोना के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए, सरकार को पूरे राज्य में सार्वजनिक जगहों पर सभी तरह के तम्बाकू उत्पादों जैसे- सिगरेट, बीड़ी, पान मसाला, हुक्का, खैनी, जर्दा, गुटका और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए है। इसके साथ ही तमाम तरह के तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना चाहिए है। पान मसाला, खैनी, जर्दा और गुटका खाकर जहां-तहां थूकने से कोरोना वायरस फैलने का खतरा बढ़ता है.

युवा नेता ने अपने वार्ड की विभिन्न समस्याओं को लेकर संसदीय सचिव शकुन्तला साहू से किए सौजन्य मुलाकात

लवन। नगर पंचायत लवन आम्बेडकर वार्ड 15 खम्हरिया में विभिन्न समस्याओं को लेकर वार्ड के युवा कांग्रेस नेता महेश कुर्रे ने विगत दिनों संसदीय सचिव से उसके गृह ग्राम रसोटा में जाकर मुलाकात कर वार्ड की विभिन्न समस्याओं को अवगत कराया गया।

श्री कुर्रे ने बताया कि समुदायिक भवन नहीं होने के कारण आऐ दिन सामाजिक कार्य छट्टी, विवाह, बैठक और विभिन्न उत्सवीय कार्यक्रमों के लिए सामाजिक भवन के अभाव में समाजजनों को परेशान होती है । वही वार्ड में गंदा नाली का पानी को सीधे निस्तारी तालाब से जोड़ दिया गया है, जिसकी वजह से निस्तारी योग्य पानी प्रदुषित हो रहा हैं। साथ ही उक्त वार्ड के निस्तारी तालाब में एक ही पचरी होने की वजह से महिलाओं और पुरुष एक ही पचरी में निस्तारी करने पर मजबूर है। इसलिए वार्डवासियों की समस्याओं को देखते हुए संसदीय सचिव शकुंतला साहू को उक्त मांग की स्वीकृति जल्द ही प्रदान करने की युवा नेता द्वारा किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुई संसदीय सचिव शकुंतला साहू

लवन। हरिहर छत्तीसगढ़ योजना अंतर्गत मंगलवार को नगर पंचायत लवन के कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं विधायक सुश्री शकुंतला साहू, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना बार्वे, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामकुमार साहू थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ साथ उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने भी वृक्षारोपण किए विधायक शकुंतला साहू के संसदीय सचिव बनने पश्चात प्रथम लवन आगमन पर लोगों ने हर्षोल्लास के साथ बैंड बाजा पटाखे एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किए नगर पंचायत कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण करने पश्चात मां महामाया माता मंदिर में दर्शन किए पश्चात एल्डरमेनो ने मिलकर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव सुश्री साहू को मोतीचूर के लड्डू से तौल किए इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पलारी जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा,जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु,ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल बार्वे ,रामेश्वर पांडेय,सुनील साहू,किसान नेता सुकालू यदाव,पार्षदगण पंकज साहू, नंदकुमार साहू, दीपमाला अनंत, सावित्रि सिंघम, पुनिता साहू,पूजा जायसवाल, मनेंद्र जायसवाल, गयेस्वर साहू, मृत्युंजय पांडेय, एस कुमार धीवर, गंगा रात्रे, केशव रात्रे,सुदर्शन बार्वे,एल्डरमेन गोपी चंद साहू,मनोज पांडेय, दयाशंकर कुर्रे,ब्लॉक कांग्रेस से सतीश पांडेय,अजय ताम्रकर अमर मिश्रा,आदि कर्मचारीगण एवं नगरवासी उपास्थि थे।

जिले में लॉकडाउन नहीं, लेकिन बिना मास्क वालो को व्यापारी नहीं देंगे सामान

■ प्रशासन की हिदायत, नियमो पर ध्यान तो दिया तो कर दिया जाएगा लाकडाउन

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिले में 22 जुलाई से लाकडाउन तो नही किया गया और नाही दुकान खुलने के समय को लेकर किसी प्रकार फेबरदल किया गया परंतु प्रशासन ने सक्त हिदायत दी है कि यदि दुकानो में बिना मास्क वालो का सामान बेचा, अनावश्यक भीड़ जुटी और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमो का उल्लंघन होते पाया गया तो कार्यवाही भी होगी और लाकडाउन भी कर दिया जाएगा। इधर राजस्व और पुलिस अमले ने सड़क पर उतर कर बिना मास्क लगाने वालो पर कार्यवाही करना शुरू कर दिया है।

ज्ञात हो कि प्रदेश में बढते कोरोना संक्रमण को देखते हुए राज्य शासन ने 22 जुलाई से फिर से लाकडाउन का फैसला लिया है। इसके लिए उन्होने जिले के कलेक्टर को ही अधिकार दिए है। जिले में कोरोना के मामले कम होने तथा स्थिति नियंत्रण मे होने के चलते प्रशासन ने लाकडाउन करने के बजाय व्यापारियो से सक्ती बतरने की अपील की है। वही नियमो तोड़ने वालो के विरूध्द कार्यवाही का अभियान शुरू कर दिया है। लाकडाउन कों मंलगवार को अनुविभागीय अधिकारी निर्भय साहू ने जिला मुख्यालय के व्यापारियो की बैठक ली है। जिसमें चेम्बर आफ कामर्स के जिलाध्यक्ष प्रकाश रोहरा, किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष हरीश भाई ठक्कर, जनरल व्यापारी संघ के अध्यक्ष लीलाराम सिन्हा, उपाध्यक्ष अजय दासवानी, हरमेश चांवड़ा, नदरेश गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजुद थे। इस दौरान अधिकारियो और प्रशासन के बीच तय हुआ कि कोरोना संक्रमण को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाएगी। किसी प्रकार की अनदेखी नही की जाएगी। बैठक के बाद व्यापारियो ने आम लोगो से भी अपील की है कि वे बिना मास्क लगाए सामान खरीदी करने ना आए वही संघ के अन्य व्यापारियो से कहा कि वे किसी भी हाल में बिना मास्क वालो का सामान ना देवे।

बिना मास्क वालो के कटे चालान

इधर राजस्व व पुलिस विभाग ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए बिना मास्क लगाए आवाजाही करने वालो के चालान काटने शुरू कर दिए है। बिते दो दिन में 100 से अधिक लोगो के चलान काटे जा चुके है। थाना प्रभारी विकास बघेल ने बताया कि शासन के नियमो के मुताबिक आवाजाही करते दौरान मास्क, फेस कवर, गम्छा या रूमाल का उपयोग करना अनिवार्य है। अब तक 100 से अधिक लोगो के चलान काटे जा चुके हैं। जिसमें 11 हजार रूपए राशि की वसुली हुई है। तहसीलदार राकेश साहू ने लोगो से अपील की है कि कोरोना बीमारी को गंभीरता से लेते हुए लोग बिना मास्क लगाए घर से बाहर ना निकले। प्रशासन की कार्यवाही रोजाना जारी रहेगी। उन्होने बताया कि कार्यवाही से प्राप्त अर्थदंड का जीवनदीप समिति के माध्यम से गरीब तपके के लोगों के इलाज के लिए उपयोग किया जाएगा।

एक ही दिन में गरियाबंद जिले में 6 कोरोना मरीज आए सामने

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना पॉजिटिव के रोगियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ते कागार पर है, वहीं गरियाबंद जिले में भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ते जा रहा है ।

लगातार इस भीषण महामारी के परिस्थिति की चपेट में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो संक्रमित के दायरे में हैं । गरियाबंद मुख्यालय के पार्षदगणों में से एक पार्षद इस वायरस की चपेट में आ गया जो 2 दिन पूर्व ही नगर पालिका के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुआ था। इसी तरह एक ही दिन में गरियाबंद जिले में एक साथ 6 कोरोना मरीज सामने आए हैं। इनमें एक गरियाबंद नगर पालिका का पार्षद और एक पुलिस जवान भी शामिल है। वहीं एक संक्रमित मरीज मैनपुर विकासखंड और तीन देवभोग विकासखंड के बताए जा रहे हैं।

इसके साथ ही जिले में एक बार फिर कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़ गया है। जिले में अब कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 73 हो गई है। वहीं एक्टिव मरीजों की संख्या एक बार फिर 12 से बढ़कर 18 हो गई है।

> 6 संक्रमित मरीज सामने आए हैं। इनमें 2 मरीज गरियाबंद शहर के हैं। जिनमें एक पार्षद और एक पुलिस जवान शामिल है। वहीं मैनपुर विकासखंड के धुरवागुड़ी में एक कोरोना संक्रमित सामने आया है। 3 मरीज देवभोग विकासखंड के हैं। जिनमें एक लाटापारा गांव का भी मरीज शामिल है।
>
> **डॉ. एन.आर. नवरत्न,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

भाजपा नेताओ ने ग्राम बम्हनी में किया वृक्षारोपण, लगाए फलदार पौधे

गरियाबंद। बुधवार को भाजपा मंडल गरियाबंद के तत्वाधान तथा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके के नेतृत्व में भाजपा नेताओ ने ग्राम ब्रम्हनी में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर 100 से अधिक फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू मौजुद थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। शुध्द वातावरण और हरियाली के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करना जरूरी है। उन्होने भाजपा कार्यकर्ताओ और उपस्थित आमलोगो से भी अपील की कि वे अपने अपने घरो और आसपास सार्वजनिक क्षेत्रो में वृक्षारोपण करे। मंडल अध्यक्ष व नपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए बारिश का मौसम सबसे अच्छा है। हमारा लक्ष्य है कि गरियाबंद नगर सहित ब्लाक के सभी पंचायतो और सावर्जनिक धार्मिक स्थलो मे पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रयास करे। इस अवसर पर मंडल मंत्री धनजंय नेताम, मंडल मंत्री तारकेश्वरी साहू, सरपंच अभिमन्यु ध्रुव, पूर्व मंत्री रेणुका साहू, सागर मयाणी, नपा सभापति वंश गोपाल सिन्हा, राधेश्याम सोनवानी, खीरमणी हरपाल, गोवर्धन सिन्हा, दीनदयाल धुव्र, सुंदर नेताम, गजेन्द्र पुजारी, जगबई, सोनिया रेवती दामनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजुद थे।

फिर होने लगी गुटखा की कालाबाजारी

खरोरा। राज्य शासन द्वारा एक बार पुनः लॉकडाउन घोषित करने की खबर की भनक लगते ही गुटखा तंबाकू एवं गुड़ाखू व्यापारियों ने इनके दामों को आसमान तक पहुंचा दिया है। इन सामग्रियों के बड़े-बड़े डीलर लॉकडाउन के दौरान अधिक दामों में इन्हें बेच कर मुनाफा कमाने के लिए इनकी जमाखोरी चालू कर दी है जिससे खुदरा व्यापारियों के पास स्टॉक कम आने के कारण चिल्हर मैं खरीदी करने वाले ग्राहकों को इसकी भरपाई करनी पड़ रही है। 125 पैकेट की दर से बिकने वाला विमल और राजश्री गुटखा अभी लागू हुए लॉकडाउन के एक-दो दिन पहले ?200 तक बिक रहे थे तथा इसे चिल्हार के ग्राहक 8 से ?10 में खरीद रहे हैं। कारोबारियों तथा डीलरों के ऊपर जमाखोरी के खिलाफ संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे पर्याप्त मात्रा में इन सामानों का स्टॉक दुकानों तक पहुंच सके और ग्राहकों को सही दर से सामान उपलब्ध हो सके।

गौठान समिति के गठन पर ग्राम वासियों में आक्रोश, गोठान कार्य अधूरा

खरोरा। नगर से लगे ग्राम पचरी मे गोठान समिति के गठन को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच सहित ग्रामवासियों मे असंतोष के चलते जहाँ ग्रामीणो ने सरपंच के साथ गांव मे बन रहे गोठान निर्माण को रोकवाया वहीं गोठान समिति के अध्यक्ष को लेकर सरपंच व ग्रामवासी विरोध मे आकर अंदोलन की बात कर रहे है ।

प्राप्त जानकारी अनुसार तिल्दा जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पचरी के ब्लाक कांग्रेस कमेंटी के पचरी के जोन प्रभारी व वर्तमान सरपंच अभिषेक वर्मा द्वारा शासन द्वारा नियुक्त गोठान समिति के अध्यक्ष कि नियुक्ति को लेकर ग्रामीणों के साथ मिल इस नियुक्ति को लेकर आर पार की लडाई के मुड मे है इसी के तहत सरपंच ने ग्राम मे बन रहे गोठान निर्माण बंद करवा समिति के अध्यक्ष को भंग करने की मांग कर रहा है इस सबंध मे काग्रेस समर्पित ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच अभिषेक वर्मा का कहना है कि गोठान समिति के अध्यक्ष के चयन को लेकर प्रायः हर ग्राम पंचायतों मे यही स्थिति है गोठान समिति के अध्यक्ष को लेकर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियो से सलाह लिया गया ,ना ही ग्राम सभा के प्रस्ताव मांगा गया है सीधे गोठान समिति का गठन कर ग्राम पंचायतों को थोपा गया है जिससे गोठान समिति और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियो मे खीच तान की स्थिति निर्मित हो जाने के चलते सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के सफल होने की संभावना नही के बराबर रहेगी।

इस संबंध मे जनपद पंचायत तिल्दा के सी. ई. ओ. राजेंद्र पाण्डेय का कहना है कि इस सबंध मे हमे कोई जानकारी नही है क्योंकि यह निर्माण शासन के द्वारा कराया जा रहा है अगर सरपंच द्वारा निर्माण कार्य रोका गया है तो इनके खिलाफ विधिसंमत कानूनी कार्यवाही की जावेगी ।

कृषि उपकरण व बैलों का पूजा कर मनाया गया हरेली तिहार

अर्जुनी। छत्तीसगढ़ के प्रथम लोकपर्व हरेली तिहार को अंचल में धूमधाम से मनाया गया आज के दिन मंदिरों में सर्वप्रथम गांव के सभी किसानों ने श्री बाबा देवता और महावीर भगवान का पूजा अर्चना किया गांव गांव में हरेली त्यौहार की धूम रही। ग्राम अर्जुनी,रवान, नवागांव,सुहेला, रवेली, तिल्दाबांधा भोथाडीह, नेवारी फुलवारी आसपास गांव सहित छत्तीसगढ़ के प्रथम लोक पर्व हरेली तिहार पर सोमवार श्रावण कृष्ण पक्ष अमावस्या को खेती-किसानी में काम आने वाले पारंपरिक उपकरण और बैलों की पूजा सपरिवार की गई । इस दौरान सभी घरों में हरेली की ÷मुख्य रोटी गुड के चीला÷और ठेठरी,खुरमी, के पकवान भी बना जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया मान्यता अनुसार आज के दिन लोंगों में अपने कुलदेवता की पूजा करने की रिवाज है।

कृषि कार्य में उपयोग होने वाले औजारों की पूजा-अर्चना किया: हरेली पर किसान नागर, गैंती, कुदाली, फावड़ा समेत कृषि के काम आने वाले सभी तरह के औजारों की साफ-सफाई कर उन्हें और बांस की गेंडी बनाकर एक स्थान पर रखकर पुजन किया गया।

गौठान में किया गया वृक्षारोपण

खरोरा। 20जुलाई दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक पर्व हरेली त्यौहार के पावन *अवसर पर गौठान भरुवाडीह कला में वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती कंचन टोकेंद्र गायकवाड़* , *सरपंच प्रतिनिधि कपिल निषाद,* गांव के गणमान्य नागरिक डॉ सुरेंद्र निषाद, दिनेश यादव, दिनेश विश्वकर्मा, योगेश निषाद, गजेंद्र साहू, नरोत्तम यादव, ओमप्रकाश ध्रुव, तुकेश चक्रधारी, खोमेश यादव, कमलेश साहू *नागरिकों के उपस्थिति में लगभग 50 फलदार एवं छायादार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया।

अब तक मासूम का कातिल है फरार

गंडई पंडरीया। गंडई थाना क्षेत्र के ढाबा निवासी बच्चे का ढाबा गांव स्थित नर्सरी मे पड़े बच्चे की हत्या मामले में पुलिस को हत्यारों के बारे में अब तक कोई खास सुराग नहीं मिल सकी है। हत्या के आरोपियों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है और न ही आरोपियों की पहचान कर पाई है,हत्या की इस घटना का खुलासा करने व हत्यारों तक पहुंचने को लेकर पुलिस की टीम कई बिदुओं पर काम करते हुए जांच में जुटी है। पुलिस इस मामले में वैसे तो अब तक संदेह के आधार पर कई लोगों से पूछताछ कर चुकी है लेकिन घटना के दो दिनो बाद तक पुलिस को सफलता के नाम पर कुछ भी हाथ नहीं लगा है। पुलिस के लिए यह मामला पूरी तरह से ब्लाइंड केस साबित हो रहा है। नतीजा पुलिस इस मामले का खुलासा करने में अब तक पिछड़ रही है। पुलिस के मुताबीक पोस्टमार्डम रिपोर्ट आने मे एक हफ्ते का समय है । मामले के बारे मे थाना प्रभारी सुषमा सिंह ने बताया कि पुलिस कई बिदुओं पर जांच करने में जुटी है। इस क्रम में इस मामले में कुछ सुराग मिला है। इसी के आधार पर जांच की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए इस घटना को अंजाम देने वालों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही इस घटना को अंजाम देनेवालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब हो कि निवासी राजेलाल वर्मा के पुत्र भोजराज वर्मा उम्र लगभग 9 साल जो कि गंडई थाने में 16 जुलाई को गुमसुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। जिसकी लाश के नरकंकाल के रूप मे ढाबा स्थित नर्सरी मे मिली है। लाश ढाबा से लिमो रोड स्थित मोटवानी के तोष फैक्टरी के सामने वन विभाग के नर्सरी में देखा गया। ज्ञात हो कि उक्त मृतक भोजराज वर्मा के पूरा शरीर कई हिस्सों में मिला। उनके पिता राजेलाल वर्मा और पत्नी दोनों गंडई में मजदूरी करता था। घटना की सूचना के संबंध में मंगलवार को गाँव के ही दो तीन लड़के नर्सरी में पिहरी (फुटू) तोड़ने के नाम पर उक्त स्थान पर गए थे जहाँ लाश को देखकर अचंभित हो गए और घटना की सूचना गंडई थाने को दी और स्पाट पर लाश को पहचान करने के लिए उनके पिता राजेलाल को बुलाया जहा उसने डेड बॉडी को अपने पुत्र भोजराज के रूप में पहचान किया गया। इसकी सूचना मिले के बाद मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज नमूना समेत अन्य सामाग्री जांच के लिए संग्रहित की थी। इसके बावजूद पुलिस अब तक हत्या का सुराग पाने में कामयाब नहीं हो सकी है।

जिला पंचायत की बैठक में खरोरा छड़िया रोड से शराब दुकान हटाने की उठी मांग

खरोरा। 21जुलाईको जिला पंचायत रायपुर की समान्य सभा की बैठक हुई , जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा जी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई, मुख्यकार्यपालन अधिकारी गौरव सिह, मा. सांसद सुनिल सोनी जी, विधायक धनेन्द्र साहु जी, प्रमोद शर्मा जी, अनिता शर्मा जी, उपाध्यक्ष टन्कराम वर्मा जी साथ ही जिला के समस्त सदस्य गन विभागीय अधिकारी गन चारो ब्लाक के जनपद अध्यक्ष गन की उपस्थिति रही, बैठक की शुरुआत परिचय के साथ प्रारम्भ हुई, श्री मति सोना वर्मा ने जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया को शुभकामनाएं देते हुय? अपना परिचय दिया, साथ ही विभागीय अधिकारीयो से विभिन्न मुद्द? पर सवाल पुछे कोविड 19के सुरक्षा हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाया गया तथा ग्रामीण अंचल में इसके लिए सरकार ने किस तरह योजना बनाई है इसका जायजा लिया, कृषी विभाग से प्रश्न करते हुये बीज़ एवं खाद की उपलब्धता के बारे मे पुछा गया संतुष्ट पुर्ण जवा न मिलने पर श्री मति सोना वर्मा द्वारा विभागिय अधिकारी को बीज़ की आपुर्ती कम होने तथा मान्ग के अनुरुप ब्यवस्था न होने का कारन पुछा, इस पर अध्यक्ष द्वारा विभाग को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र? मान्ग के अनुपात में बीज़ उपलब्ध कराया जाय तथा इसकी जानकारी समय रहते दिया जाय का निर्देश दिया, आगे कोविड 19महामारी काल मे आज पुरा विश्व इस आपदा से जुझ रही है वही राज्य सरकार शराब भट्ठी संचालित करवाने मे लगी है मा. अध्यक्ष के माध्यम से सरकार से सवाल उठाया गया क्या शराब भट्ठी मे सोशल डिस्टेन्शीन्ग का पालन होता है क्या शराब भट्ठी मे कोरोना नहीं जातीसोना वर्मा द्वारा निवेदन किया गया इस बात को छत्तीसगढ़ सरकार तक पहुचाया जाय, आगे मा. सांसद ने प्रधानमंत्री अवास का अधिकारीयो से जानकारी लिये, केन्द्र सरकार द्वारा राशि आने के बावजूद गरीबो को पैसे क्यो नहीं दिये इसके लिए सुनिल सोनी जी ने अधिकारीयो को गरीबो कि पैसे न रोकने का निर्देश दिए,और भी विभागो की सतत जानकारी लिया गया, श्री मति सोना वर्मा द्वारा खरोरा छडिया रोड जो कि विभिन्न गावो को जोडती है तथा यह खरोरा शहर आने का मुख्य मार्ग है जहा सासन की शराब भट्ठी संचालित होती हैं को अन्यत्र दुसरे जगह स्थापित करने का आग्रह किया गया, क्षेत्र में बिजली गुल का आये दिन सिकायत होने की जानकारी देते हुये दुर करने की आग्रह किये ,प्रथम बैठक होने के कारण 7बजे़ तक सभी डटे रहे।

18 सरकारी बैंकों में 1.48 लाख करोड़ की धोखाधड़ी

सबसे ज्यादा फ्रॉड का शिकार एसबीआई बना, इन बैंकों को भी लगी चपत

इंदौर। भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है कि पिछले वित्त वर्ष 2019-20 में सार्वजनिक क्षेत्र के तत्कालीन 18 बैंकों द्वारा कुल 1,48,427.65 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के 12,461 मामले सूचित किए गए हैं। प्रदेश के नीमच निवासी सूचना के अधिकार (आरटीआई) कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ ने बृहस्पतिवार को ÷पीटीआई-भाषा÷ को बताया कि रिजर्व बैंक ने उन्हें आरटीआई के तहत उन्हें यह जानकारी दी है।

आरटीआई से मिले आंकड़ों पर गौर करें, तो पिछले वित्त वर्ष में धोखाधड़ी का सबसे बड़ा शिकार सरकारी क्षेत्र का शीर्ष बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) बना। एसबीआई द्वारा इस अवधि के दौरान 44,612.93 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़े 6,964 मामले सूचित किए गए।

यह रकम बीते वित्त वर्ष के दौरान 18 सरकारी बैंकों में धोखाधड़ी की जद में आयी कुल धनराशि का करीब 30 प्रतिशत है।

रिजर्व बैंक ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एक अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 की अवधि में धोखाधड़ी के 395 मामले सूचित किए गए, जिसमें 15,354 करोड़ रुपये की धनराशि शामिल है। इस फेहरिस्त में तीसरे स्थान पर बैंक ऑफ बड़ौदा रहा जिसमें 349 मामलों के साथ 12,586.68 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सामने आयी। गौरतलब है कि बैंक ऑफ बड़ौदा में विजया बैंक और देना बैंक का विलय एक अप्रैल, 2019 से अमल में आया था।

आलोच्य अवधि के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 424 मामलों में 9,316.80 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ इंडिया ने 200 मामलों में 8,069.14 करोड़ रुपये, केनरा बैंक ने 208 मामलों में 7,519.30 करोड़ रुपये, इंडियन ओवरसीज बैंक ने 207 मामलों में 7,275.48 करोड़ रुपये, इलाहाबाद बैंक ने 896 मामलों में 6,973.90 करोड़ रुपये और यूको बैंक ने 119 मामलों में 5,384.53 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की सूचना दी। रिजर्व बैंक ने सूचना के अधिकार के तहत बताया कि एक अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 की अवधि में ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने 329 मामलों में 5,340.87 करोड़ रुपये, सिंडिकेट बैंक ने 438 मामलों में 4,999.03 करोड़ रुपये, कॉरपोरेशन बैंक ने 125 मामलों में 4,816.60 करोड़ रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 900 मामलों में 3,993.82 करोड़ रुपये, आंध्रा बैंक ने 115 मामलों में 3,462.32 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 413 मामलों में 3,391.13 करोड़ रुपये, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया ने 87 मामलों में 2,679.72 करोड़ रुपये, इंडियन बैंक ने 225 मामलों में 2,254.11 करोड़ रुपये और पंजाब एंड सिंध बैंक ने 67 मामलों में 397.28 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की जानकारी दी।

बहरहाल, रिजर्व बैंक की ओर से आरटीआई के तहत मुहैया करायी गई जानकारी में बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों की प्रकृति और छल के शिकार तत्कालीन 18 सरकारी बैंकों या उनके ग्राहकों को हुए नुकसान का विशिष्ट ब्योरा नहीं दिया गया है। गौरतलब है कि गुजरे बरसों में सिलसिलेवार एकीकरण के बाद देश में सरकारी क्षेत्र के बैंकों की संख्या फिलहाल 12 रह गई है।

जियो 4जी डाउनलोड स्पीड में फिर अव्वल

मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने जून माह में औसत 4जी अपलोड गति में अन्य कंपनियों को काफी पीछे छोड़ते हुए अपनी बादशाहत को बरकरार रखा।

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोविड-19 की वजह से देश में लॉकडाउन से दूरसंचार कंपनियों की नेट स्पीड पर भी खासा असर पड़ा था। मार्च और अप्रैल में नेट स्पीड में कमी दर्ज करने के बाद, मई में थोड़ी स्थिरता आई और अब टेलीकॉम कंपनियों की स्पीड फिर बढ़ने लगी है। भारतीय दूरसंचार नियायक प्राधिकरण (ट्राई) के जून माह के आंकड़ों पर नजर डाले तो रिलायंस जियो एक बार फिर औसत 4जी डाउनलोड स्पीड में अव्वल साबित हुई है। जियो की औसत डाउनलोड स्पीड 16.5 एमबीपीएस मापी गई। जियो की स्पीड लगातार तीसरे महीने बढ़ी है, मई माह में यह 14.1 एमबीपीएस और अप्रैल में 13.3 एमबीपीएस थी। रिलायंस जियो लंबे अर्से से लगातार नंबर वन 4जी ऑपरेटर बना हुआ है। दूरसंचार क्षेत्र की अन्य कंपनियां जियो से इस मामले में बहुत पीछे हैं। ट्राई के अनुसार जून में भारती एयरटेल के प्रदर्शन में मामूली सुधार देखा गया। एयरटेल की औसत 4जी डाउनलोड स्पीड मई के 7.0 एमबीपीएस के मुकाबले जून में 7.2 एमबीपीएस रही हालांकि यह जियो के मुकाबले आधे से भी कम है। वोडाफोन और आइडिया सेल्युलर के कारोबार का हालांकि विलय हो चुका है और अब वोडाफोन आइडिया के रूप में काम कर रहे हैं किंतु ट्राई दोनों के आकंड़े अलग अलग दिखाता है।

न्यूज गैलरी

स्वदेशी सोशल मीडिया नेटवर्क गोलबोल से जुड़े 10 लाख यूजर

नई दिल्ली (वार्ता)। चीनी के सोशल मीडिया ऐप को देश में प्रतिबंधित किये जाने के बाद से स्वदेशी प्लेटफॉर्मों के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ा है और इसी क्रम में सोशल मीडिया नेटवर्क गोलबोन के 10 लाख से अधिक यूजर जुड़े हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि दिसंबर 2019 में शुरू हुए इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य लोगों को एक जैसी रुचि, आस्था और समानता वाले लोगों को वर्चुअल वर्ल्ड में भी प्रासंगिक और अर्थपूर्ण रिश्ते बनाने में मदद करना है। यह एक सुरक्षित जगह है, जहां लोग खुलकर अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं। इसमें यूजर अपने अनुभव और विचार साझा कर सकते हैं और एक-दूसरे से बेहतर रिश्ते बना सकते हैं।

हिंदी में उपलब्ध होने के साथ ही यह ऐप सोशल मीडिया और भारतीय यूजर के बीच के अंतर को कम करने का कार्य करेगा, ताकि लोग आपस में जुड़ सकें।

स्थिर बंद हुआ रुपया

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही नरमी और कच्चे तेल में तेजी के मिलेजुले असर से रुपया गुरुवार को लगातार दूसरे दिन 74.75 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ।

अंतरबैंकिंग मुद्रा के शुरुआती कारोबार में रुपये में तेजी रही। यह 10 पैसे की मजबूती के साथ 74.65 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में रही नरमी से समर्थन पाता हुआ यह 74.52 रुपये प्रति डॉलर तक चढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी से बाजार में डॉलर की माँग बढ़ी और बाद के कारोबार में रुपया 74.87 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। अंत में यह गत दिवस के ही 74.75 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर रहा।

ऊबर की 20,000 कारों में सेफ्टी कॉकपिट

नई दिल्ली (वार्ता)। ऐप आधारित टैक्सी सेवा प्रदाता कंपनी ऊबर ने कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर राइडररों एवं ड्राइवरों की सुरक्षा के लिए 20,000 प्रीमियर सेडान कारों में सेफ्टी स्क्रीन या सेफ्टी 'कॉकपिट' इन्सटॉल करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि 8000 कारों में इस तरह के कॉकपिट फिट कर चुका है। इसकी लागत का भारवहन ऊबर द्वारा किया जा रहा है और उसे ड्राइवरों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा अन्य प्रोडक्ट कैटेगरीज़ में बड़े पैमाने पर तुरंत ये सेफ्टी कॉकपिट लगाए जा रहे हैं। सेफ्टी कॉकपिट, एक आधुनिक एवं सुरक्षात्मक पारदर्शी प्लास्टिक स्क्रीन होती है, जिसे यात्री और ड्राइवर के बीच कार में छत से फर्श तक लगाया जाता है।

देशों की संप्रभुता के प्रति डिजिटल प्लेटफॉर्म हो जिम्मेदार : प्रसाद

नई दिल्ली (वार्ता)। संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आज डेटा से जुड़े मुद्दों पर जोर देते हुये कहा कि लोगों की डेटा गोपनीयता की रक्षा और सुरक्षा करना देशों का संप्रभु अधिकार है।

श्री प्रसाद ने जी 20 डिजिटल इकोनॉमी मंत्रियों की वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि भारत में शीघ्र ही कठोर निजी डेटा सुरक्षा कानून लागू होने जा रहा है जो नःन सिर्फ डेटा गोपनीयता की समस्या को दूर करेगा बल्कि नवाचार और आर्थिक विकास के लिए डेटा की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म कई देशों में मौजूद होते हैं इसके मद्देनजर उनको विश्वसनीयता , सुरक्षा होनी चाहिए। उन्होंने डिजिटल मंत्रियों से कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म जो पूरी दुनिया में कहीं भी है उनको संबंधित देश के प्रति जबावदेह और जिम्मेदारी होनी चाहिए तथा देशों की संप्रभुता के साथ ही रक्षा , गोपनीयता और लोगों की सुरक्षा को भी ध्यान में रखना चाहिए। कोरोना वायरस के मद्देनजर उन्होंने कहा कि वैश्विक आपूर्ति चेन सुनिश्चित की जानी चाहिए।

फ्लिपकार्ट ने पेश किया नया डिजिटल बाजार होलसेल

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट समूह ने गुरुवार को देश के 650 अरब डॉलर के थोक कारोबार बाजार में उतरने के लिए नए डिजिटल बाजार 'फ्लिपकार्ट होलसेल शुरू करने की घोषणा की। साथ ही कंपनी ने वॉलमार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीदी है। वॉलमार्ट इंडिया देश में 'बेस्ट प्राइस नाम से थोक दुकानों का परिचालन करती है। अभी इसके देशभर में 28 स्टोर हैं। फ्लिपकार्ट की ओर से यह घोषणा ऐसे समय की गयी है जब कंपनी ने हाल ही में वॉलमार्ट के नेतृत्व वाले निवेशकों के समूह से 1.2 अरब डॉलर का निवेश जुटाया है। हालांकि फ्लिपकार्ट ने वॉलमार्ट इंडिया के अधिग्रहण सौदे के मूल्य का खुलासा नहीं किया है। गौरतलब है कि वॉलमार्ट इंडिया, दुनिया की सबसे बड़ी खुदरा कारोबार कंपनियों में से एक वॉलमार्ट के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। वहीं फ्लिपकार्ट में 77 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए वॉलमार्ट ने 2018 में 16 अरब डॉलर का निवेश किया था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि फ्लिपकार्ट होलसेल एक बी2बी (कंपनियों के बीच आपस में कारोबार) डिजिटल बाजार होगा। फ्लिपकार्ट अगस्त में इसका परिचालन शुरू करेगी। कंपनी ने कहा कि यह देश के खुदरा बाजार की जान किराना और लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देगा। कंपनी छोटे कारोबार क्षेत्र को उचित मूल्य पर उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला में से चुनने का अवसर प्रदान करेगी।

रमीसर्कल ने अपना गेम दिखाओ कैंपेन के साथ भारत को ऑनलाइन रमी खेलने का आमंत्रण दिया

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों में से एक, गेम्स 24'7 ने अपने रमी प्लेटफॉर्म रमीसर्कल के लिए नया मार्केटिंग कैंपेन-अपना गेम दिखाओ÷ लॉन्च किया है। इस नए मार्केटिंग कैंपेन का उद्देश्य खिलाड़ियों में खेल की हल्की-फुल्की प्रतिस्पर्धा को उभारना है यह कैंपेन देश भर के खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म को जॉइन करने और अपनी रमी स्किल्स दिखाने के लिए आमंत्रित करता है। रमीसर्कल गेम्स 2437 के स्किल गेम्स (रमीसर्कल और फैंटेंसी स्पोटर्स प्लेटफॉर्म माई 11सर्कल) और कैजुअल गेम्स के पूरे गेमिंग पोर्टफोलियो का फ्लैगशिप प्रॉडक्ट है रमीसर्कल को 2009 में लॉन्च किया गया था और यह इस समय भारत का सबसे लोकप्रिय ऑनलाइन स्किल गेमिंग प्लेटफॉर्म है।

ब्रैंड को स्थापित करने वाले इस नए कैंपेन में बेशुमार भावनाओं को पिरोया गया है, जो इस गेम को ऑनलाइन खेलते समय रमी खेलने वाले खिलाड़ी के मन में रहती है। जिंदगी को नाटकीय अंदाज में पेश करने वाले फॉर्मेट के माध्यम से यह ब्रैंड फिल्म रमी सर्कल की ओर से ऑफर की जाने वाली मौज-मस्ती, मनोरंजन और ऑनलाइन गेम खेलने के मजेदार अहसास की पूरी तरह अपने में समेटे हुए हैं।

गेम्स 2437 में ब्रैंड और मार्केटिंग स्ट्रेटिजी के डायरेक्टर अविक दास कानून गो ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा भारत में मोबाइल गेमिंग का कॉन्सेप्ट लाने में सबसे महत्वपूर्ण और अग्रणी भूमिका निभाने वाली कंपनियों में से एक के तौर पर हमारा मकसद जबर्दस्त मनोरंजन करने वाले प्रतिस्पर्धी स्किल गेम के रूप में रमी की लोकप्रियता को स्थापित करना है हमने देश में इस खेल के लिए खिलाड़ियों की दिलचस्पी में लगातार बढ़ोतरी होते देखी है दक्षिण भारत के मार्केट में एक कैटिगरी के रूप में ऑनलाइन रमी काफी लोकप्रिय है हमने रिसर्च में यह पाया है कि देश के दूसरे हिस्सों में खिलाड़ियों की इस गेम में दिलचस्पी बढ़ती जा रही है।

दलाल स्ट्रीट

सेंसेक्स गत दिवस की गिरावट से उबरता हुआ आज 268.95 अंक यानी 0.71 प्रतिशत चढ़ा

सेंसेक्स 38 हजार अंक के पार

मुंबई (वार्ता)। बीएसई का सेंसेक्स गत दिवस की गिरावट से उबरता हुआ आज 268.95 अंक यानी 0.71 प्रतिशत चढ़कर 38,140.47 अंक पर पहुँच गया। सेंसेक्स 05 मार्च के बाद पहली बार 38 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.85 अंक की तेजी के साथ 11,215.45 अंक पर रहा। एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच बाजार की शुरुआत गिरावट में हुई, लेकिन कुछ देर बाद ही यह हरे निशान में लौट आया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम बढ़ने से ऊर्जा क्षेत्र में सबसे अधिक तेजी देखी गई। इसके साथ यूरोपीय बाजारों की तेजी से भी घरेलू बाजारों को समर्थन मिला। रिलायंस इंडस्ट्रीज,

आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक की बाजार की बढ़त में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सेंसेक्स में स्टेट बैंक का शेयर सवा तीन फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के करीब तीन फीसदी तथा टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और आईटीसी के शेयर दो फीसदी से अधिक लुढ़क गये। एक्सिस बैंक में करीब चार प्रतिशत की गिरावट रही। आईटी, टेक और दूरसंचार समूहों में गिरावट रही।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। बीएसई का मिडकैप 0.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,783.29 अंक पर और स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत चढ़कर 12,996.12 अंक पर बंद हुआ। एशिया में जापान का निक्की 0.58 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.56 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.24 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.82 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में तेजी रही। शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.62 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.54 प्रतिशत मजबूत हुआ।

सेंसेक्स 56.60 अंक की मजबूती के साथ 37,814.92 अंक पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही 37,738.59 अंक के दिवस के निचले स्तर तक उतरने के बाद यह हरे निशान में लौट आया। बीच कारोबार में 38,225.03 अंक के दिवस के उच्चतम स्तर से होता हुआ अंत में यह गत दिवस की तुलना में 0.71 प्रतिशत ऊपर 38,140.47 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 2,812 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,453 में लिवाली और 1,205 में बिकवाली का जोर रहा जबकि शेष 154 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुये। निफ्टी 2.40 अंक की तेजी के साथ 11,135 अंक पर खुला। यह ऊपर 11,239.80 अंक तक और नीचे 11,103.15 अंक तक गया।

कोरोना काल में पुरानी कारों की मांग बढ़ी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की नेक्सा ने अपने परिचालन के पांच साल पूरे करने और11 लाख से अधिक नेक्सा बेचने की खबरों के बीच बड़ी खबर ये है कि कोरोना की वजह से सेकेंड हैंड कारों के दिन लौट आए हैं। पुरानी या सेकेंड हैंड यात्री कारों के बाजार में तेजी से सुधार हो रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल अप्रैल-जुलाई की अवधि में पुरानी कारों के बाजार ने वृद्धि दर्ज की है। वहीं इस महीने ऐसे वाहनों की मांग फरवरी की तुलना में 25 प्रतिशत बढ़ी है। पुराने सामानों की बिक्री के उपभोक्ता-से-उपभोक्ता मार्केटप्लेस ओएलएक्स के अनुसार जुलाई में पुरानी कारों में सबसे अधिक मांग सेडान की रही है। उसके बाद एसयूवी और हैचबैक का नंबर आता है। ओएलएक्स के 'ऑटो नोट के चौथे संस्करण में कहा गया है कि जहां तक उपभोक्ता धारणा की बात है। इस सर्वेक्षणक्षण में 55 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अगले छह माह में अपने निजी वाहन के इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं। इस मांग में गैर-महानगरों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेकेंड हैंड वाहनों की मांग बढ़ने की एकमात्र वजह साफ-सफाई को लेकर चिंता ही नहीं है, बल्कि अब लोगों का निजी वाहन खरीदने का बजट भी कम हो गया है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार मात्रा के हिसाब से पुरानी कारों का बाजार नई कारों की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि अब साफ-सफाई की चिंता की वजह से कैब सेवाओं सहित सार्वजनिक परिवहन को लेकर प्राथमिकता घटी है।

आज का भविष्यफल

मेषः मेष राशि के जातक आज धन कमाने के नए आइडिया पर काम करेंगे। इस समय तरक्की पूरी तरह आपके प्रयासों पर निर्भर है। इस समय आपको भाग्य का भी संपूर्ण सहयोग मिलेगा।

वृषभः वृष राशि के रिसर्च क्षेत्र से जुड़े हुए जातकों के लिए बहुत ही अच्छा दिन है, चीजों को गहराई से समझने की क्षमता कामयाबी के नए रास्ते खोलेगी। आर्थिक दृष्टिकोण से भाग्यशाली दिन है। सोच-समझकर किए गए निवेश से भी धन लाभ का योग बनता है।

मिथुनः मिथुन राशि के जातक कार्यक्षेत्र में बहुत मेहनत के साथ कार्य करेंगे। लेकिन फिर भी मन मुताबिक संतुष्टि नहीं मिलेगी। आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा समय है।

कर्कः कर्क राशि के जातकों का सारा फोकस पारिवारिक रिश्तों को सुधारने पर रहेगा। जिस कार्य में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता का योग बनता है। आज धन संचित करने पर फोकस करेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से समय अच्छा है, आपकी मेहनत का फल तुरंत ही मिल जाएगा।

सिंहः सिंह राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में बहुत मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी। अधीनस्थ कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर धन खर्च का योग भी बनता है।

कन्याः कन्या राशि जातकों के कार्यक्षेत्र में कुछ रुकावट आने की संभावना है। मतिभ्रम से गलती हो सकती है। मन को शांत रखने के लिए गहरी लंबी सांस लेने का बीच-बीच में अभ्यास करते रहें।

तुलाः तुला राशि जातकों के कार्यक्षेत्र के लिए अच्छा दिन है। प्रतिद्वंद्वियों को परास्त करने में कामयाब रहेंगे। मेहनत के अनुरूप धन प्राप्ति की अच्छी संभावनाएं बनती हैं, यश मिलेगा।

वृश्चिकः वृश्चिक राशि के जातकों के लिए बहुत ही अच्छा दिन है जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। आज फालतू के वाद-विवाद में ना पड़े जितना ज्यादा हो सके अपने काम से काम रखें। आपको फायदा होगा।

धनुः धनु राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में रचनात्मक क्षमता का लाभ मिलेगा। पार्टनरशिप को लेकर भ्रमित रहेंगे, स्थान परिवर्तन की संभावना बनती है।

मकरः मकर राशि के जातक आज अपने चिंतन में लगे रहेंगे, कुछ फालतू के भय मन को परेशान कर सकते हैं। कामकाज के लिए अच्छा दिन है। आसानी से काम पूरे हो जाएंगे।

कुंभः कुंभ राशि के जातकों के लिए बहुत अच्छा दिन है, मन शांत रहेगा। सभी सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी और काम आसानी से बन जाएंगे, पार्टनरशिप में संभलकर व्यवहार करें, धन प्राप्ति की भी अच्छी संभावनाएं बनती हैं।

मीनः मीन राशि के जातकों का कामकाज के लिए अच्छा दिन है। अपने काम पर फोकस करें तो ठीक रहेगा वरना विरोधी आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे। धन प्राप्ति की अच्छी संभावनाएं बनती हैं, जो भी खर्च करेंगे वह आगे जाकर लाभदायक सिद्ध होगा।

सू- दोकू क्र.092

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कलम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.91 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1

शब्द सामर्थ्य -092

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 91 का हल

धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

21 सदस्यीय टीम ने तीन दिन में की 3000 से ज्यादा सैंपल की मलेरिया जांच की

नव प्रदेश संवाददाता

बस्तर। कभी मीलों पैदल चले, तो कभी ट्रेक्टर पर बैठे, उबड़ खाबड़ रास्ते में गिरे तो कहीं धूल में कपड़े सने, कहीं बारिश में पूरी तरह भीगे लेकिन गीले कपड़ों में ही पहुंच गए सुकमा जिले के सुदूर अंचलों में। अक्सर शरीर के ताप से ही कपड़े सूख जाते है या कभी गीले कपड़ों में ही पूरे गांव की मलेरिया जांच करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर अंचलों में लोगों के द्वार तक पहुंचाया।

खंड चिकित्सा अधिकारी कोंटा डॉ. कपिल देव कश्यप के नेतृत्व में सुकमा जिले के सुदूर अंचलों के घोर नक्सल प्रभावित - तिमापुरम, मोरपल्ली, किस्टाराम, पोलमपाड़, बोड़केल, रावगुड़ा और चिंतागुफा में घर - घर जाकर मलेरिया की जांच करके अपने सामने दवा खिलाकर ही उपचार शुरू करते है।

सीएमएचओ सुकमा डॉ. सी बी प्रसाद बंसोड़ ने कहा मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के प्रथम चरण में 2.86 लाख लोगों का टेस्ट किया गया था जिसमें 16,599 लोग पॉजिटिव आए थे। उन सभी का फॉलोअप के बाद स्लाइड टेस्ट किया गया, जिसमें 550 पॉजिटिव आए और उन सभी का पूर्ण उपचार भी किया गया। वहीं अभियान के द्वितीय चरण में भी 2.86 लाख लोगों का टेस्ट करने का लक्ष्य रखा गया है। 21 जुलाई तक लगभग 2.34 लाख लोगों तक पहुंचा गया है जिसमें 3,723 लोग पॉजिटिव आए है जो पूर्व की तुलना में काफी कम हैं।

55 की रिपोर्ट आई पॉजिटिव

इसके बाद सामान्य क्षेत्र में लोगों का रक्त परीक्षण उपचार की गतिविधियां सम्पन्न होगी। डॉ. कश्यप ने कहा मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का द्वितीय चक्र में 21 सदस्यीय टीम के साथ सुकमा जिले के सुदूर अंचलों के जगरगुंडा क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों जैसे तिमापुरम, मोरपल्ली, किस्टाराम, पोलमपाड़, बोड़केल, रावगुड़ा और चिंतागुफा के पालामड़गू में घर घर जाकर 3 दिनों में लगभग 3000 से अधिक लोगों की मलेरिया की जांच की गयी। इसमें 55 लोगों को मलेरिया के लक्षण पाये गये थे जिनका उपचार शुरु किया गया है। गर्भवती महिलाओं की मलेरिया की जांच, हिमोग्लोबिन जांच, टीकाकरण , वज़न , मच्छरदानी की उपलब्धता एवं अन्य मरीजों का इलाज भी किया गया। टीम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके के डॉ. वेद साहू, ग्रामीण चिकित्सा सहायक आरएमए मुकेश बख्शी, युवराज साहू और यूनिसेफसे आदर्श कुमार के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य साथी भी थे।

आप हमेशा आते रहिए : ग्रामीण

पोलमपाड़ के निवासी हिंगा (बदला हुआ नाम) बताते हैं उनका क्षेत्र काफी दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में है जहाँलोग दवाई से ज्यादा झाड़-फूंक में विश्वास करते हैं। लोगों को मलेरिया जुड़ी बुखार जब होता है तो वह स्थानीय बैगा से झाड़-फूंक करवाते हैं। जब हालत ज़्यादा नाज़ुक हो जाती है तब स्वास्थ्य केंद्र पर जाते हैं।मलेरिया से बचने के लिए सरकार द्वारा चलाया जा रहा मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान कार्यक्रम बहुत अच्छा है। हम तो स्वास्थ्य कर्मियों से यही कहेंगे आप लोग हमेशा यहाँ आते रहा करिए उसने कहा।

तीन चरणों में अभियान : डॉ. कश्यप

खंड चिकित्सा अधिकारी कोंटा डॉ. कपिल देव कश्यप ने बताया मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का द्वितीय चक्र तीन चरणों में चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में बरसात में सम्पर्क बाधित हो जाने वाले क्षेत्र में आर.डी. किट से सभी लोगों के रक्त की जांच और सकारात्मक लोगों का पूर्ण उपचार 15 जून से 30 जून तक सम्पन्न किया गया है। उसके बाद 1 जुलाई से 31 जुलाई तक ऐसे क्षेत्र जहाँ मलेरिया बुखार के प्रकरण अधिक पाये गये हैं। उन क्षेत्रों में सभी लोगों के खून की जांच से की जायेगी। साथ ही पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जायेगा।

फ्लोराइड प्रभावित गांवों में लगे 180 रिमूवल प्लांट हो गए जाम

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। बारिश के चलते भूमिगत जलस्त्रोत ऊपर उठने लगा है। गर्मी में बंद हो चुके हैंडपंप से मटमैला पानी निकलने लगा है। फ्लोराइड प्रभावित जल स्त्रोतों में लगाए गए 500 रिमूवल प्लांट में से 180 से भी अधिक की सिस्टम जाम होने के कारण उपयोगिता फेल है। ग्रामीण शुद्ध पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। फ्लोराइड नियंत्रण के लिए जामबहार स्कूल में लगाया गया प्लांट टूट चुका है, वहीं ग्राम रोगबहरी और सोनपुरी में लगाए गए प्लांट ब्लॉक हो चुका हैं। नकटीखार में रिमूवल प्लांट हैंडपंप किनारे अनुपयोगी पड़ा हुआ है। नियमित सफाई नहीं किए जाने कारण स्थानीय लोगों को अब फ्लोराइडयुक्त पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल प्रदाय योजना में अपेक्षित सुधार कार्य नहीं होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित है। इससे भी बढ़कर पानी में फ्लोराइड व आयरन की अधिकता लोगों के लिए घातक साबित हो रही है। फ्लोराइड की रोकथाम के लिए जिले में अब तक 500 से भी अधिक रिमूवल प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। समय रहते प्लांट की सफाई नहीं करने से जल प्रदाय प्रभावित हो रहा है। ग्राम जामबहार स्कूल में लगाया गया रिमूवल प्लांट टूट चुका है। लिहाजा यहां के बच्चे अब बगैर रिमूवल प्लांट वाले फ्लोराइडयुक्त पानी पीने को मजबूर हैं। इसी तरह ग्राम सोनपुरी में भी लगे रिमूवल प्लांट चोक होने की स्थिति में आ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नियमित सफाई नहीं किए जाने के कारण हैंडपंप से पर्याप्त पानी नहीं निकलता। प्रभावित 41 नलकूपों को विभाग से बंद तो किया जा रहा है, किंतु पानी की समस्या के कारण लोगों को उपयोग में लाने की मजबूरी बनी हुई है। फ्लोराइड प्रभावित पानी पीने से अस्थि बाधित लोगों की तादाद बढ़ने लगी है। खासकर पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम फूलझर में प्रत्येक दस में सात लोग अस्थि रोग से पीड़ित हैं। इसका असर न केवल बड़े-बुजुर्गों पर है, बल्कि नौनिहालों पर भी देखा जा सकता है। रोग के प्रभाव से बच्चों के दांत टेढ़े-मेढ़े व काले पड़ रहे हैं। इस आशय की प्रशासन को जानकारी होने के बाद भी स्थाई निदान के लिए पहल नहीं की जा रही है।

निकल रहा गंदा पानी

फैक्ट फाइल

कुल हैंडपंप की संख्या- 15,234
फ्लोराइड प्रभावित- 1,844
रिमूवल प्लांट- 500
बारिश के मटमैला पानी से जाम- 180

क्लोरीनीकरण के दावे

पीएचई विभाग से हैंडपंप सहित अन्य जल स्त्रोतों पर क्लोरीनीकरण पूर्ण करने के दावे किए जा रहे हैं। रिमूवल प्लांट की उपयोगिता नहीं होने से शुद्ध पेयजल की समस्या बनी हुई है। पीएचई व स्वास्थ्य विभाग से पंचायतों में भी क्लोरीन लिक्विड का आवंटन नहीं किया गया है। क्लोरीनीकरण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता नहीं होने के कारण खुले स्त्रोत से पानी की उपयोगिता से डायरिया जैसी बीमारी की संभावना बनी हुई है।

स्वच्छता के प्रति नहीं जागरूकता

जल स्वच्छता जागरूकता अभियान के लिए विभाग में मद जारी होने के बाद भी उपयोगिता पर जोर नहीं दिया जाता। जल स्त्रोत स्थल में स्वच्छता नहीं होने के कारण भी बीमारी का सबब बना हुआ है। हैंडपंप उत्खनन के बाद सीमेंट का बंधान नहीं बनाए जाने से अनेक स्थानों में गंदे जल का भूमिगत होना समस्या का सबब बना हुआ है। आम लोगों में जल स्वच्छता के प्रति जागरूकता की कमी देखी जा रही है।

कमरो ने 83 लाख 55 हजार के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

■ नगर पंचायत नई लेदरी, में 77 लाख 55 हजार के विभिन्न कार्यों का किया भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

मनेंद्रगढ़- सविप्रा उपाध्यक्ष विधायक गुलाब कमरो ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत सेमरा में 6 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, तद उपरांत विधायक नगर पंचायत नई लेदरी पहुचे जहां वार्ड क्रमांक 08 में विधायक निधि से 3 लाख लागत से बनने वाले गणेश पंडाल में शेड निर्माण का भूमिपूजन किया। इसी दौरान वार्ड क्रमांक 8 में ही सरगुजा विकास प्राधिकरण से 3 लाख की लागत से बनने वाले शेड का भी भूमिपूजन किया , इसके बाद विधायक गुलाब कमरो ने पौनी पसारी निर्माण कार्य 27 लाख की लागत से तथा 15 लाख की लागत बनने बाले गौठान का भूमिपूजन किया, इसके अतिरिक्त विधायक ने 29 लाख की लागत से बनने वाले सीसी सड़क का भी भूमिपूजन किया ।

क्षेत्र को लगातार मिल रही सौगात

कोरोना संकट के बाद भी क्षेत्र को लगातार सौगाते मिल रही है इससे विधायक की क्षेत्र के प्रति सक्रियता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है, लगातार मिल रही सौगातों से स्थानीय जनो व विधानसभा क्षेत्र वासियो में हर्ष का माहौल है, सोनहत मनेन्द्रगढ़ केल्हारी जनकपुर रामगढ़ खूँगापानी लेदरी व अन्य क्षेत्रों में लगातार विकास कार्यो को स्वीकृति मिल रही है और लोगो को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है।

1 करोड़ 85 लाख के कार्य प्रगति पर

वर्तमान में नगर पंचायत नई लेदरी में विधायक गुलाब कमरो के प्रयासों से स्वीकृत 1करोड़ 85 लाख के कार्य प्रगति पर है , जो आने वाले समय मे क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करेंगे

लाखों खर्च, एक माह नहीं रुक सका एनीकट में पानी!

नव प्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले मे जल संसाधन विभाग किसी न किसी मामले को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता हैं क्योंकि बताया जा रहा है कि यहाँ जिम्मेदारों को विभागीय कार्यो को भी अपने चहेतों के माध्यम से कराने में महारथ हासिल है। भले ही लाखो की लागत से होने वाले निर्माण कार्य मे गुणवत्ता न रहे। गुणवत्ता की अनदेखी कर किस तरह निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा वह नव निर्मित एनिकट के कटाव को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि पहली ही बरसात का पानी नव निर्मित एनीकट में नही रुक सका जब कि मुख्यालय में बैठे अधिकारी ने इसका पूरा भुगतान भी कर दिया जब कि कार्य को पूर्ण हुए कुछ माह ही हुए हैं। ऐशा ही ताजा मामला मनेन्द्रगढ़ के जल संसाधन विभाग में देखने मिला जहा एनीकट के रिटर्निंग वाल की बगल की मिट्टी का ही कटाव हो गया जिससे इस वर्ष इस एनीकट में पानी रुकना किसी चमत्कार से कम नही वही मुख्यालय में बैठे अधिकारी तेज बारिश का हवाला देकर इस मुद्दे से अपना पल्ला झाड़ रहे ।

मिली जानकारी अनुसार कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ सब डिवीजन अंतर्गत काली मंदिर के समीप 40 लाख की लागत से बना हसिया नदी में एनीकट एक साल भी नही टिक सका।पहली बारिश में ही मिट्टी भरभरा के बह गया। जिससे क्षेत्र में अधिकारियों की कार्यशैली भी उजागर हो रही हैं। जब कि हसिया नदी पर बने इस एनीकट में जानकारों का मानना है कि टेक्निकल मापदंडो का पालन ही नही किया गया वही उक्त कार्य अधिकारियों ने विभागीय बता कर अपने चहेतों को दे दिया जिन्होंने अधिकारियों के न आने के कारण नियमो की ही अनदेखी कर दी वही जिस जगह पर भारी भरकम राशि से एनीकट बनाया गया है।यहां पर लंबाई व जलभराव की स्थिति में तय मापदंडों का उपयोग नही करते हुए सीधे तौर पर अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य मे पानी की तरह लाखों रुपये बहाया गया है।जिसका ही परिणाम है कि पहली ही बारिश में एनीकट में पानी का ठहराव न हो सका।

अब मिट्टी का कटाव भी हो रहा

वही चालीस लाख की लागत से बने इस एनीकट के आस पास जल भराव के कारण अब मिट्टी का कटाव भी हो रहा है। जिससे यहां से गुजरने वाले लोगो के लिए खतरा भी बना हुआ है। विभागीय जानकारी के अनुसार 40 लाख के इस हसिया नदी के एनीकट निर्माण में लगभग 38 लाख रुपये खर्च हो चुके है।जिसमे 2 लाख रुपये बचे हुए है।जिससे बहे एनीकट की मरम्मत कराने की बात मुख्यालय में बैठे अधिकारी द्वारा कही जा रही है।जबकि मनेन्द्रगढ़ के हसिया नदी में बने इस एनीकट के अगल बगल तेज़ बहाव के कारण भू स्खलन भी लगातार हो रहा है। इस ओर विभागीय अधिकारी भी महज़ खाना पूर्ति करते हुए सुरक्षा के लिहाज से कोई कारगर कदम नही उठाया जा रहा है। जिससे कही न कही उक्त कार्य के पूर्ण व भुगतान को लेकर भी सवाल उठना लाजमी हैं ।

> मेरी पोस्टिंग हाल ही में यहाँ हुआ है जबकि उक्त कार्य मेरे पदस्थापना से पूर्व ही पूर्ण हो चुका था। इसका रिकार्ड भी मुझे नही मिला है। इस संबंध में मुख्यालय के उच्च अधिकारी ही स्पष्ट बता पायेंगे।
>
> **- एके पाण्डेय** ,एसडीओ जल संसाधन विभाग मनेंद्रगढ़

> उक्त कार्य मेरे कार्यकाल में जिला खनिज न्यास से स्वीकृत कराया गया था किंतु अधिकारियों ने कार्य निविदा से न कराकर जनप्रतिनिधियों को दे दिया जिनका बिल भी लगा है। जिस कारण गुणवत्ता की अनदेखी के कारण नव निर्मित एनीकट पहली ही बरसात में धरासायी हो गया, जहां जनप्रतिनिधियों को बचाने अब तक जांच का निर्देश भी नहीं दिया गया ।
>
> **-श्याम बिहारी जायसवाल,** पूर्व विधायक मनेन्द्रगढ़

कुसमुंडा खदान में भू-स्खलन से ठेका कामगार की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल के कुसमुंडा खदान में गुरुवार की सुबह भारी बारिश के कारण भू-स्खलन से एक ठेका कामगार की मलबे में दब कर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पांच अन्य बाल-बाल बच गये। घटना की सूचना पुलिस व प्रबंधन को दिए जाने पर उसके अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और मलबे में दबे मजदूर को बाहर निकालने प्रयास में जुट गए है। लेकिन अब तक उसे बाहर नहीं निकाला जा सका है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह घटना कुसमुंडा खदान के क्वारी नंबर एक के पास आज सुबह 6 बजे के लगभग घटित हुई जिसमें बरमपुर निवासी सुरेश महंत उम्र 25 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि सुरेश महंत, केदार सिंह नामक एक ठेकेदार के अंडर काम करता है। ठेकेदार ने उसकी व पांच अन्य की ड्युटी पानी निकासी के लिए लगे यहां एक मोटर पंप की देख रेख के लिए लगाई गई थी। सुरेश महंत व उसका साथी किसी अनहोनी से अनजान अपने कामों में लगा हुआ था। बारिश के पानी का दबाव बढने् से मोटर पंप का पाईप फट गया तथा बड़ी मात्रा में पंप व बारिश का पानी भर गया। पानी भरने से खदान के एक हिस्से का मिट्टी एकाएक धंस गया, जिससे सुरेश महंत इसकी चपेट में आ गया। जबकि उसका पांच साथी किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। मलबे के नीचे दबने से सुरेश की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सुबह सबेर घटित इस घटना की सूचना तत्काल प्रबंधन को दी गई। जिस पर उसके अधिकारी मौके पर पहुंचे और मिट्टी में दबे कामगार के परिजनों तथा पुलिस को घटना की जानकारी देने के साथ ही मौके पर बचाव एवं राहत कार्य शुरू कराया। जानकारी होने पर दर्री सीएसपी श्री सिन्हा भी मौके पर पहुंचे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक मिट्टी में दबे कामगार के शव को बाहर नहीं निकाला जा सका है। दमकल विभाग द्वारा मिट्टी को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। इससे पहले भी मंगलवार को एसईसीएल कुसमुंडा खदान में श्यामलाल नामक एक ठेका कर्मी की उस समय मौत हो गई थी जब यहां कोल स्टाप में लगे आग को बुझाने के काम में लगा हुआ था। ठेका कर्मी की अचानक हुई मौत से यहां हडक़ंप मच गया था।

पांच अन्य कर्मी बाल-बाल बचे

मजदूर-किसान संगठनों ने कोरबा में किया विरोध प्रदर्शन

किसानों ने लगाए 'कर्ज नहीं, कैश दो के नारे'

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। मजदूर-किसान संगठनों के देशव्यापी आह्वान पर गुरुवार को कोरबा जिले में भी अनेकों गांवों, मजदूर बस्तियों में केंद्र में मोदी सरकार की मजदूर-किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किये गए। और केंद्र और राज्य सरकार से किसान विरोधी, गांव विरोधी नीतियों को वापस लेने, गरीबों को खाद्यान्न और नगद राशि से मदद करने, कोयला और रेलवे सहित अन्य सार्वजनिक उद्योगों के निजीकरण पर रोक लगाने, मनरेगा में 200 दिन काम और 600 रुपये रोजी देने, मजदूर-किसान विरोधी अध्यादेशों और प्रशासकीय आदेशों को वापस लेने और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को सार्वभौमिक बनाने और सभी लोगों का कोरोना टेस्ट किये जाने की मांग जोर-शोर से उठाई गई। किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर ने बताया कि जिले में छत्तीसगढ़ किसान सभा के आह्वान पर 'कर्ज़ नहीं, कैश दो' और 'हम देश नहीं बिकने देंगे' के थीम नारे के साथ कोविद-19 प्रोटोकॉल के फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए खेतों और गांव की गलियों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किये गए।

7500 की मासिक मदद की भी मांग

किसान नेता ने कर्ज़ के बदले किसान और प्रवासी मजदूरों को कैश से मदद करने की मांग पर जोर देते हुए ग्रामीण परिवारों को अगले छह माह तक 7500 रुपये की मासिक नगद मदद देने, हर जरूरतमंद व्यक्ति को अगले छह माह तक 10 किलो खाद्यान्न हर माह मुफ्त देने, किसानों को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार सी-2 लागत मूल्य का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में देने, किसानों को बैंकिंग और साहूकारी कर्ज़ के जंजाल से मुक्त करने के साथ ही आदिवासियों और स्थानीय समुदायों को जल-जंगल-जमीन का अधिकार देने की मांग की। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की भी आलोचना की। कहा कि उसने राज्य को आबंटित अपर्याप्त खाद्यान्न का भी उठाव अभी तक नहीं किया है, गरीबों को मुफ्त चावल देने की योजना तो उसने बंद ही कर दी है।